रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ | RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com | रायपुर, शनिवार 18 मई 2024 | पृष्ठ-12 | वर्ष-08, अंक-265 | मूल्य 3.00 ₹

# परिवारवादी गठबंधन के नेताओं की नीति है फैमिली फर्स्ट : शाह

पायनियर संवाददाता ‹ अमेठी
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन परिवारवादी दलों का एक समूह है जिनकी नीति देश हित की बजाय परिवार के लोगों का भला करना है। पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये शाह ने कहा कि 70 सालों के लंबे इंतजार के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई।यदि ये इंडी गठबंधन वालेसत्ता में आए,तो फिर से मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे। उन्होने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन परिवारवादी सोच रखने वाले लोगों का गठबंधन है। लालू यादव अपने बेटे को, ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी उनके परिवार की सीट है, यह सीट किसी परिवार की नहीं, बल्कि रायबरेली और अमेठी के गरीब युवाओं की सीट है और जिसे रायबरेली व अमेठी की जनता चाहेगी वही चुनकर संसद जाएगा। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में परिवार की कोई सीट नहीं होती, जो संकट में साथ रहता है और विकास करता है वही सीट पर विजयी होता है। आज पूरे देश का मीडिया कह रहा है और यह तय है कि अमेठी में स्मृति ईरानी व रायबरेली में दिनेश प्रताप जीत कर दोनों सीटें नरेन्द्रमोदी की झोली में देंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षो से धारा 370 को संभाल कर रखा था लेकिन नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 जड़ से समाप्त कर दिया। कांग्रेस कह रही है कि वो धारा 370 को वापस लाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस देश से आतंकवाद को समाप्त किया है, सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर भाजपा सरकार ने आतंकवादियों का सफाया किया है जबकि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और इनके सहयोगी फारुख अब्दुला कहते हैं कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करो, क्योंकि कश्मीर के पास एटम बम हैं। उन्होने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को डरना है,तो डरे लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और भारत उसे वापस लेकर रहेगा। एक ओर नरेन्द्र मोदी हैं जिन पर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए चार आने के भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा, दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन है जिसने 12 लाख करोड़ के घोटाले-भ्रष्टाचार किए हैं। घमंडिया गठबंधन के नेताओं के घर से 350 करोड़ रुपए मिले, इन लोगों ने देश को लूटने का कार्य किया है। जिन-जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य नरेन्द्र मोदी सरकार करने वाली है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिये मोदी ने ढ़ेर सारे कार्य किए हैं, जिनमें 14 एक्सप्रेस-वे, 12000 किमी का हाइवे, प्रभु राममंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मेट्रो रेल, मेडिकल कॉलेज, मोबाइल निर्माण में योगदान 60 प्रतिशत, फिल्म सिटी, हैंडिक्राफ्ट पार्क, मेगाफूडपार्क, लॉजिस्टिकहब, ट्रांस गंगासिटी और गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क का निर्माण शामिल हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस के लोग जिसे परिवार की सीट कहते हैं वहां 70 सालों से कोई कलेक्टर ऑफिस भी नहीं था, लेकिन 2018 में कलेक्टर ऑफिस की नींव डालने का कार्य योगीआदित्यनाथ की सरकार ने किया।प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफियों और गुंडों को प्रदेश से चुन-चुन कर साफ करने का कार्य किया है।

## मोदी जरूर पार करेंगे 400 का आंकड़ा : शाह

**राउरकेला (ओडिशा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी इस बार लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा जरूर पार करेंगे। शाह ने ओडिशा की राउरकेला स्टील सिटी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि मोदी पहले ही 270 का आंकड़ा पार कर चुके हैं और जब देश में चुनाव खत्म होंगे तो आसानी से 400 का आंकड़ा पार कर जाएंगे। उन्होंने यह भविष्यवाणी भी की कि ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी 15 से अधिक लोकसभा सीटें और 75 विधानसभा सीटें जीतेगी, जिससे वह राज्य में नवीन पटनायक सरकार को हटाकर पार्टी की सरकार बनाने में सक्षम होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ओडिशा में इस बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक राज्य में कोई प्रगति करने में विफल रहे हैं और उसे नौकरशाह चला रहे हैं। ओडिशा में अधिकारी सरकार चला रहे हैं और लोगों से पूछा कि वे क्या चाहते हैं, राज्य की सरकार कोई उड़िया चलाये या कोई तमिल।

## क्विक न्यूज

### सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत, 21 को सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ 21 मई को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर संबंधित पक्षों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद प्रवर्तन निदेशालय को अगली सुनवाई से पहले सोमवार तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।



### केजरीवाल और आप के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दी गई याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मामले में वह ही आम आदमी पार्टी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करेगी। सुनवाई के दौरान एएसजी वी राजू ने दावा किया कि हवाला के जरिए पार्टी को पैसा भेजा गया। वहीं सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अगर आपके पास सबूत हैंलेकिन आम तौर पर जांच अधिकारी को तब तक गिरफ्तारी नहीं करनी चाहिए जब तक उसके पास 'दोषी' साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत न हों। यही मानक होना चाहिए।



### राह भटक गये हैं मोदीः खेड़ा

**मुंबई।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार अभियान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह अपना सम्मान खो चुके हैं और राह भटक गये हैं। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष खेड़ा ने मोदी के अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि इसमें मुद्दे और दिशा की कमी है। उन्होंने कहा कि मोदी को धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण करने की सख्त जरूरत है। खेड़ा ने यहां तिलक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी ने लोकसभा चुनाव के पिछले चार चरणों और पांचवें चरण के दौरान जब भी बोला है।



# भाजपा संविधान बदल देगी, आरक्षण खत्म कर देगी : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ‹ रायबरेली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की सरकार आने पर रायबरेली और अमेठी के विकास में बराबर की तवज्जो दी जायेगी। अमेठी संसदीय क्षेत्र के गौरीगंज-नंदमहर में गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा 'मैं आपका हूं,अमेठी का हूं, था और रहूंगा। मैं भले रायबरेली से सांसद बनूं लेकिन अमेठी मेरा परिवार है और हमेशा रहेगा। जो काम/योजना रायबरेली आयेगी वह अमेठी आयेगी ये मेरी गारंटी है। रायबरेली में अपनी मां सोनिया गांधी,बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और सहयोगी समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुये रायबरेली के कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि मोदी संभावित हार को देखकर इस कदर बौखलाये हुये हैं कि वे उनकी ही भाषा में भाषण दे रहे हैं। गांधी ने दावा किया वे जो चाहे मोदी से बुलवा सकते हैं। उन्होने एक बार फिर चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने में सफल होती है तो वे संविधान बदल देगी। आरक्षण खत्म कर देगी। सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में दे देगी और हर नागरिक के बोलने का अधिकार खत्म कर देगी। रायबरेली की पूर्व सांसद सोनिया गांधी ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा 20 साल तक एक सांसद के रूप में जो मुझे रायबरेली की जनता ने सेवा का मौका दिया है उसका ह्रदय से आभारी उसी तरह अमेठी की भी ह्रदय से आभारी हूँ इंदिरा गांधी के दिल मे भी रायबरेली से भावनात्मक लगाव था हमारे बच्चों के परिवार को यही शिक्षा दी गई है कि सबका आदर करो प्रेम करो लेकिन अन्याय का निडरतापूर्वक सामना करो और मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूँ। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे राहुल आपको निराश नही करेंगे। उधर गांधी ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की साथी है और इन्होने किसानों जवानों समेत सभी को धोखा दिया है। उन्होंने खुद की खटाखट, खटाखट शब्द की तुकबंदी करते हुए लोगो से कहा कि भाजपा को जनता हटा देगी फटाफट,फटाफट, फटाफट और व्यंग कसा कि जो कहते थे कि न खायेंगे न खाने देगे वह सब माल डकार गए है गटागट गटागट। इससे पहले अमेठी में उन्होने कहा अमेठी में पहली बार मैं अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी के साथ 42 साल पहले आया था। जब मैं 12 साल का बच्चा था। जो भी मैंने राजनीति में सीखा है, वो अमेठी की जनता ने मुझे सिखाया है।

## दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए मोदी सरकार जिम्मेदारः कांग्रेस

**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में करीब एक दर्जन बिजली स्टेशनों में मानकों की अनदेखी कर कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है और जन स्वास्थ्य पर हो रहे इसके दुष्प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है और इनमें मानकों की धज्जियां उड़ाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो प्राथमिकता के आधार पर इन बिजली स्टेशनों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है। दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग- अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है।

## कोयला घोटाले में आरोपी सुनील अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कोयला घोटाला मामले में आरोपी सुनील अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। इसके पहले उनकी जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। प्रवर्तन निदेशालय ने 500 करोड़ से ज्यादा के कोयला घोटाले में 11 अक्टूबर 2022 को सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। कोयला परिवहन में कमीशनखोरी के करीब 500 करोड़ से ज्यादा के घोटाला में ईडी ने राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, उनके चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी, छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई और कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल समेत नौ से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ करने के बाद ज्यूडिशियल रिमांड पर रायपुर जेल में बंद किया गया है। कांग्रेस सरकार में ईडी की जांच में 540 करोड़ रुपए का कोयला घोटाला सामने आया था। मामले में ईडी ने इंद्रमणि कोल के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल को 11 अक्टूबर 2022 को गिरफ़्तार किया था। अग्रवाल के ऊपर कोयले के काले धन को सफ़ेद करने और संपत्तियों में निवेश करने का आरोप है। इस मामले में राहत के लिए सुनील अग्रवाल ने हाईकोर्ट में 15 फरवरी 2020 को पहली बार ज़मानत याचिका लगाई थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट से उन्हें राहत मिल गई है।

## अच्छे बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता में वापस आ रहे हैंः सीतारमण

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में अच्छे बहुमत के साथ सत्ता में वापस आ रहे हैं। सीतारमण ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ की वार्षिक बिजनेस बैठक में उद्योग जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे बहुमत के साथ वापस आ रहे हैं। देश में आम चुनाव चल रहे हैं। सात चरणों में से चार चरण संपन्न हो चुके हैं। वोटों की गिनती चार जून को होनी है। वित्त मंत्री ने कहा कि सीआईआई टीम के साथ भी काफी विचार-विमर्श शुरू हो सकता है। देश में वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है, जिसे आईएमएफ और एसएंडपी जैसी वैश्विक एजेंसियों ने मान्यता दी है। उपभोग खर्च में वृद्धि के कारण 2031 तक बड़ा भारतीय उपभोक्ता बाजार दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि देश भविष्य में भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। इस विषय पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक और आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत अतीत की दोहरी बैलेंस शीट समस्या से आगे निकल चुका है। दोहरी बैलेंस शीट का लाभ, जिससे बाजार में जीवंतता आई है, जिससे एक तरफकॉरपोरेट्स द्वारा निवेश विस्तार को बढ़ावा मिला है और दूसरी तरफ बैंकों की ऋण देने की इच्छा और क्षमता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अगले 30 वर्षों तक जनसांख्यिकीय लाभांश देश के पास रहेगा। जब इसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से कौशल विकास के साथ पूरक किया जाता है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बड़े डेटा आदि जैसे क्षेत्र शामिल होते हैं।




### कांग्रेस मतलब झूठ की फैक्ट्री, बहकावे में नहीं आएगी जनता

# विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के लोगों से किए गए सभी वादे को पूरे करने के लिए हम लोगों को अभी बहुत राजस्व की आवश्यकता पड़ेगी, लेकिन उसकी व्यवस्था हम कर लेंगे। छत्तीसगढ़ को भगवान ने बहुत फुर्सत में बनाया है। यहां खनिज संपदा भरपूर है, वनोपज है, यहां की धरती माटी उर्वरा शक्ति से भरपूर है, मेहनतकश किसान हैं। हम सब मिलकर इतना सोर्सेस इकट्ठा कर लेंगे कि मोदी की गारंटी में जो भी वादे हैं, उसे पूरा करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। 2014 में भाजपा के 'सबका साथ-सबका विकास' और 2023 में 'मोदी की गारंटी' स्लोगन की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई। इसे राष्ट्रीय भाजपा का स्लोगन बनने पर साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि जो कैंपेन यहां से शुरू होते हैं उसे देश की जनता तुरंत एक्सेप्ट कर लेती है। कांग्रेस द्वारा महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देने की बात पर सीएम साय ने कहा कि 2018 में कांग्रेस ने जनता से बड़े-बड़े वादे करके छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बनाई थी। लेकिन 5 साल पूरा शासन चलाने के बावजूद भी इन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस, छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। एक लाख की बात करें या पांच लाख की, अब यहां की जनता उनके किसी भी बहकावे में नहीं आने वाली है।

## नक्सलियों पर की जा रही कार्रवाई पर कांग्रेस का सवाल उठाना दुःखद

नक्सलियों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े किये जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुःखद बताया है। साय ने कहा कि कांग्रेस को इन सब विषयों को राजनीती से ऊपर उठकर देखना चाहिए। पुलिस ग्राउंड हेलीपेड पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार जब 29 नक्सली मारे गए, तब कांग्रेस और विपक्ष के लोग इस घटना को नकली बता रहे थे, जबकि स्वयं नक्सलियों ने 29 लोगों का लिस्ट जारी किया। ये बहुत ही दुःख की बात है। अब इन लोगों को क्या कहें, ये लोग तो सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर प्रश्न खड़ा करने वाले लोग हैं। उनसे मेरा यह आग्रह है कि इन सब विषयों को राजनीती से ऊपर उठकर देखें। मुठभेड़ को कांग्रेस द्वारा फर्जी कहे जाने पर इसका खंडन करते हुए सीएम साय ने कहा कि लगातार हमारे जवानों को सफलता मिल रही है। उन्होंने पुनर्वास नीति पर कहा कि हमारी पुनर्वास नीति के कारण नक्सली आत्मसर्पण भी कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि इस नीति में और नया बेहतर हो सकता है, साथ ही नई पुनर्वास नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल मोर्चे पर विष्णु सरकार को मिल रही सफलता के लिए उसकी जमकर तारीफकी है। जिस पर कांग्रेस प्रश्न उठा रही है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे गृह मंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने हमारी सरकार पर विश्वास जताया है। यह सब डबल इंजन सरकार की वजह से संभव हुआ है कि मात्र 3-4 महीनों में 112 नक्सली मारे गए हैं, लगभग पौने चार सौ नक्सली आत्मसमर्पण किये हैं और 153 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं।

## पीओके के लोगों के तरफ से मांग उठेगी कि वह भारत में विलय चाहते हैंःराजनाथ सिंह

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीरमें हालात ऐसे बन रहे हैं कि वहां लोगों के तरफसे मांग उठेगी कि वह भारत में विलय करना चाहते है। रक्षा मंत्री ने देवरिया से बीस किलोमीटर दूर गौरी बाजार में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में काफी सुधार हुआ है तथा क्षेत्र में काफी आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां पहले से ज्यादा शांति व्यवस्था लौटी है।

# चारधाम यात्रा की लगातार मॉनिटरिंग करें अधिकारी: धामी

एजेंसी < देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में पिछले 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में अनुमान से अधिक तीर्थयात्री आने से उत्पन्न स्थितियों पर एक बार फिर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इसके बाद उन्होंने उत्तरकाशी के बड़कोट जाकर, ग्राउंड जीरो से यमुनोत्री धाम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धामी ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिवों को निर्देश दिये हैं कि वे लगातार चारधाम यात्रा मार्गों पर अपने विभागों से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को देंखे और विभागों के उच्चाधिकारियों को भी मौके पर भेजें। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं में सभी अधिकारी चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और एसपी का पूरा सहयोग करें। यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यात्रियों को जिन स्थानों पर ठहराने की व्यवस्थाएं की गई है, वहां यह सुनिश्चित किया जाए कि उन स्थानों पर सभी मूलभूत सुविधाएं पेयजल, विद्युत, शौचालय, खानपान और बच्चों के लिए दूध और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि चारधाम पैदल मार्गों पर श्रद्धालुओं को पेयजल एवं अन्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत आवश्कतानुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए और श्रद्धालुओं को इन मार्गों के बारे में जानकारी भी दी जाए।

धामी ने सचिव, परिवहन को निर्देश दिये कि वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए। बिना फिटनेस के कोई वाहन यात्रा मार्ग पर चल रहे हैं तो, इसके लिए सबंधित परिवहन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन के अनुसार ही, श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा पर भेजा जाए। ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन को फिलहाल स्थगित रखा जाय। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से रूद्रप्रयाग से केदारनाथ यात्रा के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने अवगत कराया कि यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आज अभी तक 11 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। पैदल मार्ग से आठ हजार यात्री दर्शन के लिए गये हैं। ठहराव वाले स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यात्रा मार्ग पर वाहनों के आवागमन की व्यवस्थाओं की कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। यातायात प्रबंधन के लिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने खुद गुरुवार रात्रि को रूद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक यात्रा व्यवस्थाओं को देखा। मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी, उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज गंगोत्री धाम में 11 हजार और यमुनोत्री धाम में 10 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन करने की संभावना है। श्रद्धालुओं के लिए जिन स्थानों पर ठहराव की व्यवस्था की गई, वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जबकि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कुछ लोग फर्जी रजिस्ट्रेशन वाले पाये गये हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी, चमोली, हिमांशु खुराना ने कहा कि श्री बद्रीनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

# स्वाति मालीवाल मामले को लेकर यादव ने केजरीवाल को घेरा

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के मामले को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को घेरते हुए आज कहा कि वे समूचे मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करें। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि यह दिल्ली की 'आप' पार्टी और मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर के अंदर और उनके खुद के व्यवहार का मामला है। आजादी के इतिहास के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी मुख्यमंत्री को प्रकरण में जेल जाना पड़े, वो पद भी नहीं छोड़ें, उनके घर मारपीट हो जाए और मुख्यमंत्री कुछ नहीं करें। उन्होंने कहा कि इन सब बातों को लेकर निराशा होती है। केजरीवाल को इस घटना पर तुरंत ही संज्ञान लेकर जो भी जवाबदार है उस पर पार्टी स्तर पर कार्रवाई करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाति मालीवाल 'आप' पार्टी की बड़ी नेता हैं। हमारे यहां तो महिलाएं देवी स्वरूपा मानी जाती हैं। इस प्रकरण को लेकर ना तो 'आप' पार्टी और ना ही उनके किसी पदाधिकारी को जनता माफ करेगी। अभी भी समय है, उनको माफी मांग कर इस पूरे मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।

## यादव ने दी दद्दा जी को श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संत देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, ''पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण और यज्ञों एवं श्रीमद्भागवत कथा के आयोजनों के माध्यम से धर्म तथा अध्यात्म की अखण्ड ज्योत प्रज्ज्वलित करने वाले महान गृहस्थ सन्त परम् पूज्य पं. देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' की पुण्यतिथि पर उनके श्रीचरणों में सादर नमन करता हूँ। आपके आध्यात्मिक और मंगलकारी विचार सर्वदा मानवता का कल्याण करते रहेंगे।

## आईपीएल क्रिकेट मैच का सट्टा खिलाते चार सटोरिए गिरफ्तार



**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की अपराध शाखा पुलिस ने शहर के मंगलवारा थाना क्षेत्र से चार सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी सहित मोबाइल फोन के अलावा सट्टा का लाखों रुपए के हिसाब किताब के दस्तावेज जब्त किए हैं। अपराध शाखा पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मंगलवारा थाना क्षेत्र के पटेल नगर स्थित एक होटल के समीप सफेद रंग की कार में बैठे चार लड़के सट्टा खिलाते पकड़े गए। इनके पास से लगभग 95 हजार रुपए की नगदी, सात मोबाइल फोन और लाखों रुपए का सट्टे का हिसाब किताब के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में अनमोल राठौर, पवन नाथ, मोहित यादव और बादल जैन शामिल हैं। इनमें से तीन आरोपी भोपाल के हैं।

# मोदी से अमृतसर के लिये विशेष पैकेज लायेंगे: संधू समुंद्री

एजेंसी < अमृतसर
www.dailypioneer.com




अमृतसर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार तरनजीत सिंह संधू समुंदरी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र सक्षम पार्टी है, जो अमृतसर का विकास कर सकती है। संधू ने कहा कि इस समय नशा एक बहुत बड़ी समस्या है। हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों ने कई वादे किये, लेकिन उन पर कभी अमल नहीं किया। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अमृतसर के लिये विशेष पैकेज लायेंगे।

दरबार साहिब के दर्शन के लिये अमृतसर आने वाले लाखों लोग अटारी भी आते हैं। अटारी में कोई अच्छा होटल नहीं है, मैं यहां लोगों के आने और रुकने की व्यवस्था करूंगा जिससे बिजनेस बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं से आने वाला पैसा लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। अब हम ऐसी व्यवस्था करेंगे कि पैसा सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे। संधू समुंदरी ने वादे करते हुये कहा कि लड़कियों को भी बीएसएफ में शामिल किया जायेगा। अर्धसैनिक बलों में भी भर्ती करेंगे। हम 25 हजार धार्मिक सिख युवाओं को सिख लाइट रेजीमेंट में भर्ती करेंगे। केंद्रीय योजनाओं के तहत नौकरियां लायेंगे। उन्होंने कहा, हम बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति भी देंगे और अच्छी शिक्षा भी लायेंगे। यहां अच्छे अस्पताल खोले जायेंगे और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जायेंगी। मजीठा हलके के गांव पातालपुरी में पहुंचे संधू समुंदरी ने कहा कि गांव का एक बड़ा हिस्सा न सिर्फ गंदगी के ढेर पर खड़ा है, बल्कि इसकी गलियां भी पक्की नहीं हैं। गांवों में सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। पातालपुरी गांव में पिछले छह साल से सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होने से यहां के लोग नर्क जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं।

## चुनाव के बीच राजनेता तनाव प्रेरित उच्च रक्तचाप के शिकार होते हैं: डॉ. पुरोहित

**जालंधर।** इंडियन सोसाइटी ऑफहाइपरटेंशन के कार्यकारी सदस्य डॉ नरेश पुरोहित ने शुक्रवार को कहा कि चुनावों के बीच राजनेताओं में तनाव से जुड़े उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ जाता है। डॉ पुरोहित ने कहा कि चुनावी मौसम की बढ़ती राजनीतिक गर्मी आलंकारिक रूप से लोगों का खून खौला सकती है, लेकिन उच्च रक्तचाप के रोगियों के लिये यह सचमुच खतरनाक हो सकती है। इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुये प्रसिद्ध महामारी विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर यहां यूनीवार्ता को बताया कि राजनीति एक तनावपूर्ण पेशा है। लंबे समय तक काम करने, यात्रा करने और भोजन के बारे में अनिश्चितता के कारण तनाव का स्तर बढ़ जाता है। चुनावी चिंता के कारण होने वाले तनाव से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और अवसाद विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है। मानसिक स्वास्थ्य शोधकर्ताओं ने राजनीति से संबंधित तनाव और उच्च रक्तचाप के बीच संबंध पाया है। दुनिया भर में कई वैज्ञानिक अध्ययन और वास्तविक सबूत बताते हैं कि राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के कारण होने वाला राजनीतिक तनाव उच्च रक्तचाप का कारण बन सकता है, जिससे दिल का दौरा और स्ट्रोक हो सकता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सलाहकार डॉ पुरोहित ने कहा कि चुनाव की खबरें लोगों को भावनात्मक रूप से परेशान, क्रोधित या क्रोधित भी कर सकती हैं। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये एड्रेनल ग्रंथियों से एपिनेफ्रीन और कोर्टिसोल हार्मोन निकलते हैं और रक्तचाप में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा, निरंतर, ऊंचा रक्तचाप दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा पैदा करता है। तनाव निर्णय लेने को प्रभावित करता है, और बदले में, न केवल राजनेताओं को, बल्कि उन लोगों को भी प्रभावित करता है, जिनकी वे सेवा करते हैं। एक विधायक का मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना एक पायलट या सर्जन का। डॉ पुरोहित ने बताया कि चुनावी चिंता और उत्तेजना के कारण राजनेताओं में दीर्घकालिक तनाव से नींद संबंधी विकार हो सकते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है, जिससे व्यक्ति संक्रमण और बीमारियों की चपेट में आ सकता है।

## झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की ईडी रिमांड शुरू

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की ईडी रिमांड से शुरू हो गई और उनसे पूछताछ की जा रही है। आलम को होटवार जेल से हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के क्षेत्रीय कार्यालय लाया गया और यहां उनसे पूछताछ की जा रही है। आलम को पीएमएलए कोर्ट ने गुरुवार को 6 दिन की ईडी की हिरासत में दिया है। उल्लेखनीय है कि आलम को लगातार दो दिन तक पूछताछ के बाद ईडी ने रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया था। आलम के पीएस संजीव लाल और उनके सहायक जहांगीर आलम के घर 32 करोड़ रुपए से अधिक की राशि मिली थी।

## रोडवेज बस ट्रक में घुसी, पांच महिलाओं की मौत, 12 यात्री घायल

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर हलैना के पास शुक्रवार को अलीगढ़ से जयपुर जा रही रोडवेज की बस के आगे चल रहे लकड़ियों से भरे ट्रक में घुस जाने से पांच महिलाओं की मौत हो गयी जबकि 12 यात्री घायल हो गये। दुर्घटना में घायलों में से आठ घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है जबकि पांच घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक महिलाओं के शव हलैना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाये गये हैं। भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। ट्रक ड्राइवर फरार है। बस उत्तर प्रदेश (यूपी) परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है। सड़क हादसे में घायलों के नाम निक्की जाट (28), रामू (35), संतोष (45), सूर्यप्रताप (21), राजू (27), मोहित (32), पप्पू (45), जीतेंद्र (25), अवनीश (35), तेजवीर (32), सुमित (26), एक बच्ची (3), एक बच्चा (1) बताये गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस ड्राइवर ने ओवरटेक किया था। ब्रेक नहीं लगा तो उसने चलते ट्रक में बस घुसा दी। इसके बाद ट्रक काफी दूर बस को घसीटते ले गया। बस की स्पीड करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा बतायी गयी है। मृतक महिलाओं की शिनाख्त की जा रही है।



## बस्ती में आज आयेंगे राजनाथ सिंह

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती लोकसभा क्षेत्र में केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के लिए आयेंगे। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा क्षेत्र बस्ती केप्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने बताया कि 18 मई को हर्रैया विधानसभा क्षेत्र के बीआर इण्टर कालेज परिसर में आयोजित चुनावी जनसभा होगी। इस जनसभा को केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सम्बोधित करेंगे, जिसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं।

## तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस में लगी आग

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में दोपहर तीर्थयात्रियों को जा रही एक निजी बस में आग लग गई। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक निजी बस महाराष्ट्र से केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर जा रही थी। इसी दौरान कोलारस थाना क्षेत्र के गुना-शिवपुरी मार्ग पर बस से धुआं उठता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। तुरंत बस को रोककर यात्रियों को नीचे उतारा गया। हादसे के समय बस में 30 यात्री सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम और अग्निशमन विभाग की दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बस में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया गया है।
घटना की जांच की जा रही है।

## हैदराबाद में फर्जी चुनावी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में चार गिरफ्तार

वार्ता < हैदराबाद
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के हैदराबाद में साइबर अपराध पुलिस ने चुनाव प्रक्रिया के बारे में फर्जी जानकारी वाला वीडियो प्रसारित करने और उसे वायरल करने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। साइबर सूत्रों ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर, उनकी टीम ने आरोपियों का पता लगाया। आरोपियों में मल्काजगिरी के वुरापल्ली श्रवण, नामपल्ली के मोहम्मद बिन अली अल गुटमी, उस्मानपुरा, चदरघाट के पीदामुल्ला काशी और चिक्कड़पल्ली के कनुकती मिथिलेश हैं, जिन्हें 12वीं एसीएमएम अदालत में पेश किया गया।
पुलिस बयान के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बुधवार को 'एक्स' और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो देखा, जिसमें एक व्यक्ति एक मतदान केंद्र पर कई बार मतदान कर रहा था। वीडियो में दावा किया गया कि यह घटना हाल ही में 13 मई को हुए लोकसभा चुनाव के दौरान हैदराबाद के पुराने शहर बहादुरपुरा में एक मतदान केंद्र पर हुई है जबकि, कथित वीडियो 2022 में हुए पश्चिम बंगाल चुनाव की एक पुरानी रिकॉर्डिंग थी। वीडियो वायरल होने के बाद संभावित रूप से भारत की चुनावी प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो गया। शिकायत के आधार पर, आरोपियों के खिलाफ आईटी अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई है। गौरतलब है कि वीडियो को कई लोगों को इस इरादे से टैग किया गया।

# केन्द्र की मोदी सरकार ने सभी वर्गों के लिए निरन्तर कार्य किया है: अनुप्रिया पटेल

एजेंसी < बस्ती
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग केन्द्रीय राज्यमंत्री तथा अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी वर्गो के लिए निरन्तर कार्य किया है तथा देश की 140 करोड़ परिवारों को अपना परिवार माना है। रानीपुर बाबू गांव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करतेहुए पटेल ने कहा कि 2014 से पहले देश की गिनती पिछड़े देशों में होती थी लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने है तब से भारत देश विकास की ओर निरन्तर अग्रसर है। मोदी सरकार ने सभी वर्गो के लिए निरन्तर कार्य किया है देश की 140 करोड़ परिवारों को अपना परिवार मानते हुए उनके लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं को संचालित करके सीधे लाभ दिया है। इससे पहले की सरकारें देश की जनता का उपेक्षा करती थी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को नही मिल पाता था जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था इन परेशानियों से नरेन्द्र मोदी ने निजात दिलायी। अब लाभार्थियों के खातों में किसी भी प्रकार के पैसे रहते है तो उनके खाते में सीधे पहुंचता है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा एवं सहयोगी दल को लोगों द्वारा अपार समर्थन मिल रहा है। इतना विकास कार्य हुआ है कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नही है।

आज भारत तरक्की कर रहा है दूसरे देश के लोग भी भारत के नक्शे कदम पर चलना चाहते है भारत विश्व की पांच सबसेबड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है अगले पांच सालों में मोदी केनेतृत्व में देश विश्व के तीन विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि दस वर्षो में जितना काम मोदी ने किया है उतना कामपिछले 70 वर्षो के भीतर नही हुआ है।

मोदी इतने सशक्त प्रधानमंत्री है जो किसी देश की युद्ध भूमि से भारत के नागरिकों को सुरक्षित ले आते है और उनके नुकसान का पूरा भरपाई करते है। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी सहित भारी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी अब समझ गयी जनता: मायावती

वार्ता < प्रतापगढ़
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में पहुंची बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नाटक बाजी, जुमले बाजी को देश की जनता समझ गई है अब जवाब देने का समय आ गया है, इस बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली नही है। प्रतापगढ़ संसदीय संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के समर्थन में विश्वनाथ गंज कस्बे के पास आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि ब्राह्मणों पर सरकार ने बहुत अत्याचार किया है ,इस सरकार ने गरीबों मजदूरों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। चुनावी घोषणा पत्र जुमला होता है जिसे कोई भी पार्टी कभी भी अमल में नहीं लाती है इसलिए हम चुनावी घोषणापत्र में काम करने में विश्वास नहीं करते है। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनको भी मुफ्त राशन मिल रहा है उसे मोदी सरकार अपनी जेब से नही देती है।
यह संघ और भाजपा की जेब से नही खर्च होता है। केंद्र की सरकार संविधान व आरक्षण की विरोधी है , मायावती ने कहा कि बसपा बिना गठबंधन के दमदारी से चुनाव लड़ रही है, बसपा ने सर्वसमाज की भागीदारी टिकट बंटवारे में करते हुए सबका सम्मान किया है।
इस अवसर पर बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र ने मायावती को चांदी का हाथी देकर सम्मानित किया।

## कच्चे मकान की दीवार गिरने से दो बच्चियों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के मौ थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में मकान की कच्ची दीवार गिरने से उसके मलबे में दब जाने से दो बच्चियों की मौत हो गयी और एक बच्ची के घायल हो जाने पर उसे ग्वालियर रैफर किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिमरिया गांव में त्यागी बाबा के स्थान पर कल भंडारा चल रहा था। गांव की तीन बच्चियां भी उसी भंडारे में प्रसादी खाने जाने के लिए घर से निकली थी। तभी रास्ते में पडने वाले एक कच्चे मकान की अचानक दीवार गिर गई जिससे उसके मलबे में दबकर अनाफिया (05) और निकिता परिहार (06) की मौत हो गई तथा एक बच्ची घायल हो गयी।

## चित्रकूट में धूमधाम से मनायी गयी सीता नवमी



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के पौराणिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में सीता नवमी का कार्यक्रम सभी मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छप्पन भोग का प्रसाद लगा और श्रद्धालुओं ने आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया। चित्रकूट में आज श्रद्धालुओं ने जानकी नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया, दोपहर 12:00 बजे जन्म कार्यक्रम हुआ ढोल ताशा घड़ी घट की आवाज से पूरा चित्रकूट गूंज गया। सभी साधु संतों ने नाच गाकर के सीता मैया के जन्म को धूमधाम से मनाया। माता की प्राकट्य आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# बरेली पुलिस ने गिरफ्तार किये तीन स्मैक तस्कर, भेजे गये जेल

वार्ता < बरेली
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के बरेली में मीरगंज थाना पुलिस ने तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 132 ग्राम स्मैक, तीन मोबाइल फोन, तीन बाइक और 900 रूपये नकदी बरामद की। बाजार में 132 ग्राम स्मैक की कीमत 14 लाख रुपये बताई गई है। मीरगंज थाना पुलिस ने गांव चुरई जाने वाले अंडरपास से मीरगंज थाना क्षेत्र के दियुरिया अब्दुल्लागंज निवासी आरिफ और नाजिम, नगर पंचायत मीरगंज मोहल्ला मीर खां बाबर नगर निवासी आमिर को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्मैक तस्करों पर एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है। बरेली में स्मैक तस्करों के खिलाफ काफी समय से अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में स्मैक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। दर्जन भर से अधिक बड़े स्मैक तस्करों की अरबों रूपये की संपत्ति को सील कर दिया गया है। मगर, अब दूसरे जिलों के बड़े तस्करों ने बरेली में डेरा डाल लिया है। इनके खिलाफ तमाम मुकदमें दर्ज होने के साथ ही करोड़ों की संपत्तियों को भी सील किया जा चुका है। उनके बरेली में आकर ड्रग्स का धंधा करने की बात सामने आ रही हैं।

इस मामले में पुलिस अफसरों से शिकायत की गई है। मगर, अभी तक जांच चलने के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो सकती है।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने चांदनी चौक की ट्रैफिक व्यवस्था का किया मौका मुआयाना

## वन-वे व्यवस्था को किया गया समाप्त, पार्किंग स्थल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





शहर के व्यवस्तम मार्ग चांदनी चौक से एसबीआई चौक तक के मार्ग को व्यवस्थित यातायात सुविधा के लिए प्रायोगिक तौर पर वन-वे जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। नागरिकों और व्यापारियों की सुविधाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा वन-वे व्यवस्था को समाप्त किया गया। इस मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए शुक्रवार की सुबह कलेक्टर विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मौका मुआयना कर अन्य विकल्पों पर व्यापारियों और नागरिकों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर विजय ने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए दो मार्गों को वन-वे किया गया था, जिसका जनता ने बहुत सहयोग किया। व्यवस्था बनाने के लिए जो कमी पेशी रही उनका चिन्हांकन किया गया है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए जनता के साथ व्यापारी भी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि चांदनी चौक में सभी मार्गों के लगाए गए ट्रैफिक सिंगनल की टाइमिंग को व्यवस्थित की जाएगी और व्यवस्था बनाने के लिए चांदनी चौक में लगे बेरीकेट्स को अभी यथावत रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि इन मार्गों में व्यवस्तम समय में अधिक भीड़ रहती है, सुगम यातायात के लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। साथ ही इन मार्गों में दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहन पार्किंग करने वालों पर कार्यवाही भी किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने मार्ग को पैदल चलकर मौका मुआयना किया और कन्हैया बीकानेर मिठाई दुकान के समीप स्थित नगर निगम के स्थल में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। पार्किंग स्थल में दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग जगह मार्क करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही चाँदनी चौक स्थित शराब दूकान को हटाने हेतु विकल्प के रूप में पुराने बस स्टैंड स्थित कमर्शियल कॉप्लेक्स के दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रेक्टीसिंग मांझापारा हाई स्कूल का 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

शासकीय कन्या हाई स्कूल प्रेक्टीसिंग मांझापारा के कक्षा 10 वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। कुल 29 छात्र-छात्राएँ परीक्षा में प्रवेशित हुये थे जिनमें से 12 छात्र-छात्राएँ प्रथम श्रेणी में, 16 छात्र-छात्राएँ, द्वितीय श्रेणी में तथा 1 छात्र तृतीय में उत्तीर्ण हुये और कुल 29 छात्र-छात्राएँ उत्तीर्ण होकर अगली कक्षा में प्रवेश लेगें। कक्षा में सकीना बानों 78% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर 75.16%अंक प्राप्त कर खुशबू





पारकर दूसरे स्थान पर रही एवं तृतीय स्थान पर तनीषा देवागंन रही जिनका प्रतिशत 74.33% रहा। प्रेक्टीसिंग स्कूल कांकेर नगर का प्रसिद्ध एक बहुत ही पुराना स्कूल है। जहाँ पर कांकेर के गणमान्य नागरिक अपनी शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त किये है। कन्या हाई स्कूल प्रेक्टीसिंग मांझापारा में अत्यंत ही उत्साहजनक उपलब्धि के लिये प्राचार्य अनिता दत्ताराय के मार्गदशर्न एवं व्याख्याता विज्ञान शिक्षक पी.के. विश्वास, हिन्दी के व्याख्याता गोपालरामजैन, सामाजिक विज्ञान के व्याख्याता कृष्णा नाग, अंग्रेजी शिक्षक के व्याख्याता रश्मि चतुवेदी, संस्कृत के व्याख्याता लीना ओट्टी एवं धीरज कुमार रजक के गणित विषय के उत्कृष्ठ शिक्षण से विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम से पालक, छात्र, शाला समिति के सदस्य एवं इस क्षेत्र के नागरिकों ने शाला परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा आज

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों शिक्षा सत्र 2024-25 के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश चयन परीक्षा शनिवार 18 मई 2024 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। सुकमा जिले में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए 13 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें 2350 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विकासखण्ड सुकमा में परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा में 200 विद्यार्थी, स्वामी आत्मानंद कन्या शिक्षा परिसर सुकमा में 150 विद्यार्थी ,आत्मानन्द स्कूल कुम्हाररास सुकमा (अंग्रेजी माध्यम) में 200 विद्यार्थी, आई.एम.एस टी स्कूल सुकमा में 200 विद्यार्थी, कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिन्दगढ़ (कुम्हाररास सुकमा) में 120 विद्यार्थी, डी.ए.वी. स्कूल कुम्हारास सुकमा में 430 विद्यार्थी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में 250 विद्यार्थी और विकासखण्ड कोंटा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोंटा में 150 विद्यार्थी, स्वामी आत्मानन्द हायर सेंकण्ड्री स्कूल कोंटा (अंग्रेजी माध्यम) में 200 विद्यार्थी, स्वामी आत्मानन्द हायर सेंकण्ड्री स्कूल कोंटा (हिन्दी माध्यम) में 100 विद्यार्थी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा में 200 विद्यार्थी, पोटाकेबिन कोंटा में 60 विद्यार्थी और डी.ए.वी. स्कूल कोंटा में 90 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# गजराज कैम्प में शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन सुनाई गई शिवलिंग महिमा की कथा



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगर के गजराज कैंप में विश्व कल्याण की कामना को लेकर संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ बुधवार संध्या को की गई। जिसका समापन 21 मई को होगा। दूसरे दिवस गुरुवार रात्रि को डोंडीलोहारा बालोद से पधारे प्रवचनकर्त्ता ज्योतिषी रूखमणी नंदन पंडित पूरन प्रसाद शर्मा द्वारा शिव महिमा कथा का वर्णन किया गया।जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।जिसे सुनने धर्मप्रेमी व श्रद्धालु गण काफी बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए।

## 11वर्षीय आदीवासी नबालिक बच्चा फांसी पर लटका

**केसकाल।** पुलिस थाना केसकाल अन्तर्गत ग्राम गढ़ सिलियरा के 11 वर्षीय अबोध बालक रितेश कुमार शोरी पिता राजमन शोरी जाति गोंड ने अपने छोटा भाई के साथ सायकल को लेकर दोनों बीच में विवाद हुआ था विवाद के बाद मृतक का माता पिता केसकाल बाज़ार गए वा उसी मौका देख कर बालक ने गमछा लेकर घर परिसर की इमली पेड़ पर लटकते अपना जान दे दिया है पुलिस थाना सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक का सूचना उनके पिता राजमन शोरी ने पुलिस थाना केसकाल पहुंचकर दी घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा उपरांत ममला मर्ग मांक 26/2024 की धारा 174के तहत पीएम कराकर शव पीड़ित परिवार को दी है पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस द्वारा घटना की जानकारी पुलिस अधिक्षक श्री वाई अक्षय कुमार,जिला कोंडागांव को दी वा पुलिस द्वारा मामले की जांच विवेजना किया जारहा है।

# पीडिया मुठभेड़ को लेकर सीपीआई नेता मनीष कुंजाम ने ली प्रेस वार्ता

- पीडिया मुठभेड़ की हो न्यायिक जांच दोषियों पर हो कड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com





सीपीआई की टीम पीडिया जाने के लिए 12बजे बीजापुर से रवाना हुईं जिसमे सीपीआई नेता मनीष कुंजाम समेत सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी वा अन्य 15 सदस्य मौजुद रहे रास्ते में कई कठिनाइयों का सामना करते पहाड़ी रास्ते से टीम दोपहर 3बजे पीडिया पहुंची जहां मनीष कुंजाम के आने की ख़बर सुनकर पहले से ही ग्रामीण हज़ारों को संख्या में मौजुद रहे।। जब वहां के ग्रामीणों ने मनीष कुंजाम को बताया कि हम तेंदू पत्ता वनोपज इक्कठे कर रहे थे तभी पुलिस ने चारों तरफ़ से घेरा और एक जगह लेजाकर गोली मारा गया कइयों ने गुहार लगाई की हमें मत मारिए फिर भी पुलिस ने एक नहीं सुनी सबकी निर्मम तरीके से हत्या कर दी। ताजुब की बात यह है कि उसमे एक घूंघा भी है अवलम सन्नू जो बोल, सुन नही सकता वहा पत्थर पर बैठा था उसे भी पुलिस ने गोली मारी जिसके चार बच्चे भी हैं। दूसरा मोटू अवलम जो नाबालिग है उम्र 16बर्ष तीसरा ओयम भीमा जो पेड़ पर चढ़ा था उसे वहीं गोली मारा गया ऐसे करके बारी बारी से सभी को मौत के घाट उतारा गया और एक नाबालिग जिसके पैर में तीन गोली लगी है वह घायल है। जिसे अभी तक कोई इलाज नही मिल पाया है। वहीं देखने वाली बात यह है कि जब महिलाएं ऐसे करने से माना करने की बात कही तो उन्हें डंडों और लात घुसे से मारा गया। इस सारी घटनाक्रम का मुआयना करने के बाद मनीष कुंजाम ने कहा कि ये जो हो रहा है सब आत्मसर्पित नक्सलियों के द्वारा किया जा रहा है। ये पुलिस बनने के लायक भी नहीं हैं और इन्हें बंदूक थमाया जा रहा है। जब ये नक्सली संगठन में थे तब भी निर्दोषों को मारा अब भी मर रहे हैं। वहीं आज सीपीआई नेता मनीष कुंजाम और जांच दल बीजापुर वापस लौट कर एक प्रेस वार्ता ली जिसमें उन्होंने इस घटाना की न्यायिक जांच और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की इस दौरान, सीपीआई नेता कमलेश झाड़ी, भीमसेन मंडावी मंजू कवासी, जितेंद्र सोरी, महेश कुंजाम, राजेश नाग, जेम्स कुडियम, राजू तेलाम, मंगू तेलाम, आयतू तेलाम, कमल आदि कई सीपीआई कार्यकर्त्ता मौजुद रहे।

# बच्चों ने तारामण्डल से जाने ब्रम्हांड के अनोखे रहस्य टेलीस्कोप से किया नक्षत्रों एवं आकाशगंगाओं के दर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



ग्रीष्मकालीन पीएम श्री स्कूलों के आवासीय शिविर में बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बच्चों को आसमान में दिखने वाले विभिन्न नक्षत्रों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए टेलीस्कोप के माध्यम से बच्चों को आकाश में स्थित अरसा मेजर, सप्तऋषि, ओरायन, एंड्रोमेडा, हरक्यूलिस, लियो, एक्वारिस, सेंटरस मेजर, ऋक्स, केसियोपिया, कैरिना आदि को दिखाते हुए उनके संबंध में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही चंद्रमा एवं सौरमण्डल के उपग्रहों को दिखाते हुए उनकी विस्तृत जनकारी दी गयी। इसके अलावा गुरूवार को नगरपालिका ऑडिटोरियम में तारामण्डल डोम की स्थापना की गयी। इस डोम में ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक तरीके से थ्रीडी प्रोजेक्शन के माध्यम से ब्रम्हांड एवं अंतरिक्ष के अनोखे रहस्यों एवं विशेषताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस तारामण्डल डोम में थ्रीडी प्रोजेक्शन तकनीक से विभिन्न विडियों के द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान एवं उनके द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की भी जानकारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि इस ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को नाटक कला, शास्त्रीय नृत्य, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, ड्राईंग, पेंटिंग, संगीत सहित विशेष कौशल के रूप में फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी, ड्रोन बनाना, नाट्य-थिएटर, क्लासिकल डांस, वेस्टर्न डांस सिखाया जा रहा है। इसके साथ ही शारीरिक कौशल के रूप में बैडमिंटन, स्वीमिंग, टेबल टेनिस एवं मानसिक खेल शतरंज का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विजय कर्मा के निर्देश पर जिले के समस्त विकास खंडों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मितानिन के माध्यम से साफ सफाई के साथ-साथ वेक्टर जनित रोग के रोकथाम हेतु स्त्रोत नियंत्रण के बारे में भी बताया गया। मलेरिया अधिकारी डॉ विजय कर्मा ने बताया कि डेंगू वायरस जनित रोग है जो संक्रमित मच्छर की काटने से होता है। जो तेज बुखार, आंखों के ऊपर दर्द, मांसपेशियों जोड़ों में तेज दर्द सहित जी मिचलाना और उल्टी सहित शरीर में लाल चकत्ते यह कुछ लक्षण है जिससे डेंगू का पता चलता है। गंभीर होने पर मरीज की जान भी जा सकती है। इसके लक्षण का पता चलने पर ही इसका उपचार किया जा सकता है बीमारी की स्थिति में ताल पदार्थ और आराम करने की सलाह दी जाती है। जिले में डेंगू की जांच हेतु सभी प्रारंभिक स्वास्थ्य केंद्रो में प्राप्त सुविधा उपलब्ध है जिले के आम जनों से अपील की जाती है कि इस प्रकार के लक्षण पता चलने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू की जांच अवश्य कराएं एवं इसके बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें।

## स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों, मैदानी स्तर के अमलों के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी विकासखंड के बीएमओ, संबंधित नोडल अधिकारी, बीपीएम, मितानीन प्रभारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो, इसका पालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं का नियमित पंजीकरण, मातृत्व सुरक्षा अभियान अन्तर्गत नियमित जांच एवं आवश्यक परामर्श प्रदान करने के साथ ही संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, बाल पोषण सहित अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी मरीजों को अस्पताल के व्यवस्था अनुरूप चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराये।

कलेक्टर अग्रवाल ने स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए कहा कि प्रसव के दौरान महिला और शिशु की सुरक्षा के लिए ही जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने गर्भवती माताओं का निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत शत प्रतिशत पंजीयन एवं एएनसी जांच कराने, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड सहित अन्य आवश्यक दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में कम प्रगति वाले केन्द्रों के जिम्मेदार स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर उन्हें जागरूक करने की बात कही। उन्होंने जिले में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित टीकाकरण की जानकारी लेतु हुए बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। इसके अलावा सिकल सेल, एनिमिया सहित अन्य बीमारियों का भी जांच कर उपचार करने कहा। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आईएफंए, कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का भंडार सुनिश्चित कर उनका हितग्राहियों को वितरित करने के लिए निर्देशित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु की टीम स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचकर बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कर उपचार करें। आयुष्मान कार्ड पंजीयन में छुटे हुए लोगों का पंजीयन कराये। कलेक्टर ने बैठक में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों को सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए आवश्यक मात्रा में दवाइयां भंडारण करने, अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करने तथा अस्पताल में उपलब्ध अधोसंरचना का बेहतर से बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल को नियमित रूप से साफ-सफाई कराने एवं सर्व सुविधायुक्त बनाए रखने की बात कही। ताकि विशेष परिस्थितियों में आने वाले मरीजों को इलाज में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को उनके निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की सेवा करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में निगरानी रखते हुए नियमित क्षेत्र भ्रमण करने कहा। जिन क्षेत्रों में बीमारी फैलने की संभावना अधिक रहती है, ऐसे क्षेत्रों पर स्वास्थ्य टीम पहले से पहुंचकर उनके रोकथाम के लिए आवश्यक पहल करें। इस दौरान कलेक्टर ने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित अन्य सभी योजनाओं की भी समीक्षा कर योजनाओं में प्रगति लाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

# श्री भरत-लीला मेंशन में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से बह रही भागवत रूपी अमृत धारा

## पिता के वचन पालन करने भगवान श्रीराम ने काटा वनवास : आचार्य नरेंद्र नयन

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com





स्थानीय बीटीआई रोड स्थित श्री भरत-लीला मेंशन में श्रीमती लीलादेवी चंद्राकर, सुष्मिता - आलोक चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्रीराम कृष्ण जन्म तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्म कथा का श्रवण आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने भक्तों को कराया।

आचार्य श्री शास्त्री ने सुकदेव महाराज जी द्वारा राजा परीक्षित को बताए गए भगवान श्रीराम कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि कैसे अपने पिता राजा दशरथ के वचनों को पालन करते हुए भगवान श्रीराम ने 14 वर्ष के वनवास को सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि भगवान राम जब वन को गए तब पूरा अयोध्यावासी उनके पीछे-पीछे चल पड़े। उन्होंने प्रेम और भक्ति में प्रेम को श्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि भक्ति की सीमा होती है, लेकिन प्रेम की पराकाष्ठा नहीं होती। रामायण के सारे पात्र परम वंदनीय तथा पूजनीय है। भगवान राम ने पिता के वचन पालन के लिए वनवास स्वीकार किया। माता सीता ने पति के सानिध्य में स्वर्ग का सुख समझा, भैया लक्ष्मण भाई के प्रेम व सेवा के लिए उनके पीछे चल पड़े। इन सभी में महात्मा भरत का त्याग सबसे श्रेष्ठ है। राम ने 14 वर्ष का वनवास काटा तो भरत ने भी 14 वर्ष तक तपस्वी के वेश में अयोध्या के मुहाने पर प्रभु की प्रतिक्षा की। आचार्य श्री शास्त्री ने कहा कि जो भाई-भाई में शत्रुता की बीज बो दे वह शकुनी है, वह मंथरा है। लेकिन, एक आदर्श भाई बनने की सीख हमें महत्मा भरत, भैया लक्ष्मण से मिलती है। आज कथा के दौरान प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व माता जानकी के वन गमन की झांकी का जीवंत प्रस्तुत की गई। भगवान के अयोध्या छोड़कर जाते समय जो दशा अयोध्यावासियों का था, जो पीड़ा उनके मन में थी, नयनों में अश्रू धारा बह रहे थे। वही, दशा आज श्री भरत-लीला मेंशन चंद्राकर निवास में देखने को मिला। सभी भागवत प्रेमियों की आंखे उस समय भर आए जब प्रभु के वनगमन जाते समय मार्मिक भजन की प्रस्तुति हुई। आज के कथा में श्रद्धालुओं की खचाखच भीड़ देखने को मिली। सैकड़ों लोगों ने भागवत कथा का श्रवण किया। ज्ञात हो प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्री भरत-लीला मेंशन में भागवत कथा प्रवचन चल रहा है।

# मंत्री टंक राम वर्मा का ओडिशा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में धुआंधार प्रचार प्रसार



पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के स्थानीय विधायक एवं राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंक राम वर्मा इन दिनों ओडिशा राज्य के प्रवास पर है।वहां भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार का मोर्चा संभाले हुए हैं।उनके दौरा कार्यक्रम में सुंदरगढ़ जिला, ओड़िशा के ग्राम पुराना बिसरा एवं बरसुआ में शक्तिकेन्द्र बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक ले कर उनसे पूरे जोश से चुनाव प्रचार में जुट जाने का आह्वान किया साथ ही चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामवासियों से भेंट कर उनसे आगामी 20 मई के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# पीएमश्री विद्यालयों मे समर कैंप आयोजन



**भंवरपुर।** शासन एवं जिला मिशन समन्वयक के आदेशानुसार पीएमश्री विद्यालयों मे समर कैंप आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत क्ले आर्ट, पेपर आर्ट, संगीत एवं नृत्य, योगा, खेल,स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग, पेंटिंग आदि विषयों के प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विधाओं पर बच्चों को सिखाया जा रहा है, जिसे बच्चे खेल खेल मे बड़े ही आनंद के साथ सीख रहे हैं। समय समय गाँव वाले बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रांगण मे आते रहते हैं, हारमोनियम तबला परेड ड्रम आदि बच्चे सीख

# सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें-कलेक्टर नम्रता गांधी



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में गिरते हुए भूजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के उद्योग संचालकों और मिलर्स की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी उद्योगों और मिलों में सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के नियमों का अनिवार्यतः पालन किया जाये। साथ ही जल शोधन संयंत्र का भी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मिलर्स नये नियमों का पालन करें तथा एनओसी रिनिवल कराएं। कलेक्टर ने नियमों का पालन नहीं करने वाले 125 मिलर्स को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। बैठक में कलेक्टर ने वाटर फ्लो मीटर लगाने के निर्देश दिये। साथ रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी अनिवार्य रूप से बनाने कहा, ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन हो और पानी को रिचार्ज किया जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी ग्राउंड वाटर 10 लीटरसे अधिक निकाल रहे हैं, उन्हें पीजो मीटर लगवाना अनिवार्य है। कलेक्टर ने बैठक में साफ तौर पर कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित मिल अथवा संस्था सील कर, बिजली बंद की जायेगी साथ ही पेनाल्टी भी लगा सकते हैं। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी कोर्राम, डीआईओ उपेन्द्र चन्देल, उद्योग संचालक और मिलर्स सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मोहान घाट पहुंचा प्रशासन की टीम,रेत निकासी के लिए बनाएं मार्ग को तोड़कर किया अवरुद्ध

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोहान में लगातार हो रहे अवैध रेत निकासी संबधी शिकायतों की जांच करने एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन की टीम मौके में पहुंची। जहां पर महानदी के भीतर एक अस्थाई मार्ग रेत द्वारा बनाया पाया गया। जिसे ग्राम वासियों, सरपंच,पंच, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सचिव, पटवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में जेसीबी बुलाकर तोड़ा गया है। साथ ही सरपंच द्वारा बताया गया की उक्त अवैध घाट से रेत निकालने का कार्य कोर्ट खान के द्वारा किया जा रहा है एवं इस कार्य में ग्राम बोदा एवं मोहान के कुछ ग्रामीणों द्वारा बढ़ावा एवं संरक्षण देने की बात कही है। नदी से रेत निकालने बकायदा पुल एवं सड़क का निर्माण कराया गया है। जिससे यह बात स्पष्ट होती है। नदी के तट पर 9 ट्रिप हाईवा भी डंप पाया गया है। जिसे सरपंच के सपुर्दगी में दिया गया है। साथ ही साथ एसडीएम के द्वारा सरपंच, उपसरपंच एवं सचिव,पटवारी को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उक्त कार्रवाई पलारी एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में की गई। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# रात्रि में मुजगहन एवं खपरी के बीच राहगीरों से लूटपाट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मंगलवार की रात्रि को मुजगहन एवं खपरी के बीच राहगीरों से लूटपाट करने वाले मामले में थाना अर्जुनी पुलिस द्वारा प्रार्थी मोहित कुमार साहू की रिपोर्ट पर अप क्र् 167/24 धारा 394,34 भादवि के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी अर्जुनी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य एवं आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया एवं संदेहियों को लाकर कडाई से पूछताछ किया गया। संदेही रोशन चावला पिता संतोष चावला उम्र 20 वर्ष रिसाईपारा धमतरी को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ किया गया जिन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया एवं आरोपी ने यह भी बताया की साथ में दो विधि से संघर्षरत बालक भी थे। आरोपी रोशन चावला के कब्जे से लूटे गए एक नग रेड मी कंपनी का मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त एक बिना नम्बर का मोटर साइकल जब्त किया गया है एवं उक्त आरोपी के संबंध में उसके रिकॉर्ड का भी पता लगाया जा रहा है। आरोपी रोशन चावला को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को बाल कल्याण समिति में पेश किया जा रहा है।

# सर्व ब्राह्मण समाज की प्रांतीय शोभायात्रा रायपुर व दुर्ग में सम्पन्न

## लगातार दूसरी बार छत्तीसगढ में धमतरी को मिला उत्कृष्ट जिला का खिताब



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष पूरे देश व प्रदेश में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को ब? ही धूमधाम से मनाया जाता हैं उसी कडी में इस वर्ष प्रांतीय बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश स्तरीय शोभायात्रा रायपुर व दुर्ग में निकाली जायेगी शोभायात्रा में बडी संख्या में विप्रजन शामिल हुए साथ ही साथ भगवान परशुराम, भगवान शंकर ओर छत्तीसगढ महतारी की नयनाभिराम झांकी लोगो को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। विशेष साज सज्जा के साथ भारी आतिशबाजी कर सामज ने अपने आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की खुशी व्यक्त कि शोभायात्रा पश्चात आयोजित ब्रह्म सभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए बताया कि लगातार सर्व ब्राह्मण समाज पूरे देश मे विप्रजनों को एक सूत्र में पिरोकर अनेक रचनात्मक कार्य कर रही हैं उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ में संगठन सक्रियता के साथ कार्य कर रही हैं वही अन्य प्रदेशों में भी गठन की प्रक्रिया अनवरत जारी हैं। पूर्व केबिनेट मंत्री व विधायक अरुण वोरा ने सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा किये जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया सभा को राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारीएराष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष युवा मंच विक्रांत शर्माएराष्ट्रीय प्रवक्ता व शोसल मीडिया प्रभारी पीयूष पाण्डेय एवं अन्य अतिथियों ने सम्बोधित किया शोभायात्रा में धमतरी जिलाध्यक्ष युवराज शर्मा के नेतृत्व में बडी संख्या में समाजजन शामिल हुए जिससे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर दीवान,उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा,छत्रमल बरनेला,हर्षवर्धन पाण्डेय,नीरज शर्मा,ऋतुराज शर्मा उपस्थित हुए युवराज शर्मा ने धमतरी जिला को सर्वश्रेष्ठ जिला घोषित होने पर धमतरी महिला मंच व युवा मंच का आभार व्यक्त किया गया।

# साहू समाज द्वारा कैरियर गाइडेंस का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

परिक्षेत्र साहू संघ झिरिया धमतरी के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल देवपुर में आयोजित निशुल्क कोचिंग क्लास एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन कार्यक्रम के 15वें दिवस नेशनल मोटीवेटर राकेश झवर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया । उन्होंने छात्रों को अपने भविष्य के प्रति सजग व सक्रिय रहकर लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। आगे बताया कि विद्यार्थियों को अपने रुचि अनुसार लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अभी से तैयारी जिद एवं जुनून के साथ करना चाहिए। इससे लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होती है। छात्रों को डॉक्टर बनने के लिए 12वीं के बाद नीट की परीक्षा के बाद एमबीबीएस की पढ़ाई एवं आईपीएस अधिकारी बनने के लिए स्नातक डिग्री के पीएससी एवं यूपीएससी की परीक्षा के माध्यम से उच्च पदों को प्राप्त करने तथा शिक्षक के पद के लिए मास्टर डिग्री के बाद बीएड एवम डीएड के माध्यम से शिक्षा तथा उच्च शिक्षा के लिए डॉक्टर की डिग्री अर्थात पीएचडी की डिग्री के बाद सहायक प्रध्यापक का पद प्राप्त करने के साथ ही मोटिवेशनल स्पीकर राकेश झवर के द्वारा छात्रों के लक्ष्य निर्धारित करने का सुनहरा अवसर के विषय में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला साहू संघ धमतरी के जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष डेरहु राम साहू, संरक्षक बिसहतराम साहू, डॉ रामेश्वर साहू मिनेश साहू सहसचिव, काशीराम कोषाध्यक्ष, खोवाराम पटवारी एवं शिक्षक एमएन साहू व्याख्याता, दूजेंद्र कुमार साहू ए खेमलाल साहू निखिलकुमार साहू, मनोहर लाल साहू,समाजसेवक राजू साहू उपस्थित थे।

# जिले में मनाया गया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस कलेक्टर सहित कर्मचारियों ने करवाई जांच

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज रक्त चाप का परीक्षण कर विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर के एल चौहान, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी का रक्तचाप परीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया। इस सम्बंध में सीएमएच ओ डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों के रक्तचाप का परीक्षण किया गया एवं आवश्यक होने पर दवाई दी गई है। उन्होंने आगे बताया कि वास्तव में उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमें धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाये रखने के लिए हृदय को अधिक काम करने की जरूरत पड़ती है। इसका कारण यह है कि,समय के साथ धमनियाँ कठोर और कड़ी हो जाती हैं जिसके फ्लस्वरूप हृदय कमज़ोर हो जाता है। दुनिया का लगभग हर तीसरा व्यक्ति इससे प्रभावित है। समान्य रूप से इसका माप 120/80 होता है जबकि एक बीस साल के व्यक्ति में 140/90 और एक पचास साल की उम्र के व्यक्ति में 160/95 उच्च रक्तचाप माना जाता है। मानसिक तनाव, अधिक नमक का सेवन, वजन की अधिकता, आनुवंशिकता, धूम्रपान, शराब और आलस्यपूर्ण जीवन शैली उच्च रक्तचाप के कारण हो सकते हैं। इसके कारण हृदय घात, मष्तिष्कघात, गुर्दे की समस्या या आंखों पर असर होता गई। गर्भवती महिला को इसका विशेष ध्यान रखना पड़ता है। उच्च रक्तचाप को एक साइलेंट किलर भी कहा जाता है।उच्च रक्त चाप होने पर दवाई जीवन भर खानी पड़ी सकती है। अतः बेहतर होगा अपनी जीवन शैली संतुलन रखी जाए। व्यायाम, योग, ध्यान तनाव मुक्त होकर, संतुलित खान-पान से इससे बचा जा सकता है। उच्च रक्तचाप की जांच और उपचार की व्यवस्था राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में 20 हज़ार 8 सौ 18 मरीज पंजीकृत होकर उच्च रक्तचाप का उपचार ले रहे हैं।

# जनता को भ्रमित कर रही है कांग्रेस : सरला कोसरिया

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कांग्रेस आत्मानंद स्कूल को लेकर जनता को गुमराह और भ्रमित कर रही है कि भाजपा आत्मानंद स्कूल का नाम बदल कर पीएम श्री करने वाली है जबकि ऐसा बिल्कुल भी नही है । सम्पूर्ण भारत मे मोदी सरकार के द्वारा प्रथम चरण में 10 वीं और 12 वीं के 14500 एवं छत्तीसगढ़ के प्रथम चरम में 211 एवं द्वितीय चरण में 500 स्कूलों को पीएम श्री योजना के तहत लगभग 2 करोड़ रुपये खर्च कर अत्याधुनिक सुविधायों से लैस जैसे कि पर्याप्त फर्नीचर, शिक्षक और पढ़ाई के बेहतर वातावरण के साथ संचालित करना चाहती है जिससे विद्यार्थियों को आसानी से पढ़ाई का अच्छा वातावरण मिल सके और वे विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर सरलता और सहजता से बढ़ सके। परंतु अभी से कांग्रेसियों के पेट मे दर्द होना शुरू हो गया है और जनमानस में भ्रम फैला रही है की स्वामी आत्मानंद स्कूल का नाम मोदी जी के द्वारा बदल दिया जाएगा। मोदी की पूरे विश्व मे बढ़ती हुई लोकप्रियता और कुशल नेतृत्व को पचा नही पा रही है। आगे कोसरिया ने बताया कि देश मे जब कांग्रेस को 60 से 70 साल काम करने का मौका तो उन्होंने कभी जनता या किसी भी वर्ग के लिए न काम किया और न ही किसी की चिंता की सिर्फऔर सिर्फगांधी परिवार का ही विकास किया है, और विगत साल में छत्तीसगढ़ में भी जब कांग्रेस की सरकार थी तब भी इन्होंने भ्रष्टाचार के बड़े बड़े कीर्तिमान स्थापित किये जिसके कारण इनके कुछ नेता जेल में तो कुछ बेल में है। नाम बदलने का काम तो कांग्रेस करती है भाजपा नही ।

# भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

## विधायक पुरन्दर मिश्र ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर बच्चों में ब्रह्मणत्व,वैदिक सनातन हिंदू धर्म और संस्कृति, संस्कार आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई,जिसमें विप्र विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पंडित शेषाचार्य द्वारा भगवान परशुराम जी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, पश्चात अध्यक्ष प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में प्रतियोगिता प्रारंभ हुई,,गीता भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में गायन प्रतियोगिता में प्रथम अक्षता मिश्र,द्वितीय चंचल पंडा,हनुमान चालीसा पाठ प्रथम कल्पना सामंतराय,द्वितीय उज्जवल सामंतराय, तात्कालिक प्रथम भाषण श्रुति पंडा, मंत्रोच्चार प्रथम सुश्री आरवी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विप्र समाज के कक्षा दसवीं तक अध्ययरत विद्यार्थियों ने भाग लिया । विजेता विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदन तिवारी महाराज कोमना वाले,एवं अध्यक्षता कर रहे रायपुर उत्तर विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश उत्कल ब्राह्मण समाज पुरंदर मिश्र ने स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित इस नवाचार के लिए रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने सामाजिक पदाधिकारियों की प्रशंसा की एवं बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यक्रम में जरूर भाग लेना चाहिए,इससे उनमें सामाजिक, धार्मिक संस्कार संवृद्ध होंगे जिससे वो कभी भी दिशाहीन नहीं होंगे और अनुशासित होंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रकाश मिश्र, डॉक्टर विनायक पाणीग्राही, पूर्णानंद मिश्र, सुनील पाणीग्राही, नंद किशोर रथ,अरुण सतपथी, गिरिजा शंकर महापात्र, राकेश महापात्र, पंडित शेषाचार्य, सुनील सामंतराय, रविंद्र पंडा, सेवाशंकर पाणीग्राही, सौरव सतपथी, अनिल पाढ़ी, अक्षय मिश्रा, अभिमन्यु षड़ंगी, राम कुमार पाढ़ी,शेखर पाणीग्राही, आयुष पाढ़ी,आशुतोष मिश्र,रहोनित पाणीग्राही, सरोजिनी पाणिग्राही, शांति मिश्र, निरुपमा देवता, रेखा पुरोहित, सुरेश पाणिग्राही ( कोषाध्यक्ष ), सुधीर सामंतराय,राजेश सामंतराय, क्रांति कुमार सतपथी, टिकेश्वर मिश्रा, सहित कार्यकारिणी, विप्र युवा महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, कार्यक्रम का संचालन पूर्णानंद मिश्र एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश मिश्र ने किया।

# विद्यालय निर्माण व मरम्मत कार्यो की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासन की महत्वपूर्ण योजना विद्यालय निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं शत प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अपर कलेक्टर रवि साहू,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ओंकारेश्वर सिंह , डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर ,जनपद सरायपाली सीईओ अमित हालदार, आरईएस एसडीओ विनोद कुमार श्रीवास, एपीसी डी. एन.जांगड़े एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान लंबित निर्माण कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ जून के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ से ही बच्चों को पूर्ण और सुरक्षित भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके। निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण नहीं करने पर उच्च अधिकारियों द्वारा नाराजगी जाहिर कर समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा संकुल वार की गई जिसमें प्रत्येक संकुल के लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि एवं शेष आवेदनों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया लक्ष्य के विरुद्ध अत्यंत कम उपलब्धि प्राप्त संकुल एवं विद्यालयों को विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने जलशक्ति अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## जिले में 21 मई से 15 जून तक मनाया जायेगा जल जगार उत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में आगामी 21 मई से 15 जून तक जल जगार उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जलशक्ति अभियान प्रशिक्षण में अधिकारियों को जल संरक्षण की दिशा में मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'कैच द रैन' के तहत जिले में रैन वाटर हार्वेस्टिंक सिस्टम बनाया जाना है, इसके लिए 15 जून के पहले ही स्ट्रक्चर बनाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। साथ ही जहां रैन वॉटर सिस्टम खराब हो गए उनकी मरम्मत कराने और अधूरे स्ट्रक्चर को पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भवनों के पास बने सभी संरचनाओं का जियो टैग भी अनिवार्य रूप से किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में सर्वे कर जिन स्थानों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है, उन क्षेत्रों में 15 जून तक इस कार्य को पूरा करने कहा। इसके अलावा रेस्ट हाउस, राशन दुकान, बड़े स्कूल, पुलिस थाना, होमगार्ड, रेस्टोरेंट, मंदिर जैसे जगहों में अनिवार्य रूप से बोरवेल रिचार्ज करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों पर बोर बंद पड़े हैं, उन्हें चिन्हांकित कर रिचार्ज के लिए कार्य करें और इसका जियो टैग करें। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि जल जगार के लिए गांवों के 5-5 घरों से निकलने वाले पानी को एकत्रित कर वाटर स्ट्रक्चर तैयार करना है। इसके लिए खनिज विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा जल स्त्रोतों की सफाई, वृक्षारोपण के लिए गड्ढे और रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए स्ट्रक्चर साईज के बारे में भी पूछा। कलेक्टर ने कहा कि नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत एनआरएलएम, स्व सहायता समूह आदि की महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जाये तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले शाला प्रवेश उत्सव में भी पानी की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जायें। जल शक्ति केन्द्र गंगरेल में स्थापित करें तथा जो कार्य किये जाने उसकी एंट्री पोर्टल पर अभी से करना शुरू कर दें। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए पानी बचायें। आप सभी अधिकारी अपने आसपास और अन्य लोगों को पानी बचाने और उसका सदुपयोग करने के लिए जागरूक करें। इसके अलावा सभा, कैम्प, मनरेगा कार्यस्थल आदि में भी जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, नगरी पवन प्रेमी और कुरूद डी.डी.मण्डावी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन कोड 38 आशुतोष सारश्वत, कोड 90 आर.एल.देव तथा बांध संभाग क्रमांक 2 के कार्यपालन अभियंता बी.के.मगेन्द्र, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के अंत में अधिकारियों ने जल बचाने के लिए शपथ भी ली। शपथ में कहा गया कि हम पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल, पानी की हर बूंद का ख्याल रखेंगे, ''कैच द रेन'' अभियान को बढ़ावा देंगे, पानी को अनमोल संपदा मानेंगे और इसका सही इस्तेमाल करेंगे., हम अपने परिवार, पड़ोसियों और अधिकारियों को भी पानी का सही इस्तेमाल करने और उसे बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करेंगे, यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।

# शौहर की हत्या, प्रेमी के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





चनवारीडांड इलाके में पत्रकार रईस अहमद की हत्या के मामले का खुलाशा करते हुये एड़ीशनल एस पी अशोक वाड़ेगाँवकर ने बताया कि मृतक की पत्नी ने दो युवकों के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है. एडिशनल एस पी वाड़े गाँवकर ने बताया कि 16.05.2024 को सुबह 06.15 बजे मोबाईल से सूचना मिला की मौहारपारा चनवारीडांड ग्राउण्ड फारेस्ट डिपो के पीछे एक व्यक्ति का शव पड़ा है.सूचना पर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर सूचना की तस्दीक की गई.मृतक का शव पलट कर देखने पर उसकी पहचान रईस अहमद के रूप में की गई. अज्ञात आरोपी के द्वारा हाथ मुक्का एवं लात तथा हथियार से मारपीट चोट पहुंचा कर हत्या करना प्रथम दृष्ट्या पाया गया. मृतक के भाई नसीर अहमद के द्वारा मौके पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके चचेरा भाई मृतक रईस अहमद का निकाह करीबन 4-5 वर्ष पूर्व मौहारपारा के मो0 याकूब की लड़की सफीना के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था.दोनो के दाम्पत्य जीवन से एक पुत्री पैदा हुई है जिसकी उम्र 03 वर्ष है.रईस की पत्नी सफीना करीबन 04-05 माह पूर्व गढ़वा झारखण्ड के रहने वाला अलम के लड़का आरजू खान के साथ भाग गई थी जिसे रईस अपने साथ लेकर मनेन्द्रगढ़ आ गया था पिछले 01 डेढ माह से अपनी पत्नी एवं बच्ची को साथ लेकर मौहारीपारा चनवारीडांड में किराये के मकान लेकर रहता था.15.05.2024 के रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा मृतक के साथ मारपीट कर हत्या कर उसके शव को फारेस्ट डिपो के पीछे ले जाकर फैक दिये थे. रिपोर्ट पर थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 159/24 धारा 302 भा.द.सं. कायम किया गया है.पुलिस अधीक्षक, जिला एमसीबी चन्द्रमोहन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए. टोप्पो के मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान मृतक की पत्नी सफीना से पुछताछ करने पर बताई की 15 मई 2024 को आरजू के पास फोन कर अपने पति रईस अहमद का हत्या कराने की योजना बनाई। रात्रि करीबन 02.00 बजे आरजू नामक युवक अपने बुआ के लड़के खुशी के साथ मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ अपनी मोटर सायकल से आया आने के बाद सफीना के पास फोन किया तो सफीना ने दरवाजा खोला. जिसके बाद दोनो युवक मृतक रईस अहमद के बेड रूम में जाकर मृतक को सोते हुये हाथ मुक्का एवं लात तथा धारदार हथियार से मारपीट कर गले में गमछा बाध कर गला घोट कर हत्या कर दिये तथा साक्ष्य को छिपाने के लिए मृतक के शव को फारेस्ट डिपो के पीछे ले जाकर रख दिये थे.आरोपीया सफीना खातून पति मरहूम रईस अहमद उम्र 21 वर्ष निवासी मौहारपारा से घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त कर आरोपिया के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने आरोपिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया. प्रकरण में धारा 201,120 (बी),34 भा.द.सं. जोडी गई है।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में स्ट्राइव योजनांतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए इंटर्नशिप अवेयरनेस प्रोग्राम 02 दिवस एवं इंटर्नशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 15 दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम एवं उद्यमिता विकास योजना का शुभारंभ 15 मई 2024 से किया गया है। जिसका उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में 2 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला किया जायेगा इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता की बुनियादी अवधारणाओं-सफल उद्यमियों की प्रेरणा दायक कहानियों और व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी दी जावेगी। 15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय योजना बनाने, वित्तपोषण प्राप्त करने, मार्केटिंग रणनीति विकसित करने और अपने व्यवसायों का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करेगा। आत्मनिर्भरता यह योजना प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीविका कमाने के लिए प्रेरित करेगी। प्रशिक्षित युवा अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करके दूसरे के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते है। आर्थिक विकास यह योजना क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान करेगी। यह योजना आई.टी.आई. बेरला के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को पूरा करने और देश के विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

# गैस कनैक्शनधारियों को ई-केवाईसी कराने लगाए जायेंगे शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक उपक्रम के द्वारा संचालित जिले के गैस एजेंसियों द्वारा गैस उपभोक्ताधारियों से ई-केवाईसी का कार्य लगातार किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी बी.के. कोर्राम ने बताया कि ऐसे गैस उपभोक्ता, जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है, उनके लिए ग्राम पंचायतों/वार्डों में शिविर लगाकर ई-केवाईसी कार्य किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि गैस उपभोक्ता कार्ड में दर्ज व्यक्ति का ही ई-केवाईसी का प्रावधान है। उपभोक्ता को स्वयं का आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर, उपभोक्ता कार्ड के साथ निर्धारित समय एवं दिनांक में उपस्थित होकर ई-केवाईसी कराना होगा। नगरनिगम धमतरी क्षेत्र के हटकेशर नागदेव मंदिर चौक में 20 से 22 मई तक सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर लगेगा। इसमें हटकेशर वार्ड, शीतलापारा वार्ड, सुभाष नगर वार्ड और लाल बगीचा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे। इसी तरह कोष्टापारा नंदी चौक के पास 23 से 25 मई तक आयोजित शिविर में कोष्टापारा, साल्हेवार पारा, महंत घासीदास वार्ड, जालमपुर वार्ड और ब्राम्हण पारा वार्ड, एकलव्य खेल परिसर में 27 से 29 मई तक आयोजित शिविर में रामपुर वार्ड, विंध्यवासिनी वार्ड, महिमासागर वार्ड, दानीटोला वार्ड, सत्संग भवन गोकुलपुर में 30 मई से 1 जून तक आयोजित शिविर में गोकुलपुर, महात्मा गांधी वार्ड, सदर दक्षिण और बांसपारा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे। इन्डोर स्टेडियम में 3 जून से 5 जून तक आयोजित शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठा पारा, अम्बेडकर वार्ड, नयापारा वार्ड और रामसागरपारा वार्ड, डाक बंगला नंदी चौक में 6 जून से 8 जून तक आयोजित शिविर में डाक बंगला वार्ड, सोरिदभाठ, जोधापुर और स्वामी विवेकानंद वार्ड के गैस कनेक्शनधारी शामिल हो सकेंगे। बाल मंदिर रिसाईपारा पश्चिम में 10 जून से 12 जून तक आयोजित शिविर में रिसाईपारा पश्चिम, रिसाईपारा पूर्व और टिकरापारा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी, अर्जुनी थाना के सामने सामुदायिक भवन में 13 जून से 15 जून तक लगने वाले शिविर में बठेना वार्ड, औद्योगिक वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के गैस कनेक्शनधारी तथा पुराना मंडी सुंदरगंज वार्ड में 17 जून से 19 जून तक लगने वाले शिविर में सुंदरगंज, नवागांव वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड और मकेश्वर वार्ड के लोग तथा नगरनिगम कार्यालय पार्किंग स्थल में 20 जून से 22 जून तक आयोजित शिविर में आमापारा वार्ड, मोटर स्टैण्ड वार्ड, बनियापारा वार्ड तथा सदर उत्तर वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे।

# हेल्पलाइन का संचालन 30 मई तक होगी



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर की अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव पुष्पा साहू के आदेशानुसार हेल्पलाईन नम्बर 18002334363 संचालित है। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा परिणाम के बाद तनाव के प्रबंधन, करियर, विषय चयन संबंधी मार्गदर्शन के लिए 17 मई 2024 को मनोवैज्ञानिक, करियर काउंसलर अरूणा जैन, उप सचिव जेके अग्रवाल के मार्गदर्शन, हेल्पलाइन नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार साहू के नेतृत्व में प्रीति शुक्ला द्वारा परीक्षार्थियों, अभिभावको में परीक्षा परिणाम से पूर्व उनके मन में आने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों, समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। आज हेल्पलाईन में विभिन्न जिलों से पूरक का फार्म कब आ रहा है, क्रेडिट योजना से पेपर देना है, श्रेणी सुधार के संबंध मे जानकारी चाही गई। पुनर्मूल्यांकन करना है, जैसे विभिन्न प्रश्न पूछे गये।
जिनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। हेल्पलाईन का संचालन 30/05/2024 तक रविवार को छोड़कर शेष दिवस में संचालित किया जावेगा।

# आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन के तहत आवेदन 24 मई तक

## जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शिक्षा सत्र 2024-25 में आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन के तहत वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग (कन्या) में प्रवेश लेने के लिए अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक छात्राओं से आवेदन मंगाए गए हैं। इसके मद्देनजर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के ऐसे इच्छुक छात्राओं, जो कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण एवं विज्ञान अथवा वाणिज्य विषय के साथ आगे की पढ़ाई करना चाहती है, वे आगामी 24 मई तक कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग में आवेदन कर सकतीं हैं। इस संबंध में दिशा-निर्देश और अन्य जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है। सहायक आयुक्त ने बताया कि विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग छात्राओं का आवासीय परिसर (छात्रावास) है। छात्राओं के अध्ययन के लिए दुर्ग जिले के शासकीय महाविद्यालयों में पहले प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश प्रक्रिया स्नातक बीएससी/बीकॉम के प्रथम वर्ष में ही होगी। दुर्ग जिले के शासकीय महाविद्यालयों में जून 2024 से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रहा है। इच्छुक छात्राओं को विभाग के साथ अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा कि विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के स्नातक/स्नातकोत्तर तथा बीएड की पढ़ाई के पश्चात् प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्र में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए सहमत हैं, साथ ही छात्राओं को संबंधित जिला मुख्यालय में संचालित विज्ञान/वाणिज्य केन्द्र पर अस्थायी प्रवेश के बाद दी जाने वाली सुविधाओं की पात्रता होगी।

# प्रतिस्पर्धा आयोग कार्यशाला की गई आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





व्यापार एवं कारोबार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धा आयोग भारत सरकार का गठन किया गया है। इसके मद्देनजर उपभोक्ता कल्याण में वृद्धि समग्र आर्थिक विकास एवं कारोबार में नवाचार के विजन को प्रतिस्पर्धा अधिनियम-2002 यथा संशोधित 2023 के अनुपालन की जानकारी देने के लिए बीते दिन जिला पंचायत समा कक्ष में हितधारकों जैसे विभिन्न औद्योगिक इकाईयां शासकीय विभाग के अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गयी। कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में राज्य के रिसोर्स पर्सन डी.आर. वाधवानी पूर्व अपर संचालक उद्योग द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न परिभाषाओं एवं अनुबंध तैयार करने में सावधानियां बाजार तथा बोली में हेर-फेर संबंधी शिकायतों की प्रक्रिया एवं निराकरण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही उसके लिए आवश्यक अभिलेखों को प्रस्तुत करने के तरीकों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक एस.पी. गोस्वामी, नगर निगम आयुक्त विनय पोयाम, खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम, जिला विपणन अधिकारी सुनील राजपुत, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी छाबड़ा एवं राइस मिल एसोसिएशन के राजू लुकंड, अनिल चंद्राकर, नवीन सांकला, राजेश गोलछा सहित 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता रैली



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में डेंगू से बचाव और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर 'सामुदाय से डेंगू नियंत्रण करें' थीम पर बीते दिन जनजागरूकता रैली निकाली गई। मितानिनों द्वारा निकाली गई इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद मितानिनों की संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें डेंगू के लक्षण और इससे बचने के उपाय के बारे में बताया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने डेंगू दिवस पर प्रोजेक्टर के माध्यम से मितानिनों को डेंगू के लक्षण, इसके प्रभाव और गंभीर स्थिति में बचने के उपाय की बारीकी से जानकारी दी तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गृह भेंट कर स्वास्थ्य शिक्षा व संभावित जगहों पर लार्वा नष्ट करने की कार्यवाही करने कहा गया। डेंगू के लक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि अचानक तेज सिर दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना, जी मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना इत्यादि है। गौरतलब है कि डेंगू से नियंत्रण के लिए जिले के शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में लार्वी साइड ''टेमीफॉश'' एवं ''बी.टी.आई.'' का छिड़काव किया जा चुका है। इसके अलावा मगरलोड और नगरी क्षेत्र में डीडीटी पाउडर का छिड़काव किया जा चुका है।

## सभी मोटर सायकलों को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर जब्त किया, आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

# मगरलोड पुलिस ने मोटर सायकल चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



थाना मगरलोड क्षेत्रातंर्गत कुछ महिनो से मोटर सायकल चोर गिरोह द्वारा मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था, जिस पर थाना मगरलोड में अपराध कमांक 01/24, 81/24, 114/24, 164/24 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान मगरलोड पुलिस द्वारा आरोपियों की पता साजी के लिए लगातार मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से की जा रही थी। इसी तारतम्य मे 16 मई 2024 को बिना नंबर प्लेट वाली अलग.अलग तीन मोटर सायकल में दो-दो व्यक्ति बैठकर ग्राम पण्डरीपानी की ओर जा रहे थे, जिसे चोरी की मोटर सायकल होने के संदेह पर रोककर मो.सा. के संबंध में पूछताछ कर आरसी बुक पेश करने कहा तो मो.सा. सवारों का जवाब संतोषप्रद नही मिलने से आरोपीगण को थाना लाकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम लिया गया, जिसमें आरोपीगण अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताये कि आज से करीबन 02-03 माह पूर्व मधुबन मेला में मिलकर मोटर सायकल चोरी करने की योजना बनाकर गिरोह बनाकर कुरूद, राजिम, कोपरा, महासमुंद, करेलीबड़ी, मगरलोड के क्षेत्रों को टारगेट करते हुये चोरी की घटना को अंजाम दिये। आरोपीगण द्वारा ग्राम तर्रा कोपरा से दो हिरो सीडी डिलक्स मोटर सायकल, ग्राम मोहेरा से हिरो सीडी डिलक्स एंव एचएफ डिलक्स मोटर सायकल, करेलीबड़ी से होण्डा ड्रीम युगा, ग्राम परसाबुड़ा से हीरो पैसन प्रो राजिम बस स्टैण्ड से हिरो डिलक्स मोटर सायकल, महासमुंद से एक लाल स्कूटी हिरो ड्यूट, ग्राम कपालफोड़ी से होण्डा हारनेट, ग्राम दुधवारा से हिरो सीडी डिलक्स, ग्राम कुण्डेल से हिरो एचएफ डिलक्स,श्यामनगर राजिम से हिरो एचएफ डिलक्स, मधुबन मेला से हिरो स्पलेण्डर, ग्राम परतेवा राजिम से हिरो एचएफ डॉन, कुरूद से बजाज पल्सर को चोरी कर मोटर सायकल का पहचान छुपाने के लिये मोटर सायकल कर नंबर प्लेट निकालकर छिपाकर रखना एंव इस्तेमाल करना बताने से उक्त सभी मोटर सायकलों को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर जप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। जप्त वाहन में कुछ मोटर सायकलों के मालिकों का नाम पता अज्ञात होने से धारा 41 (14) दप्रस 379, 201, 34 भादवि का इस्तगाशा तैयार कर वाहन स्वामी की पता तलाश किया जा रहा है एवं आस.पास के जिले एवं थानों से भी चोरी के दर्ज अपराध के संबंध में जानकारी ली जा रही है। जिससे और भी अपराध खुलने की संभावना है। पकडे गये आरोपियो में -नयन निषाद पिता लोचन निषाद उम्र 20 वर्ष साकिन ग्राम बरोण्डा थाना राजिम जिला गरियाबंद, लीलाराम निषाद पिता पंचराम निषाद उम्र 23 वर्ष साकिन ग्राम कुटेना थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद, मेघराज निषाद पिता गौकरण निषाद उम्र 19 वर्ष साकिन गाड़ाडीह थाना मगरलोड जिला धमतरी छग, योकेश्वर निषाद पिता हुमन निषाद उम्र 19 वर्ष साकिन बरोण्डा थाना राजिम जिला गरियाबंद, छग, नीलकंठ दास पिता स्व.अंजोर दास उम्र 26 वर्ष साकिन माहेरा थाना मगरलोड जिला धमतरी, धरमचंद निषाद पिता मोहन लाल निषाद उम्र 29 वर्ष साकिन कुटेना थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत, सउनि नेहरू राम साहू, प्रधान आरक्षक जैतराम जोगी, दीनु मारकण्डे एवं आरक्षक धर्मेन्द्र साहू, विमल पटेल, गोविंदा घृतलहरे, गजानंद साहू, नवीन टंडन, अजय गिरी, राजेन्द्र कतलम, नरेन्द्र बंजारे,अजय गिरी,भीम साहू, ललित, विद्या गजपाल का सराहनीय योगदान रहा।

# सहायता केन्द्र स्थापित-इकाईयों के पंजीयन के लिए रोस्टर निर्धारित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

सूक्ष्म एवं औद्योगिक इकाईयों को केन्द्रीय भू-जल बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन करने के लिए कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 66 में स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में सहायता केन्द्र (हेल्प डेस्क) की स्थापना कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। धमतरी और नगरी विकासखण्ड के लिए प्रबंधक प्रशांत चन्द्राकर, मोबाइल नंबर 81037-18222 और कुरूद एवं मगरलोड विकासखण्ड के लिए प्रबंधक डी.पी.साहू, मोबाइल नंबर 84355-58175 की ड्यूटी लगाई गई है। आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र, इकाई का पेन कार्ड, इकाई का उद्यम पंजीयन या उत्पादन प्रमाण पत्र, इकाई का ईमेल आईडी, शेड भवन का आकार, मोबाइल नंबर और इकाई का सील इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

इकाईयों के पंजीयन के लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है। इसके तहत धमतरी विकासखण्ड के सभी अरवा राईस मिल के लिए 21 मई, कुरूद, नगरी, मगरलोड विकासखण्ड के सभी अरवा राईस मिल के लिए 22 मई, धमतरी विकासखण्ड के उसना राईस मिल के लिए 24 मई, कुरूद विकासखण्ड के सभी उसना राईस मिल के लिए 27 मई, नगरी और मगरलोड के सभी उसना राईस मिल सहित कोल्ड स्टोरेज इकाईयां, फ्लाई एश ब्रिक्स के लिए 28 मई तथा शेष एवं अन्य औद्योगिक इकाईयों के पंजीयन के लिए 29 एवं 30 मई की तिथियां निर्धारित की गई हैं।

## संपादकीय

# थोक मुद्रास्फीति बढ़त की आशंका

**थोक मुद्रास्फीति** अप्रैल में 13 महीने के सर्वोच्च स्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई। अगले दो महीने में गरमी बढ़ने के साथ ही खाद्य पदार्थों की कीमत में संभावित वृद्धि देश में अनेक परिवारों की चिन्ता का कारण बन सकती है। थोक मुद्रास्फीति से खाद्य पदार्थ और ईंधन महंगे हो सकते हैं। हालांकि, मजेदार बात है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई के आधार पर मापे जाने वाली खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट आई है और वह 11 महीने के सबसे निचले स्तर 4.83 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि पिछले महीने यह 4.85 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई मुद्रा नीति तय करने के लिए मुख्यत: खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। लेकिन औसत व्यक्ति के लिए थोक मूल्य सूचकांक-डब्लूपीआई में वृद्धि चिन्ता का विषय है क्योंकि इसका प्रभाव मुख्यत: प्रसंस्कृत और गैर-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों तथा विनिर्मित वस्तुओं पर पड़ता है। वर्तमान समय में भारत भयानक गरमी का अनुभव कर रहा है जिससे सब्जियों के दाम बढ़ने की आशंका है। पूर्वानुमान है कि डब्लूपीआई मुद्रास्फीति मई, 2024 में 2-3 प्रतिशत बढ़ेगी और यह बढ़ते हुए जून, 2024 में अपने शिखर पर पहुंचेगी। डब्लूपीआई खाद्य मुद्रास्फीति में प्रमुख खाद्य पदार्थ तथा विनिर्मित खाद्य पदार्थ शामिल हैं। इसमें लगातार तीसरे महीने वृद्धि हुई है और यह अप्रैल में 8 महीने के सर्वोच्च स्तर 5.5 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 0.4 प्रतिशत बढ़ी थी। विनिर्मित खाद्य पदार्थों में यह 15 महीने के सर्वोच्च स्तर 1.2 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि प्रमुख खाद्य पदार्थों में यह चार महीने के सर्वोच्च स्तर 7.7 प्रतिशत पर पहुंची।

अप्रैल में डब्लूपीआई मुद्रास्फीति वृद्धि में मुख्यत: ईंधन और खाद्य पदार्थों का योगदान रहा है। लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति के मामले में अच्छी खबर यह है कि सामान्य मानसून की उम्मीद से स्थिति में सुधार आएगा। सामान्य मानसून



से कृषि उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है। वस्तुओं की कीमतों में चीन से बढ़ती मांग की उम्मीद में भी वृद्धि हो रही है। भारत में यह चुनाव वर्ष है। ऐसे में अनुमानों के आधार पर कीमतों में वृद्धि संभावित है जिसमें सरकारी नीतियों की निरंतरता पर संदेह शामिल है। इसके साथ ही चुनाव पर होने वाले भारी खर्च का खामियाजा भी आम आदमी को बढ़ी कीमतों के रूप में भुगतना पड़ता है। कार्पोरेट और व्यापारियों द्वारा राजनीतिक पार्टियों की फंडिंग के कारण अक्सर चुनाव के पहले और चुनाव के बाद कीमतें बढ़ सकती हैं। लाजिस्टिक बाधाओं, श्रमिकों की कमी तथा तेल की कीमतें बढ़ने के कारण परिवहन की लागत बढ़ने से कुल मिला कर मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ता है। इसके कारण खाद्य पदार्थों के उत्पादकों तथा उपभोक्ताओं पर समान रूप से दबाव बढ़ जाता है। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण चुनाव चर्चा आर्थिक नीतियों तथा उनके प्रभावों पर केन्द्रित हो सकती है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, वर्तमान समय में महंगाई तथा बेरोजगारी चुनाव में गरमागरम बहस के मुद्दे हैं। आमतौर से सत्तारूढ़ पार्टी को बढ़ती कीमतों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है क्योंकि लोग उसे कीमतों पर लगाम लगाने का जिम्मेदार मानते हैं। मुद्रास्फीति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक समग्र रणनीति की जरूरत है जिसमें अल्पकालीन हस्तक्षेपों के साथ दीर्घकालीन ढांचागत परिवर्तन शामिल हैं। लक्षित सब्सिडी तथा मूल्य स्थिरीकरण व्यवस्थाओं जैसे त्वरित कदमों से खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से उपभोक्ताओं को अस्थाई राहत मिल सकती है।

# जीर्णोद्धार की प्रतीक्षा में जानकी मंदिर

## मां जानकी जहां प्रकट हुई थीं उस स्थान का नाम पुनौराधाम है। यह स्थान बिहार के सीतामढ़ी जिले में सीतामढ़ी शहर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर स्थित है।




**प्रभात झा**
(लेखक, पूर्व भाजपा सांसद हैं)




भारत में सामान्य तौर पर किसी से भी पूछा जाए कि भगवान श्री राम लला का जन्म कहां हुआ, तो सभी तपाक से उत्तर देंगे अयोध्या। हर भारतीय के जुवां पर यह नाम है। इसी तरह यदि आप पूछें कि मां जानकी का जन्म कहां हुआ तो लोग उत्तर देते हैं जनकपुर जो सरासर गलत है। जनकपुर तो मां जानकी/सीता जी का ननिहाल और विवाह स्थल है। सत्य यह है कि मां जानकी जहां प्रकट हुई थीं उस स्थान का नाम पुनौराधाम है। यह स्थान बिहार के सीतामढ़ी जिले में सीतामढ़ी शहर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर स्थित है। यह वही स्थान है, जहां एक बार अकाल पड़ने पर राजा जनकजी को कहा गया कि आप यदि स्वयं खेत में हल जोतेंगे तो अकाल समाप्त हो जायेगी और वरुण देवता प्रसन्न हो जाएंगे। उस समय जनकपुर भारत का हिस्सा हुआ करता था, पर आज जनकपुर नेपाल में है, पर मां सीताजी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम आज भी भारत में है। इसके शास्त्रों में प्रमाण भी उपलब्ध हैं।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की सारी मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष की अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमश: श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है। वर्णन है की एक बार सम्पूर्ण मिथिला में घोर दुर्भिक्ष पड़ गयाद्य अनावृष्टि से मिथिलावासियों में त्राहि-त्राहि मच गई। लोग अन्न और जल के अभाव में दम तोड़ने लगेद्य सब जीव-जंतु व्याकुल हो उठे। उस समय मिथिला महाराजा निमि के वंशज राजा जनक राज कर रहे थ। यज्ञ से वर्षा होती है और वर्षा के प्रभाव से अन्न उत्पन्न होता है। इससे प्रभावित होकर राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श कियाद्य सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिएद्य इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था , उसके पारत: पंचकोशी चार विशाल द्वार थेद्य वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमश: दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित है। यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ( शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ।

पद्मपुराण में वर्णन है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम सीता होना अपेक्षित है, क्योकि सीत( फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता( सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा से बचाने के लिए मड़ई (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

पुण्डरीक क्षेत्र अर्थात पुनौराधाम,जहां मां जानकी जी का प्राकट्य हुआ, वहां कई पुरातन स्मृतियां हैं, जिनका वर्णन और वहां की भाषाएं का उल्लेख रामायण, पुराणों, संहिताओं एवं इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में वर्णित है, सनातन में अविस्मरणीय-अमिट हैद्य पुनौराधाम में प्रवेश मात्रा से प्राणी पवित्र हो जाता हैद्य मां जानकी कुण्ड में जलस्पर्श एवं स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैद्य मां जानकी जन्म कुण्ड को पुण्यनिधि कहा गया हैद्य शास्त्रों-पुराणों में वर्णन है कि यहां तीर्थाटन करने से सभी पापों, संकटों से मुक्ति पाकर श्रद्धालु पुण्यलोक की प्राप्ति कर सकते हैं। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने इसका शास्त्रों में प्रमाण देते हुए वर्णन किया है कि: सीताराम गुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणी, वंदे विशुद्ध विज्ञानों कवीश्वर कपीश्वर (बालकाण्ड संख्या-3)। इसका अर्थ है कि श्री सीताराम जी के गुण समूह रूपी पवित्रता में विहार करने वाली पुण्यारण्य अर्थात पुनौराधाम विशुद्ध विज्ञान संपन्न कवीश्वर श्री वाल्मीकि जी और कपीश्वर श्री हनुमान जी की मैं वंदना करता हूं। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी गत 12 वर्षों से लगातार पुनौराधाम में जानकी नवमी आने के नौ दिन पूर्व से जगत जननी मां जानकी की जन्म स्थली पर नौ दिन कथा कर जानकी नवमी सम्पन्न कर समाज को सदैव संदेश देते हैं कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्यस्थल है। मैं और जगतगुरु रामभद्राचार्य जी बिहार के तत्कालीन राज्यपाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को इस आशय की जानकारी भी दीद्य आजादी के बाद पहली बार कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्तित्व तत्कालीन राज्यपाल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी पुनौराधाम पहुंचेद्य उन्होंने हजारों की सभा में कहा कि पुनौराधाम के बारे में तो मुझे पता ही नहीं था कि यह मां जानकी जी का प्राकट्यस्थल है। यह तो मैं प्रभात झा जी जो हमारे मिथिला के ही गौरव हैं, ने जब बताया तो जानकारी मिलीद्य जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने कहा कि आप जानकी नवमी पर आईये तो मैं वहां पहुंचा। नीतीश जी ने कहा कि बिहार सरकार पुनौराधाम स्थित मां जानकी के प्राकट्यस्थल का धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विस्तार करने की दिशा में अनेक कदम भविष्य में उठाये जाएंगे।

अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर वर्षों के संघर्ष के बाद न्यायालय के फैसले से बनकर तैयार हो गयाद्य अभी अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर का प्रथम चरण बना है जिसकी जिसकी प्राणप्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को स्वयं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा किया गया। कहा जाता है कि %बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं। पूरे विश्व से अयोध्या में बने भगवान रामलला के भव्य दिव्य मंदिर के दर्शनार्थ आज लाखों लोग पधार रहे हैं। अयोध्या का विकास इतना हो रहा है कि आने वाले दिनों में अयोध्या विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल बन जाएगाद्य ऐसा होना हमारी आध्यात्मिक शक्ति को बढ़ाएगा भी। पर दूसरी ओर, मां जानकी( सीताजी) का प्राकट्यस्थल पर न चर्च है , न मस्जिद है, न किसी तरह का जमीनी विवाद है, और तो और वहां मां जानकी का एक छोटा मंदिर भी बना हैद्य वहां वह स्थल भी मौजूद है जहां राजा जनक ने हल जाता था और मां सीता हल जोतते समय एक मटके से हल के अगले हिस्से जिसे सीत कहा जाता है, के लगने से प्रकट हुईं। 'सीत' जो हल का अगला हिस्सा होता है उसके लगने से ही मां सीता प्रकट हुईं। 'सीत' के कारण ही उनका नाम 'सीता' पड़ा । पुनौराधाम से राजा जनक ने उन्हेंएक 'मढ़ी' में लेकर गए, आज जिसे 'सीतामढ़ी' कहा जाता है। उसके पीछे की कहानी जानकार लोग यही कहते हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी जब भी अयोध्या में गए थे जय श्री राम नहीं बोले वह हमेशा 'जय सियाराम' ही बोले। अब सवाल उठता है की मां जानकी सीता जी के प्रकट स्थल का जीर्णोद्धार कब होगा। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने प्रण लिया हुआ है कि जब तक मां सीता जी के प्रकट स्थल का जीर्णोद्धार और यह भारत का श्रेष्ठ धाम नहीं बनेगा मेरी कथा सदैव जानकी नवमी पर यहां होती रहेगी। मैं स्वयं राज्यसभा में भी पुनौरा धाम का मामला और वहां मां जानकी के प्राकट्य स्थल के संपूर्ण विकास का मामला उठाया था सदन में सभी दलों ने इसका समर्थन भी किया था। बहुत मुश्किल से भारत में लोगों को अब यह जानकारी हुई है कि पुनौराधाम जो सीतामढ़ी से मात्र साढ़े तीन किलोमीटर दूर है, मां सीता का प्राकट्यस्थल है। नहीं तो लोगों के मन में तो अभी भी जनकपुर का नाम ही बैठा था।

जनकपुर इसलिए प्रसिद्ध हुआ कि वहां मां जानकी ने भगवान शंकर के धनुष को सहज उठाकर रख दिया था। यह देख राजा दशरथ आश्चर्यचकित हो गए इसके बाद उन्होंने घोषणा की थी की जो व्यक्ति इस धनुष को उठा लेगा मैं उसी से अपनी बेटी सीता का विवाह कर दूंगा। जनकपुर में बहुत लोग आए पर सभी को ज्ञात है कि भगवान श्री राम ने ही वह धनुष उठाया प्रत्यंचा चढ़ा दी इसके बाद मां सीता का स्वयंवर रचा और भगवान श्री राम से उनका विवाह हुआ।

पुनौराधाम भारत के बिहार राज्य में स्थित सीतामढ़ी में है। अत: भारत सरकार और बिहार सरकार का यह आध्यात्मिक और नैतिक दायित्व बनता है की पुनौराधाम को भारत का श्रेष्ठ धाम बनाने की दिशा में पुरजोर प्रयास करें। अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े श्री कामेश्वर चौपाल जी, जिन्होंने भव्य राम मंदिर के निर्माण की पहली ईट सबसे पहले लगाई थी का कहना है कि बिहार सरकार पुनौराधाम ट्रस्ट को यदि हमारे अयोध्या स्थित ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौराधाम को अयोध्या की तर्ज पर भव्य दिव्य मंदिर और भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता जी (मां जानकी) को लेकर पुनौराधाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता।

भारत की जनता अब पुनौराधाम आने लगी है। जानकी नवमी को वहां बहुत बड़ा मेला लगता है। प्राकृतिक कुंड के सामने जानकी नवमी वाले दिन जगत गुरु रामभद्राचार्य जी पूजा अर्चना कर सभी को आशीर्वाद देते हैं। वहां 9 दिन तक भंडारा चलता है। देश भर से माता बहने आती हैं और अपने-अपने नवजात बच्चों और अनय बच्चों के सर पर मां जानकी के प्राकट्यस्थल का रज लगती है। यहां कहावत कहीं जाती है कि यहां का रज जिस नवजात बच्चे की ललाट पर लगता है उसमें लव कुश के संस्कार सहज आ जाते हैं। जगत जननी मां सच में इंतजार कर रही है कि और कह रही है कि जिनके कारण मेरा धरा पर अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।

# कृषि में कृत्रिम बुद्धि के क्रांतिकारी प्रभाव

> एआई किसानों को संसाधन आवंटन को अनुकूलित करने, पर्यावरणीय गिरावट को कम करने और फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है।




**प्रेरणा नेगी**
(लेखिका, एक शोधकर्ता हैं)


कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से भोजन की बर्बादी में नाटकीय रूप से वृद्धि होने की आशंका है, जलवायु परिवर्तन और अन्य मुद्दों के कारण लगभग एक अरब लोग भूखे और कुपोषित रह रहे हैं, भले ही दुनिया सभी को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन का उत्पादन करती है। 2050 तक 9.7 अरब लोगों के ग्रह पर निवास करने की उम्मीद के साथ, कृषि क्षेत्र पर कम संसाधन उपयोग और कम पर्यावरणीय प्रभाव के साथ भोजन उपलब्ध कराने का दबाव बढ़ रहा है। शुक्र है, कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के अनुप्रयोग ने खाद्य प्रणालियों में क्रांति लाने और विश्व खाद्य समस्या को कम करने का वादा किया है। एआई कई स्रोतों से डेटा का विश्लेषण करके किसानों को डेटा-संचालित विकल्प बनाने, संसाधन खपत को अनुकूलित करने और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने में सहायता कर सकता है। विश्व आर्थिक मंच के विश्लेषण के अनुसार, एआई को कृषि में एकीकृत करने से कीटनाशकों के उपयोग में 60 प्रतिशत की कमी और पानी के उपयोग में 50 प्रतिशत की कमी हो सकती है।

बाज़ार मांग विश्लेषण समकालीन कृषि का एक अनिवार्य घटक है। मौसम संबंधी डेटा और उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण करने के अलावा, एआई किसानों को उत्पादन या बिक्री के लिए सर्वोत्तम फसल चुनने में सहायता कर सकता है और कब बोना है और किस प्रकार की फसल उगानी है, इस पर व्यावहारिक सलाह दे सकता है। डेटा पैटर्न की जांच करके लाभप्रदता का अनुकूलन करते हुए कुछ फसलों के लिए बाजार की मांग का पूर्वानुमान लगाना संभव है। किसान पूर्वानुमान और भविष्य कहनेवाला विश्लेषण का उपयोग करके फसल विफलता की संभावना को कम कर सकते हैं। यह ऐसे सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन बनाएगा जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और कंप्यूटर विज़न विधियों का उपयोग करके फलों और सब्जियों का विश्लेषण करेंगे और उनकी गुणवत्ता, ताजगी और आकार के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। फसलों में खामियों और बीमारियों की पहचान करने के अलावा, ये एआई प्रौद्योगिकियां किसानों को फसलों के प्रभावित होने से पहले निवारक कार्रवाई करने की अनुमति देती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पौधों की वृद्धि पर डेटा एकत्र करके ऐसी फसलों के उत्पादन में सहायता कर सकता है जो मौसम और रोग के अनुकूल हों। वैज्ञानिक सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले पौधों की किस्मों को खोजने के लिए एआई का उपयोग कर सकते हैं और उन्हें और भी बेहतर संकर बनाने के लिए क्रॉसब्रीड कर सकते हैं। एआई सिस्टम लापता पोषक तत्वों का विश्वसनीय रूप से अनुमान लगाने और रासायनिक मिट्टी विश्लेषण करने में सक्षम हैं।

उनका एक उत्पाद, पोषक तत्व स्कैनर, मिट्टी के नमूनों से जानकारी इकट्ठा करता है और किसानों को उन पोषक तत्वों की कमी और मिट्टी की सामान्य स्थिति का सटीक अनुमान देता है। यह किसानों को सिंचाई कार्यक्रम और उर्वरक अनुप्रयोगों को संशोधित करके फसल विकास को अनुकूलित करने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में सक्षम बनाता है। एआई पौधों की स्थिति की निगरानी करके बीमारियों का पता लगा सकता है और उनकी भविष्यवाणी कर सकता है, खरपतवारों की पहचान कर सकता है और उन्हें हटा सकता है और कीटों के प्रभावी उपचार की सिफारिश कर सकता है। यह कीटों के लिए सबसे प्रभावी उपचार का सुझाव भी दे सकता है, जिससे व्यापक स्पेक्ट्रम कीटनाशकों की आवश्यकता कम हो जाती है जो लाभकारी कीड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं और कीटनाशक प्रतिरोध को जन्म दे सकते हैं। किसानों को फसल की वृद्धि और परिपक्वता का अनुमान लगाना कठिन और समय लेने वाला लगता है, लेकिन एआई इस काम को सटीक और तेजी से पूरा कर सकता है। सेंसर और छवि पहचान उपकरणों जैसे एआई-संचालित गियर के उपयोग से फसल परिवर्तनों की निगरानी और ट्रैकिंग करके किसान सटीक भविष्यवाणी कर सकते हैं कि फसल कब आदर्श परिपक्वता प्राप्त करेगी। अध्ययनों के अनुसार, फसल परिपक्वता का पूर्वानुमान लगाने के लिए एआई को नियोजित करने से प्राप्त सटीकता दर मानव पर्यवेक्षकों की तुलना में अधिक थी। इस बेहतर परिशुद्धता के परिणामस्वरूप किसानों को बड़ी लागत बचत और बेहतर राजस्व से लाभ हो सकता है। किसान सेंसर और एआई सिस्टम को एकीकृत करके मिट्टी में पानी और पोषक तत्वों की मात्रा को सटीक रूप से ट्रैक कर सकते हैं। तापमान, पीएच स्तर, पोषक तत्व सामग्री और मिट्टी की नमी जैसे कई कारकों का पता लगाने वाले उपकरणों को तैनात करना सेंसर-आधारित मिट्टी निगरानी प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है। ये सेंसर डेटा को एआई सिस्टम में वापस भेजते हैं, जो इसे संसाधित करते हैं, इसका मूल्यांकन करते हैं और किसानों को उनके द्वारा खोजी गई मिट्टी की स्थितियों के आलोक में उनकी फसलों को संभालने के सर्वोत्तम तरीकों पर सलाह देते हैं। एआई-संचालित प्रौद्योगिकियां किसानों को पौधों की बीमारियों और कीड़ों की पहचान लोगों की तुलना में तेजी से करने में मदद कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, एक एआई-संचालित प्रणाली स्ट्रॉबेरी के खेत में एफिड संक्रमण की पहचान कर सकती है, जानकारी को किसान के स्मार्टफोन पर वापस भेज सकती है और फिर सर्वोत्तम कार्रवाई की सिफारिश कर सकती है।

एक जुड़े हुए स्प्रेयर के माध्यम से, यदि आवश्यक हो तो उपकरण कीटनाशकों के छिड़काव को भी स्वचालित कर सकता है। एआई तकनीक का उपयोग कीट या खरपतवार नियंत्रण को स्वचालित करने के लिए किया जा सकता है। माना जाता है कि कंप्यूटर विज़न के उपयोग से रोबोटिक निराई असाधारण रूप से सटीक होती है, जिससे कीटनाशकों के उपयोग से 90 प्रतिशत की बचत होती है। ये समाधान फसल के प्रकार, मिट्टी की स्थिति और क्षेत्र के इतिहास के बारे में जानकारी के आधार पर यह निर्धारित करने के लिए डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हैं कि प्रत्येक क्षेत्र के लिए कितने कीटनाशक की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में, कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नाटकीय रूप से बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि यह दक्षता बढ़ाकर, अपशिष्ट कम करके और फसल की पैदावार बढ़ाकर उद्योग को पूरी तरह से बदल सकता है।

## आप की बात

### सराहनीय कदम

**पाकिस्तान**, अफगानिस्तान व बांग्लादेश में प्रताड़ना के कारण भारत आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन कानून-सीएए के तहत भारतीय नागरिकता देने का काम शुरू हो गया है। केंद्रीय गृह सचिव ने अपने कार्यालय में 14 शरणार्थियों को भारत की नागरिकता का सर्टिफिकेट सौंपकर कर इसकी शुरुआत की। वैसे देश भर में कुल 300 शरणार्थियों को सीएए के तहत नागरिकता प्रदान की गई। अन्य लोगों को ईमेल के जरिए नागरिकता सर्टिफिकेट भेजे गए। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि शरणार्थियों का दशकों का इंतजार खत्म हुआ। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी, यानी वादा पूरा होने की गारंटी बताया। दिसंबर 2019 में पास सीएए कानून का अमल विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए टाला गया था।अब सरकार ने इसे क्रियान्वित कर एक सराहनीय कदम उठाया है। नागरिकता आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और केन्द्र सरकार ने इसके लिए एक खास पोर्टल लांच करने के साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। अब ममता बनर्जी जैसे नेताओं को अपनी जिद छोड़ कर उत्पीड़ित हिंदुओं, सिखों, जैनों, बौद्धों व ईसाइयों के प्रति मानवता दिखाते हुए सीएए का समर्थन करना चाहिए।

– **सदन जी**, पटना

### सीएए क्रियान्वित

**केंद्र सरकार** ने सीएए- नागरिक संशोधन कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देते हुए उन्हें नागरिकता प्रमाणपत्र देने शुरू कर दिए। इसके तहत पहली बार 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे गए हैं। इसके साथ ही देश भर में रह रहे 31हजार के लगभग गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने की शुरुआत हो गई है। यह उन सीएए-विरोधियों के मुंह पर एक तमाचा है जो इसका विरोध काफी समय से कर रहे थे। लोकसभा चुनाव में भी सीएए बड़ा मुद्दा है। विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दल न केवल इसकी तीखी आलोचना कर रहे हैं बल्कि सत्ता में आने पर इसे खत्म करने का वादा भी कर रहे हैं। भाजपा इस कानून के विरोधियों को हिंदू-विरोधी तथा मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने वाला बताती रही है। तीन देशों से भारत में 31 दिसंबर 2014 से पहले के शरणार्थी भारतीय नागरिकता की प्रतीक्षा कर रहे थे। ये पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान के धार्मिक रूप से उत्पीड़ित हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई व पारसी हैं। भारत द्वारा सीएए का क्रियान्वयन महत्वपूर्ण कदम है। इससे वह अपनी प्राचीन सभ्यता व संस्कृति के आधार पर पीड़ितों के लिए मुक्तिदाता के रूप में सारी दुनिया में उभरेगा।

– **एमएम राजावत**, शाजापुर

### एआई की दुनिया

**ओपन एआई** ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस-एआई की दुनिया में नया धमाका करते हुए सोमवार को लार्ज लैंग्वेज मॉडल का लेटेस्ट वर्जन जारी कर दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का यह तो मात्र एक ट्रेलर है। दुनिया देखेगी कि आगामी कुछ ही वर्षों में खुद एआई अपने आप को मॉडिफाई करता रहेगा और इंसानी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपरिहार्य बनता जाएगा। इससे मानव जीवन अधिक सुविधा पूर्ण बनेगा और यह मानव मस्तिष्क को भी अधिक विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। विशेष तौर से अंतरिक्ष यात्रा में अंतरिक्ष यानों और यात्रियों को लाने ले जाने, अंतरिक्ष में मानवों को बसाने से लेकर अनेकानेक रूपों में इसकी उपयोगिता बढ़ती जाएगी। एआई का मानव से प्रतिद्वंदता का सवाल ही नहीं उठता है। लेकिन चीन या साउथ कोरिया जैसे तानाशाह देश इसका अधिकाधिक दुरुपयोग मानवता को हानि पहुंचाने और अपनी तानाशाही मजबूत करने में कर सकते हैं। मगर इस बुरे पहलुओं को लेकर एआई से भयभीत होने के बजाय एआई द्वारा ही एआई का दुरुपयोग रोकने के उपाय खोजने होंगे। एआई से लोगों के रोजगार खत्म होने की आशंका भी व्यर्थ है क्योंकि ऐसी आशंका कंप्यूटर से भी जताई गई थी, जबकि इससे नए रोजगार पैदा हुए हैं।

**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### गरमी में चुनाव

**मई** का महीना, सूरज का आग उगलना, उत्तराखंड में जंगल की आग और पूरे देश में चुनावी गरमी ने हर शख्स को झुलसा दिया है। आम आदमी तो यूँ भी लू की लपेट में आ ही जाता है, किन्तु इन दिनों खास को भी वातानुकूलित दफ्तर, दूकान और कुर्सी छोड़कर तपती सड़क पर बारम्बार उतरना पड़ रहा है। इसका कारण लोकसभा चुनाव में मतदान करना और अधिकाधिक मतदाताओं को अपने पक्ष में जुटाना है। राजनेताओं की सारी उहापोह नई सरकार के बनने के बाद समाप्त हो जाएगी और वे सरकार बनाने या अपना एजेंडा लागू करने की जुगत में लग जाएंगे। लेकिन राजनेताओं को इस भयानक गरमी में चुनाव की समस्याओं से सबक लेना चाहिए। यदि चुनाव गरमी का मौसम शुरू होने से पहले ही मार्च तक करा लिए जाएं तथा बच्चों की बोर्ड परीक्षायें चुनावों के बाद रखी जाएं तो बेहतर होगा। शिक्षकों को चुनाव संबंधी कामों से अलग रखने का निर्णय भी होना चाहिए। यदि देश में -एक देश, एक चुनाव जैसी व्यवस्था लागू हो जाए तो निर्वाचन आयोग को मतदान कराने में सुविधा होगी तथा जनता के दैनिक जीवन में बाधा भी कम होगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे बैगा जनजाति योजनाएं कागजो पर बंटी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




बोडला ब्लाक के ग्राम पंचायत बोल्दा कला के बनसुलिया नामक गांव जहा पर 10 वर्षों से बैगा जनजाति के 10 परिवार के 50 सदस्य निवास करते है लेकिन सरकारी सुविधा के नाम पर वहा न सड़क है, न बिजली है, न पानी, फिर भी बैगा जनजाति के लोग बिना बिजली के अंधेरे में रहने को मजबूर है पानी जो की जीवन के लिए अमूल्य है वो भी झिरिया का पीकर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करते है लेकिन वर्तमान तापमान बढ़ने से झिरिया भी सुख चुके है जिससे अब पानी की विकराल समस्या से जूझना पढ़ रहा है बैगा परिवार मैदानी क्षेत्र में रोजी मजदूर करके अपना भरण पोषण कर रहे है लेकिन अपने निवास स्थान में पानी के लिए तरसना पढ़ रहा है एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश सचिव बंटी खान ने बताया कि एक तरफ सरकार बैगा जनजाति के अनेक योजनाओं की बात करती है लेकिन हमारे बोडला ब्लाक में विशेष संरक्षित बैगा जनजाति के लोगो को पानी, बिजली, सड़क जैसी समस्या से जूझना पढ़ रहा है अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से मिलकर बैगा जनजाति के समस्याओं पर बात की जिसमें जल्द ही निराकरण की बात कही ब्लाक कांग्रेस मीडिया प्रभारी दीपक मागरे द्वारा बताया गया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा बैगा जनजाति के लोगो को शिक्षक बनाकर विशेष सम्मान दिया गया था जिससे उनके जीवन स्तर में विशेष सुधार हुई थी बोडला ब्लाक के अनेक बैगा गांव में सीसी रोड, क्रेडा अंतर्गत बिजली की व्यवस्था एवं सौर ऊर्जा के माध्यम से पानी टंकी एवं हैंडपंप की व्यवस्था की गई थी इस मौके पर बैगा समुदाय से जगदीश बैगा डमरू बैगा मेहरू बैगा केवलसिंह बैगा बिहारी लाल बैगा सुखराम बैगा सुखखू सिंह बैगा गंगा बैगा सामरू बैगा इत्यादि बैगा जनजाति के लोग मौजूद थे।

# आरटीओ और ट्रैफिक विभाग द्वारा बड़े वाहनों से की जा रही अवैध वसूली को लेकर भाजपा नेता सौरभ लुनिया की चेतावनी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में आरटीओ विभाग और यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही के नाम पर बड़े बड़े वाहनों से की जा रही अवैध वसूली को लेकर भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने जिम्मेदार अधिकारियों को जल्द उनकी दुकानदारी बंद करने की कड़ी चेतावनी दी हैं। सौरभ ने कहा है कि आरटीओ और यातायात विभाग के अधिकारी भूल गए है, की ये भाजपा की सरकार है, न कि कांग्रेज़ की सरकार। कांग्रेस के शासनकाल में जो अवैध वसूली का खेल होता था, अधिकारी वही ढर्रा अपनाते हुए आज भी अवैध वसूली करे जा रहे है। जिसपर वे तत्काल लगाम लगाए, नही तो उन्हें चिन्हांकित कर इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को दी जाएगी। भाजपा सरकार में अवैध वसूली का खेल कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में जो बड़े बड़े वाहनों से अवैध वसूली की जाती थी, अधिकारियों को ये समझना होगा कि सरकार अब भाजपा की आ गई है, और मोदी की गारंटी वाली सरकार में अवैध कार्य बर्दाश्त नही किये जायेंगे। भ्रष्ट अधिकारी इस बात को समझ ले। सौरभ ने आगे कहा कि आरटीओ और यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारी चौक चौराहे सहित एनएच 30 मार्ग पर बैठकर बड़े बड़े वाहनों से चालानी कार्यवाही के नाम पर अवैध वसूली की जाती है कई वाहनों के मालिकों और चालको ने शिकायत की है। सौरभ लुनिया ने आरटीओ एवं यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अल्टीमेटम देते हुए दुकानदारी को बंद करने की चेतावनी दी हैं।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में स्ट्राइव योजनांतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए इंटर्नशिप अवेयरनेस प्रोग्राम 02 दिवस एवं इंटर्नशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 15 दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम एवं उद्यमिता विकास योजना का शुभारंभ 15 मई 2024 से किया गया है। जिसका उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में 2 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला किया जायेगा इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता की बुनियादी अवधारणाओं-सफल उद्यमियों की प्रेरणा दायक कहानियों और व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी दी जावेगी। 15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय योजना बनाने, वित्तपोषण प्राप्त करने, मार्केटिंग रणनीति विकसित करने और अपने व्यवसायों का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करेगा। आत्मनिर्भरता यह योजना प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीविका कमाने के लिए प्रेरित करेगी। प्रशिक्षित युवा अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करके दूसरे के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते है 7 आर्थिक विकास यह योजना क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान करेगी। यह योजना आई.टी.आई. बेरला के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को पूरा करने और देश के विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

# जिला अस्पताल बेमेतरा मोबाइल एप 'आभा' में शुरू हुई पंजीयन

## अब ओपीडी पर्ची के लिए काउंटर में लाइन लगाने की जरूरत नहीं

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला अस्पताल बेमेतरा में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप (आभा) के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं या फिर इसके लिए इस ऐप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल ऐप (आभा) तैयार किया गया है, जिसका उपयोग कर मरीज या परिजन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। खास बात यह कि इस ऐप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा, जिममें यूजर्स को एक 14 डिजिट का कार्ड मिलेगा, जिसमें मरीज के हेल्थ (डाइग्नोस्टिक व दवाई) की पूरी जानकारी भी होगी। इससे कहीं पर भी किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री जानने में कोई दिक्कत नहीं होगी। स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंदों के सुद्धीकरण और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इस ऐप के यूज के लिए जोर दिया जा रहा है। इसके तहत यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आभा कार्ड बनवा सकता है। इसमें पंजीयन के लिए मरीज या परिजन को ऐप या जिला अस्पताल के ऐप का क्यूआर कोड का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

**आसान है इस ऐप का उपयोग करना**

जिला अस्पताल बेमेतरा के सिविल सर्जन डॉ. एस आर चुरेंद्र व अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु ने बताया कि आभा ऐप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है। ऐप या क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्टर्ड ऑप्शन में जाकर अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद ओटीपी सत्यापन होगा और उपयोगकर्ता को अपना नाम, लिंग, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर व ईमेल का विवरण देना होगा। इस ऐप से संबंधित क्यूआर कोड जिला अस्पताल में चस्पा किया गया है।

# आबकारी एक्ट के एक प्रकरण में एक आरोपी के कब्जे से 9 पौवा देशी मसाला शराब जब्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com


अमलडीहा के श्रीराम निषाद नामक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर ग्राम अमलडीहा बाजार चौक में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर मौके पर पहुच कर सूचना के अधार

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 15.05.2024 को पुलिस चौकी देवकर स्टाफ को सूचना मिला कि ग्राम पर कार्यवाही किया गया। जिसमें पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी श्रीराम निषाद पिता खिलाडी निषाद उम्र 51 साल साकिन अमलडीहा पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कुल 09 पौवा देशी मशाला शराब किमती 1,080/- रूपये, बिक्री रकम 300/- रूपये, कुल जुमला रकम 1,380/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, आरक्षक साधराय कौशल, देवनारायण साहू, चेतन वैष्णव एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

# लोकसभा निर्वाचन: 7000 हजार सरकारी कर्मचारियों के खाते में आएगी मानदेय की राशि

**बेमेतरा।** एक समय था जब निर्वाचन के महीनों बाद तक मतदान दल के अधिकारियों व कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिलता था। अब मतदान दल मतदान कराके लौटता है, उससे पहले उनके खाते में राशि जमा की प्रक्रिया कर ली जाती है। बेमेतरा ज़िले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 - मतदान प्रक्रिया में तैनात 7095 अधिकारियों-कर्मचारियों के खाते 7386750 जमा होगा। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है।लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को कुल राशि 73 लाख 86 हज़ार 750 रुपये का भुगतान होगा।ये राशि सीधे उनके बैंक खातों में आयेगी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024- की मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मतगणना 4 जून 2024 को होगी। बेमेतरा ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को तय समय पर पैसा मिल जाए, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के फंड जारी कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मानदेय समय पर देने के निर्देश दिए हैं।

# ऑपरेशन ईगल अभियान के तहत दो फरार स्थायी वारंटी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पुलिस चौकी मारो स्टाफ द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 1418/2019, अपराध क्रमांक 190/2019 धारा 279,337 भादवि के मामले में फरार चल रहे दो स्थायी वारंटी 1. नरेन्द्र पात्रे पिता स्व. परदेशी पात्रे उम्र 20 साल साकिन जरहाभाठा मिनी बस्ती बिलासपुर जिला बिलासपुर 2. राजेन्द्र पात्रे पिता स्व. परदेशी पात्रे उम्र 20 साल साकिन जरहाभाठा मिनी बस्ती बिलासपुर जिला बिलासपुर को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को आज दिनांक 16.05.2024 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, आरक्षक साधराय कौशल, देवनारायण साहू, चेतन वैष्णव एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण भुमिका रही।

# जुआरियों से नगदी रकम 1,620 रूपये एवं 52 पत्ती तास जब्त

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी मती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।जिसके तहत दिनांक 16.05.2024 को थाना दाढी स्टाफ को सुचना मिला कि थाना दाढी क्षेत्रांतर्गत नदी किनारे ग्राम मजगांव के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना दाढी पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 04 जुआडियानो 1. रामगोपाल ठाकुर उम्र 28 साल 2. धनीराम जायसवाल उम्र 41 साल 3. सुनिल निषाद उम्र 23 साल 4. गणेश जायसवाल उम्र 35 सालसभी साकिनान मजगांव थाना दाढी जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

देश भर में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इसका आयोजन थीम ÷ समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करें 7 जिले में कार्यक्रम का आयोजन आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया। इसका उद्देश्य डेंगू जैसे जानलेवा बीमारी के रोकथाम व बचाव के संबंध में जनजागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र व जिला नोडल अधिकारी सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू का मच्छर साफ व स्थिर पानी में पनपता है, डेंगू बीमारी के प्रमुख लक्षण अचानक तेज बुखार, तेज सिर दर्द, मांस पेशी व जोडों में दर्द, जी मचलाना, उल्टी आतरिक रक्त स्त्राव, आँखों के पीछे दर्द, नाक व मसूड़े में खून आना इत्यादि है. इन लक्षणों से पीड़ित मरीजों का तत्काल जांच कर समुचित ईलाज दिया जाना चाहिये, जो कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो एवं जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छर एवं लार्वा स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि के अंतर्गत जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल एवं जला हुआ मोबिल ऑयल डालें घर के आसपास के गढ़्ढ़ो में पानी एकत्रित न होने दे. कूलर की नियमित सफाई करें, टायर व पुराने बर्तन में जमा पानी को फेंक दें, सहगन्य मच्छरदानी को कीटनाशक से उपचारित कर उपयोग में लाए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र जिला नोडल अधिकारी, सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, व्ही.बी.डी. पर्यवेक्षक गुलाबचंद साहू एवं समस्त अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित हुए।

# साध्वी रेखा बहन वक्ता का निधन



**बेमेतरा ।** अहमदाबाद आश्रम में 27 सालों तक समर्पित पूज्य बापूजी की साधिका शिष्या ब्रह्मचारिणी साध्वी रेखा बहन वक्ता उल्लास नगरवाले ने 15 मई रात 8.30 बजे हरिद्वार के भूमानंद अस्पताल में अपने अंतिम सांस ली यह जानकारी देते हुए सोनू साहू युवा सेवा संघ बेमेतरा ने साध्वी दीदी को समस्त साधक परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# जिला अस्पताल में डॉ शिल्प वर्मा ने किया सफलता पूर्वक सिडैक्टली रिपेयर सर्जरी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला अस्पताल बेमेतरा में डॉ शिल्प वर्मा आर्थो सर्जन द्वारा अस्पताल में आए मरीज गिरीश निषाद पिता रोहित निषाद उम्र 13 वर्ष अमोरा बीजाभाट जिला बेमेतरा निवासी जिनका दोनो उंगली मध्यमा और अनामिका जन्म से जुड़ा हुआ था, उनको हाथो से सामान्य कार्य करने में समस्या का सामना करना पड़ता था, निदान के रूप में डॉ शिल्प वर्मा ने सर्जरी का रास्ता बताए मरीज के सहमति पर डॉ शिल्प वर्मा ने अपने सहयोगी डॉ अमिताभ एनेस्थेसिया एवं स्टाफ के साथ सर्जरी कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण किया । सिंडैक्टली रिपेयर सर्जरी जिनका की उंगलियों के रूप और कार्य को अनुकूलित करने के लिए उंगलियों और नाखून के सिलवटों के बीच पूर्व वेबबेड स्थान का पुनर्निर्माण, साथ ही उचित त्वचा ग्राफ्टिंग कर दोनो उंगलियों को अलग किया जाता है । इस प्रकार का सर्जरी बेमेतरा जिला में पहली बार डॉ शिल्प वर्मा आर्थो सर्जन जिला चिकित्सालय बेमेतरा द्वारा किया गया मरीज सुखद अनुभव कर रही है उनके परिजन डॉक्टर,और स्टाफ को इसके लिए आभार व्यक्त किए ।

# पुलिस अधीक्षक ने ओपन परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सफलता के लिए दी बधाई

## पुलिस विभाग द्वारा संचालित ओपन कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने ओपन परीक्षा में लहराया परचम

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा दसवी और बारहवी का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी हुआ। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए कक्षा 10वीं व 12वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म 200 से अधिक बच्चों भरावाया गया था। पुलिस विभाग की कड़ी मेहनत और लगन से आज 105 लोग उत्तीर्ण हुवे हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थीयों को पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र और अति नक्सल प्रभावित गांवों के बच्चों को शिक्षित करने और उनकी पढ़ाई लिखाई जारी रखने के लिए लगातार हर संभव मदद कर रहे है। इसी का परिणाम है कि आज सुदूर वनांचल के कक्षा 10वीं व 12वीं के 105 परिक्षार्थी सफलता का परचम लहराया हैं। यह सभी विद्यार्थी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिल्फी, तरेगाव, रेंगाखार झलमला, बोड़ला के सुदूर वनांचल गांव के है। सुदूर वनांचल के परीक्षार्थियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के गांव से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई थी। जिससे परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचकर आसानी से ही परीक्षा दिलाए। पुलिस के जवानो ने उनके गांव में ही पहुंचकर परीक्षार्थियों को निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि कबीरधाम पुलिस द्वारा वर्ष 2023-24 में 200 से अधिक बच्चों को कक्षा 10वीं व 12वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म भरावाया गया था। उन्होंने बताया कि अधिक दूरी होने के कारण स्कूल या कोचिंग सेंटर तक पहुंचने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा वनांचल के शिक्षित युवाओं के माध्यम से ही नक्सल प्रभावित गांवों के विद्यार्थियों को कोचिंग के माध्यम से शिक्षा दिलाई गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा वनांचल के शाला त्यागी लगभग 200 बच्चों ओपन परीक्षा दिलाए। पूर्व सालों में भी 100 अधिक विद्यार्थियों ने ओपन परीक्षा पास करके कुछ शासकीय सेवा में व कुछ स्वरोजगार व कॉलेज की पढ़ाई कर रहें हैं।

# आल इंडिया लीनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा ने भिक्षुकों को वस्त्र चप्पल वितरण किया




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा के द्वारा तपती गर्मी को देखते हुए भिक्षुओं को पंछा एवं नंगे पांव को चप्पल वितरण किया गया भिक्षुओं के द्वारा क्लब का बहुत-बहुत धन्यवाद किया गया कि इस तरह के नेक कार्य आपके द्वारा किए जाते हैं जिससे हमको कभी भी किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है समय-समय पर भोजन भंडारा अन्नदान एवं पेय पदार्थ का वितरण किया जाता है जिससे गरीब और असहाय लोगों को सहायता मिलती है इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विनोद राघव सचिव रामेश्वरी साहू कोषाध्यक्ष डॉ निधि बनाफर शारदा तिवारी उमा तिवारी कनकलता मिश्रा आरती साहू उपस्थित हुए।

# जन सहभागिता से तालाब गहरीकरण के लिए चलेगा अभियान
# काम में देरी करने वाले ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

■ स्कूल खुलने के पहले मरम्मत कामों को करें पूर्ण : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अवनीश शरण ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और जल जीवन मिशन के काम-काज की बारीकी से समीक्षा की। ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने स्कूल खुलने के पहले 15 जून से पूर्व स्कूल भवनों के मरम्मत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जन सहभागिता से गांवों में निस्तार के लिए तालाब गहरीकरण का कार्य अभियान चलाकर करने कहा। बिगड़े हैंडपंपों के मरम्मत का कार्य भी प्राथमिकता से करने कहा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीइओ जिला पंचायत आर पी चौहान, सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में कलेक्टर ने सबसे पहले पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कामों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के कामों को बारिश के पहले प्लिंथ लेवल तक पूरा करने के निर्देश दिए। शुरू हो चुके सभी कामों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने कहा। तालाब गहरीकरण के ऐसे काम जो शुरू हो चुके है उन्हे बारिश के पहले हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। एनआरएलएम के तहत 30 जून तक शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। समूह की दीदीयों को अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़ने कहा ताकि उनकी आमदनी बढ़ सके। बैंक में किसी भी स्थिति में प्रकरण लंबित न रहे।

**जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा** -कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि चिन्हित सभी ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराने किए जा रहे कार्यो को समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता से पूरा किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यो में रूचि नहीं ली जा रही है, कामों को लटकाया जा रहा है। ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि हर घर नल कनेक्शन देने के काम में तेजी लाएं। जहां कार्य पूरे हो चुके है वहां नलों से जल की आपूर्ति हो रही है कि नहीं इसका भी निरीक्षण जरूर करें। सभी एसडीएम को जल जीवन मिशन के कार्यों की सतत निगरानी करने कहा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यो में गुणवत्ता होनी चाहिए और लोगों के घरों में समय पर पानी पहुंचना चाहिए। कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए की जल जीवन मिशन के कार्यो की सतत समीक्षा करें और कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करें। ऐसे गांव जिनमें 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें पहले सेच्युरेट किया जाए। बैठक में बताया गया कि 668 गांवों में जल जीवन मिशन का काम किया जाना है। इनमें से 33 गांवों में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। 153 गांवों में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है।

# सड़क हादसे में धरमजयगढ़ डिप्टी रेंजर की अकाल मौत
## ड्यूटी पर जाने के दौरान बोलेरों से टकराकर हुई मौत

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में बोलेरो की ठोकर से बाईक सवार डिप्टी रेंजर की मौत होनें का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल में पदस्थ डिप्टी रेंजर संजय तिवारी गुरूवार की सुबह अपनी मोटर सायकल से अपने सर्किल की ओर जा रहा था। बाईक सवार डिप्टी रेंजर जब धरमजयगढ़ से रायगढ़ जाने वाली मुख्य सड़क में स्थित धानमंडी एफसीआई के पास पहुंचा ही था कि पीछे की तरफ से आ रहे बोलेरो चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार डिप्टी रेंजर को जोरदार ठोकर मार दी। इस दुर्घटना अधिक चोट लगने की वजह से घटना स्थल पर डिप्टी रेंजर की मौत हो गई। इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही धरमजयगढ़ वन मंडल के एसडीओ बालगोविंद साहू समेत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। वहीं धरमजयगढ़ की पुलिस टीम मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्वांत तिवारी ने चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि दुर्घटनाकारी वाहन का नंबर मिल गया है। आरोपी चालक को ट्रेस किया जा रहा है। यह मामला अभी दुर्घटना का है, जांच की जा रही है।

## बाजार से घर लौट रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार बाईक सवार ने ठोका, उपचार के दौरान एक की मौत, दूसरे को किया गया रिफर

**रायगढ़।** तेज रफ्तार बाईक की ठोकर से बाजार से घर लौट रहे एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं एक अन्य को गंभीर हालत में रायगढ़ रिफर किया गया है। उक्त घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाईरडीह सोनाजोरी निवासी मिखेल कुजूर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता जोसेफकुजूर व उसके साथी सिमोन कुजूर, सुरेश बडा तीनों एक ही मोटर सायकल में सवार होकर 14 मई को सोनाजोरी बाजार गए थे। बाजार से वापस घर आते समय शाम करीब 06 बजे भुरसीडांड चैक के पास पहुंचे ही थे कि तोलमा तरफसे आ रही मोटर सायकल मांक सीजी-13 एपी 8169 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दी। जिससे बाईक सवार तीनों घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तीनों घायलों को उपचार हेतु निजी वाहन से शासकीय अस्पताल लैलूंगा में लाकर भर्ती कराया गया था जहां रात्रि करीब 9 बजे जोसेफकुजूर की मौत हो गई।

# सम्मोहन व विज्ञान का खेल है जादू : शंकर सम्राट

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

## शुक्रवार की शाम से गोपी टॉकीज में शुभारंभ




सम्मोहन, आधुनिक विज्ञान और इल्यूजन के सम्मिश्रण का नाम ही जादू है। यह एक प्राचीन कला है।भगवान श्री कृष्ण सबसे बड़े सम्मोहनवेत्ता हैं। जादू की यह कला विलुप्ति के कगार पर पहुंच रही है। जिसे बरकरार रखने के लिए हम अथक प्रयास कर रहे हैं ताकि इस कला से भावी पीढ़ी अवगत हो। यह कोई अंधविश्वास जादू - टोना का खेल नहीं अपितु विशुद्ध मनोरंजन का माध्यम है। इस कला के जरिए हम समाज को सामाजिक नवसंदेश देते हैं ताकि किसी भी प्रकार के भ्रम में ना उलझें और इस कला का भरपूर आनंद लें यह बातें जादुई के जहान में विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके जादूगर शंकर सम्राट ने कही।


**जादूगर शंकर की खासियत**-शहर के गोपी टॉकीज में जिलेवासियों को अपनी जादूई कला से प्रभावित करने पहुंचे जादूगर शंकर सम्राट मूलतः फुलवारी शरीफ पटना बिहार से हैं और अब तक लगभग चालीस हजार शो देश व विदेश के अनेक जगहों में कर चुके हैं। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि हमारा प्रमुख उद्देश्य जादू से लोगों के दिमाग में अंधविश्वास को हटाना व लोग तंत्र - मंत्र के चक्कर में ना आए। यह एक कला है जो विज्ञान पर आधारित है। वहीं उन्होंने कहा कि जादू लुप्त होती जा रही एक कला है। यह भारतवर्ष में उत्पन्न चैसठ कलाओं में सर्वश्रेष्ठ कला है। जो विदेशों में फल-फूल रहा है। इस विलुप्त होती कला धरोहर को हमें बचाना है। वहीं सरकार से गुजारिश है कि इस कला को ललित कला में शामिल करें ताकि इससे सभी अवगत हो सकें और संरक्षण भी।

**इन प्रमुख आईटम का होगा प्रदर्शन**-उन्होंने कहा कि जिलेवासियों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए सभी खेल मल्टीमीडिया इफेक्ट के साथ पहली बार होगा व कला आईटम के अंतर्गत अमेरिका का लाइव टीवी भभुआ में पहली बार, पलक झपकते स्टैचु ऑफ लिबर्टी गायब, एक चलती पंखे पर इंसान आर-पार, एक आरा मशीन से लड़के के दो टुकड़े, मिश्र देश की प्रेम कहानी, जापान के भूत और भूतों का डांस, सुंदरी को खूंखार जानवर बनाना, इच्छाधारी नागिन मार्डन आर्ट।

# अवैध शराब कारोबार में लिप्त दो सगे भाइयों पर खरसिया पुलिस ने की कार्रवाई

**दोनों आरोपी आबकारी एक्ट में गये जेल, आरोपियों से 25 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने के बर्तनों की जप्ती**

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरसिया क्षेत्र में अवैध शराब पर दूसरे दिन लगातार कार्यवाही जारी है। प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम मुखबीर सूचना पर ग्राम गाड़ाबोरदी में शराब रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों भाई अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब बना रहे हैं। पुलिस टीम ने रवि कुमार जांगड़े और उसका भाई किशन लाल जांगड़े को हाथ भट्ठी में अवैध शराब बनाते हुए पकड़ी। शराब रेड कार्रवाई में आरोपी-आरोपी रवि जांगड़े पिता सेवक राम उम्र 30 वर्ष निवासी गाड़ाबोरदी के कब्जे से पांच-पांच लीटर वाले दो प्लास्टिक जरकिन में तैयार हुआ 10 लीटर महुआ शराब कीमती 2000 और 30 लीटर क्षमता वाली सिल्वर डेचकीध्क्कढाहीनुमा बर्तन जप्त किया गया है। वहीं आरोपी किशन लाल जांगड़े पिता सेवक राम उम्र 27 वर्ष निवासी गाड़ाबोरदी के कब्जे से 3 प्लास्टिक जरिकन में भरा 15 लीटर महुआ शराब तथा शराब निर्माण के बर्तनों को जप्त कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। खरसिया पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों पर थाना खरसिया में पृथक-पृथक आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया, जहां आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है।

# सेवा कार्य हेतु स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर और यूनिट लीडर्स को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com




भारत स्काउट्स गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स गाइड्स ज़िला संघ सक्ती में प्याऊ घर का समापन करते हुए समस्त स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर व यूनीट लीडर्स को सेवा कार्य हेतु सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा (पदेन कमिश्नर) के निर्देशन में आर के अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सेवा कार्य करते रहने हेतु एवं मानवीय कार्य में अपना योगदान देते रहने हेतु प्रेरित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार 130 स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स छात्रों ने अपनी सहभागिता निभाई है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सपोस (डभरा), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फगुरम (मालखरौदा) जैजैपुर, बस स्टैंड जैजैपुर, रानी दुर्गावती ओपन रेंजर दल कुटराबोड़ व राम मंदिर जैजैपुर, रेल्वे स्टेशन सक्ती, शासकीय हाई स्कूल परसदाखुर्द व सेजेस कसेरपारा सक्ती में एक माह तक अनवरत प्याऊ घर का संचालन किया गया। ज़िला सचिव कमलादपि गवेल ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सबको एकजुट होकर कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। साथ ही यूनिट लीडर्स देव नारायण सिदार, सुनीता चौहान, नियति पटेल, संजीव कुमार राठिया, जयंती खमारी, अनिता खाखा, चंद्रकांत राठिया, निखत करिम।

# अवैध शराब बिक्री को लेकर नगरदा पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना नगरदा पुलिस की कार्यवाही हुई है, पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा( भारतीय पुलिस सेवा), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (राज्य पुलिस सेवा), के निर्देशानुसार अनविभागीय अधिकारी शक्ति पुलिस मनीष कुंवर के मार्गदर्शन पर क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री के रोकथाम एवं उनके विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देश पर 12 .05. 24 को मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम मोहगांव में आरोपीगढ़ दुलेश्वर दास महंत पिता मिलाप दास महन्त उम्र 36 वर्ष साकिन मोहगांव थाना नगरदा के कब्जे से एक 5 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरीकैन में 5 लीटर कच्ची मुहवा शराब एवं एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोतल में 1 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल जुमला 6 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रुपया एवं एक मोटरसाइकिल प्लैटिना क्रमांक सीजी 11 बीएफ 1148 कीमती 40,000 रुपया एवं आरोपियां अकादशी केवट पति कल्याण सिंह उम्र 43 वर्ष साकिन मोहगांव थाना नगरदा से एक नीले रंग के बैग के अंदर तीन हरा रंग की पांच पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जारीकेंन में पांच पांच लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3,000 को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपियों का उक्त कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से थाना नगरदा में अपराध क्रमांक 37/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया संपूर्ण कार्यवाही में थाना नगरदा से महिला प्रधान आरक्षक 09 बिंदु राज प्रधान रक्षक 331 लाल बहादुर चंद्रा आरक्षक 130 डमरूधर , आरक्षक 209 दिलीप सिदार थाना नागरदा का विशेष योगदान रहा।

# शहर के बाढ़ डुबान क्षेत्र का कमिश्नर चंद्रवंशी ने किया निरीक्षण

■ कार्ययोजना के तहत बरसात पूर्व नाला सफाई कार्य करने के दिए गए निर्देश

पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com



निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बाढ़ डुबान क्षेत्र बालसमुंद एवं विनोबा नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तय कार्ययोजना के अनुसार बड़े नालों की सफाई करने के निर्देश दिए। सुबह 7 से निरीक्षण शुरू हुआ। सबसे पहले विनोबा नगर के निचले क्षेत्र तक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नाला में उगे छोटे-छोटे झाड़ एवं घास की सफाई करने के निर्देश कमिश्नर चंद्रवंशी ने दिए। इसी तरह बालसमुंद क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नाला के अंतिम छोर तक देखा गया। नाला में उगे छोटे झाड़ और घांस को हटाने और नाला से मलबा निकालने के निर्देश दिए। कमिश्नर चंद्रवंशी ने बरसात के पूर्व शहर के सभी डुबान क्षेत्र बैघनाथ मोदीनगर, इंदिरा नगर, किसान राइसमील, नवापारा, पैठुडबरी, चिरंजीव दास नगर, कयाघाट, पंजरीप्लांट आदि नाले की सफाई गैंग एवं पोकलेन लगाकर करने के निर्देश दिए। इसी तरह शहर के छोटे नाली, नाला का रोटेशन पर नियमित सफाई करने और बड़े नालों की तय कार्ययोजना के तहत बरसात पूर्व सफाई कार्य पूर्ण करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# राज्य स्तरीय हैमरबॉल सेमिनार में अमर सुल्तानिया रहे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com



राज्य स्तरीय हैमरबॉल सेमिनार एवं सलेक्शन टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन हाई स्कूल मैदान में एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में मुंगेली, महासमुंद, बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चाम्पा जिलों से लगभग 100 महिला, पुरूष हैमरबॉल खिलाड़ियों ने खेल की बारीकियों को सीखा एवं आगामी 9 से 12 जून तक जगन्नाथपुरी ओड़िसा में होने वाली नेशनल हैमरबॉल चेम्पियनशिप के लिए ट्रायल दिए, कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि अमर सुलतानियाँ (उपाध्यक्ष जिला भाजपा) अध्यक्षता जितेन्द्र तिवारी सचिव जिला ओलम्पिक संघ विशिष्ट अतिथि एस एस बघेल सहायक अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग,वरुण पाण्डेय अध्यक्ष हैमरबॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के गरिमामयी आतिथ्य में सम्पन्न हुआ,कार्यक्रम का संचालन अखिलेश आदित्य सचिव हैमरबॉल एवं वीरेंद्र डडसेना कोषाध्यक्ष ने किया उक्त आयोजन में दीपक दुबे बिलासपुर, रूखमणी रानू बलौदाबाजार, सेवती टोप्पो राजनांदगांव, दीपक टण्डन रायपुर, मनीषा चौहान रायपुर, अभिषेक कसेर रायगढ़, सूर्यकांत मिश्रा महासमुंद, का योगदान सराहनीय रहा, समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं ऑफिसियल को मुव्हमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया मुख्यातिथि अमर सुलतानियाँ ने कहा कि जांजगीर जिले को खेल के क्षेत्र में नई इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ विकसित करने के लिए सरकार हर संभव मदद करेगी, नई जनरेशन पर हैमरबॉल एक पारंपरिक खेल होने के साथ साथ मनोरंजनात्मक खेल है जिसमे खिलाड़ी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगे, संगठन के मांग पर उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए जितेंद्र तिवारी ने कहा कि समय समय पर खेलों के आयोजन से खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफार्म मिलता है।

विकास ट्रेडर्स में किया था सेमिनार का आयोजन

# मैकेनिक मीट में बताई गई पंप एवं मोटर की उपयोगिताएं


पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com





शहर के झुलकदम रोड स्थित दशको पुराने विकास ट्रेडर्स ने 16 मई को सी आर आई पंप्स एंड मोटर्स कंपनी के मैकेनिक मीट का आयोजन स्थानीय झूलकदम स्थित झंकार भवन में किया, इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में शक्ति जिले के विभिन्न स्थानों से प्लंबर, मिस्त्री भाई मौजूद थे, तथा कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित प्लंबर-मिस्त्री भाइयों को क्रिपंप्स एवं मोटर की संपूर्ण जानकारी उपस्थित कंपनी के अधिकारियों ने दी, इस अवसर पर CRI पंप्स एंड मोटर्स के रत्नेश साहू ने कहा कि यह पंप आज अलग-अलग रेंज में उपलब्ध है तथा यह सर्वाधिक लंबे समय तक उपयोगिता देने वाला प्रोडक्ट है, एवं कंपनी द्वारा प्रतिवर्ष अपने सभी प्रोडक्ट्स की उपयोगिता की समीक्षा कर इसे और अधिक बेहतर बनाया जा रहा है, एवं मेकेनिक भाई भी सदैव सीआरआई कंपनी के प्रोडक्ट्स को अधिक से अधिक उपयोग कर रहे हैं,जिससे आज यह कंपनी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में अपनी पहचान बना पाई है,इस अवसर पर विकास ट्रेडर्स शक्ति के संचालक विकास अग्रवाल बंटी ने भी आगंतुक कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया, साथ ही मैकेनिक मीट में उपस्थित विभिन्न स्थानों से पहुंचे मेकेनिक भाइयों का भी स्वागत किया तथा मैकेनिक मीट में शामिल मिस्त्री भाइयों को जहां स्वल्पाहार कराया गया तो वहीं उनके सम्मान में दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया साथ ही इस अवसर पर मेकेनिक भाइयों ने भी कंपनी के अधिकारियों से विभिन्न प्रोडक्ट्स को लेकर अपने सवाल जवाब भी किये,साथ ही इन प्रोडक्ट के उपयोग के दौरान मिस्त्री भाइयों को कैसे सुविधा मिल सके तथा इस प्रोडक्ट का उपयोग करने वाले मकान मालिक को भी बेहतर सुविधाएं मिल सके इस दिशा में चर्चा की गई,साथ ही कंपनी के अधिकारियों ने बताया की हम इन शर्तों के अधीन सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं, जिनमें शामिल हैं-ऐप्स और साइटें (जैसे खोज और मानचित्र),प्लेटफ़ॉर्म, एकीकृत सेवाएँ (जैसे अन्य कंपनियों के ऐप्स या साइटों में एम्बेडेड मानचित्र),डिवाइस इनमें से कई सेवाओं में ऐसी सामग्री भी शामिल है जिसे आप स्ट्रीम या इंटरैक्ट कर सकते हैं, हमारी सेवाएँ एक साथ काम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं, जिससे आपके लिए एक गतिविधि से दूसरी गतिविधि पर जाना आसान हो जाता है। उदाहरण के लिए, यदि आपके कैलेंडर ईवेंट में कोई पता शामिल है, तो आप उस पते पर क्लिक कर सकते हैं और मानचित्र आपको दिखा सकते हैं कि वहां कैसे पहुंचा जाए, मैकेनिक मीट के अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि हम अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार नई तकनीकें और सुविधाएँ विकसित कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, हम आपको एक साथ अनुवाद प्रदान करने और स्पैम और मैलवेयर का बेहतर पता लगाने और ब्लॉक करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का उपयोग करते हैं। इस निरंतर सुधार के हिस्से के रूप में, हम कभी-कभी सुविधाओं और कार्यात्मकताओं को जोड़ते या हटाते हैं, अपनी सेवाओं की सीमाएँ बढ़ाते या घटाते हैं, और नई सेवाएँ प्रदान करना शुरू करते हैं या पुरानी सेवाएँ देना बंद कर देते हैं। जब किसी सेवा के लिए डाउनलोड करने योग्य सॉफ़्टवेयर की आवश्यकता होती है या उसमें डाउनलोड करने योग्य सॉफ़्टवेयर शामिल होता है, तो नया संस्करण या सुविधा उपलब्ध होने पर वह सॉफ़्टवेयर कभी-कभी आपके डिवाइस पर स्वचालित रूप से अपडेट हो जाता है। कुछ सेवाएँ आपको अपनी स्वचालित अपडेट सेटिंग्स समायोजित करने देती हैं।

# एनटीपीसी लारा में मनाया जा रहा है स्वच्छता पखवाड़ा



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में 16 से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया ज आ रहा है। इसके तहत दिनांक 17 मई 2024 को पास के गांव छपोरा, प्राइमरी स्कूल में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। पखवाड़े की शुरुआत 16 मई 2024 को परियोजना प्रमुख, अखिलेश सिंह द्वारा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ शुरू किया गया है। भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरे देश में 16 से 31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान कर्मचारियों, सहयोगियों एवं आमजन द्वारा श्रमदान के माध्यम से विभिन्न सफाई गतिविधियां चलाया जाएगा। साथ साथ आम लोगों को जागरूक करने के लिए, आसपास की सफाई और स्वच्छता के साथ-साथ उनकी दैनिक गतिविधि में स्वच्छ संस्कृति विकसित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। स्वस्थ जीवन शैली के लिए साफ-सफाई और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए कर्मचारियों, गृहिणियों और बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की लगाई क्लास, 6 माह की अवधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश

## अवैध प्लॉटिंग की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर पंजीयन कार्यालय में पहुंचकर जमीन रजिस्ट्री कार्य का भी मुआयना करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे की आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो सके। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों को समीक्षा बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 6 माह की अवधि में करे निराकरण

बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अधिकतम 06 माह की अवधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विशेष परिस्थिति में 06 माह की अवधि में राजस्व प्रकरणों का निराकरण नही होने पर उनका वाजिब कारण भी उल्लेख की जाए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को शासकीय कार्यालयों के लिए भूमि आबंटन जैसे लोक कल्याण से जुड़े प्रकरणों के निराकरण हेतु शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नामांतरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उक्त सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनाए जाने में किसी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को लोक सेवा केन्द्र आदि का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6/4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जिससे की प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब या कठिनाई न हो।

### सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अवैध प्लॉटिंग की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर पंजीयन कार्यालय में पहुँचकर जमीन रजिस्ट्री कार्य का भी मुआयना करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वृक्ष कटाई के अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सर्पदंश से होने वाले जन हानि को रोकने हेतु अस्पतालों में एंटीवेनम आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने तहसील परिसर को साफ़सुथरा, हरा-भरा एवं व्यवस्थित रखने वाले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत करने की भी जानकारी दी।

# गिरौदपुरी धाम में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सतनामी समाज ने खोला मोर्चा



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार अंतर्गत कसडोल ब्लाक के ग्राम महकोनी के पहाड़ में स्थित प्राचीन अमर गुफा के सामने लकड़ी के जोड़ा जैतखाम तथा नीचे में गड़े जैतखाम को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आरी से काट कर गिरा दिया गया है तथा लोहा के बने गेट को उखाड़ कर तीतर बितर कर दिया गया है। जिसके विरोध और अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 17 मई शुक्रवार को सतनामी समाज के लोगों ने पुलिस चौकी गिरौदपुरी के सामने मुख्य मंदिर मार्ग में सैकड़ों की संख्या में सड़क पर बैठकर विरोध किये गए। जिसमे प्रमुख रूप से सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास साहेब के बड़े सुपुत्र ढाल दास साहेब, बिलाईगढ़ विधायक कवित प्रण लहरे, गुरु माता कौसल्या ,भीम रेजीमेंट जिलाध्यक्ष धालेन्द्र डहरिया, जिला बेमेतरा भीम रेजीमेंट जिलाध्यक्ष अविनाश घृतलहारे, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार धर्मेन्द्र रात्रे,सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर डहरिया,भीम क्रांति वीर प्रदेश अध्यक्ष किशोर नवरंगे, सन्दीप कोशले जिला उपाध्यक्ष भीम क्रान्ति वीर, सुशील जांगड़े, मोहन लाल पुरैना, चंद्र शेखर सांडे सामिल है।

# कड़ी मेहनत और अनुशासन से प्रयास विद्यालय के बच्चों को मिली शानदार सफलता

## प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विद्यार्थियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के कड़ी मेहनत और अनुशासन से शानदार सफलता मिली है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाल ही घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों को एक बार फिर शानदार सफ्लता मिली है। प्रयास विद्यालय में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 99.3 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 97.22 प्रतिशत रहा है। इनमें 10वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 96.45 एवं 12वीं में 82.02 प्रतिशत रहा है। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में काफी अच्छा है। गत वर्ष 10वीं में 90.70 प्रतिशत और 12वीं में 79.38 फीसदी रहा था। प्रदेश के प्रयास विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और सचिव नरेन्द्र दुग्गा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब तक प्रयास आवासीय विद्यालय के 116 विद्यार्थी आईआईटी व समकक्ष में, 328 विद्यार्थी एनआईटी व समकक्ष में, 940 विद्यार्थी इंजीनियरिंग कॉलेज में एवं 52 विद्यार्थी एम.बी.बी.एस. में चयनित हुए हैं। इसके अलावा सीए, सीएस, सीएमए में 29 तथा क्लैट में 04 विद्यार्थी को सफलता मिल चुकी है।

### 10वीं में 07 बच्चों ने बनाया मेरिट में स्थान

आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास के 07 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। मेरिट में आने वाले छात्र-छात्रों में प्रयास आवासीय विद्यालय, कांकेर के 04 विद्यार्थी- मयंक कोर्राम, कुमारी पायल अधिकारी, कुमारी वर्षा साहू और कुमारी मल्लिका मरकाम शामिल हैं। इसी प्रकार प्रयास विद्यालय दुर्ग, जशपुर एवं कन्या प्रयास विद्यालय रायपुर से एक-एक विद्यार्थी- क्रमशः कुमारी आर्या कश्यप, आयुष साहू और कुमारी बॉबी मिंज ने मेरिट में स्थान बनाने में सफ्ल हुए है। इसके अलावा प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर, बस्तर, जशपुर, कांकेर एवं कोरबा का परीक्षाफ्ल शत-प्रतिशत एवं प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग, बिलासपुर एवं सरगुजा का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत से अधिक रहा है। अधिकारियों ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय कक्षा 12वीं बोर्ड का परीक्षाफल 97.22 प्रतिशत रहा है। इनमें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 82.02 प्रतिशत है। प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर एवं जशपुर का परीक्षाफ्ल शत-प्रतिशत, जबकि शेष प्रयास विद्यालयों का परीक्षाफल 91 प्रतिशत से अधिक रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रयास योजना मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना का एक महत्वपूर्ण घटक है। योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सम्पूर्ण अनुसूचित क्षेत्र और गैर-अनुसूचित क्षेत्र के नक्सल प्रभावित जिलों के आदिवासी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, आवास, भोजन, खेल एवं मनोरंजन आदि की सुविधा प्रदान की जाती है। साथ ही संरक्षक की भूमिका निभाते हुए उन्हें रोजगार में स्थापित कर उनके जीवन में स्थायित्व पैदा करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे बहुत ही सामान्य परिवार से आते हैं लेकिन विद्यालय के अनुशासन, शिक्षकों के अच्छे मार्गदर्शन एवं बच्चों की कड़ी मेहनत के दम पर प्रयास विद्यालय ने प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बना ली है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में प्रयास आवासीय विद्यालयों की संख्या 14 हो चुकी है। इनमें रायपुर जिले में बालक एवं कन्या हेतु पृथक-पृथक प्रयास आवासीय विद्यालय सडडू एवं गुढियारी में संचालित है। इसके अतिरिक्त बिलासपुर, सरगुजा, दुर्ग, बस्तर, कांकेर, कोरबा, जशपुर तथा बालोद जिले में छात्र-छात्राओं हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं।

# सीबीएसई बारहवीं बोर्ड के छत्तीसगढ़ के टॉपर साहेब सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से की मुलाकात

## साहेब सिंह की कविता से गदगद हुए सीएम साय, दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

सीबीएसई बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल और देश भर में चौथे नंबर पर आए प्रतिभाशाली छात्र साहेब सिंह होरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। मुलाकात न केवल साहेब सिंह के लिए यादगार रही वरन् मुख्यमंत्री भी गदगद हुए।

श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल ङ्ग पर इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि - होनहार बिरवान के होत चिकने पात



CBSE 12वीं बोर्ड परीक्षा में 97.60त्न प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में पहला और पूरे भारत में चौथा स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन करने वाले होनहार विद्यार्थी साहिब सिंह होरा से मुलाकात हुई। बेटे साहिब, आपकी इस उपलब्धि ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। आपको बहुत-बहुत बधाई एवं आशीर्वाद। आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूँ।

साहेब सिंह होरा न केवल पढाई में अव्वल हैं वरन् पेंसिल पेंटिंग पर हाथ आजमाते हैं। कविताएं ऐसी की अच्छे-अच्छे कवियों को भी पीछे छोड़ दें। ऐसी एक कविता उन्होंने मुख्यमंत्री जी को सौंपी है। जिंदगी के संघर्ष को पछाड़ कर सफ्लता हासिल करने को प्रेरित करती इस कविता की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तारीफ की है। साहेब सिंह ने लिखा है -

जिस राह पर तू सवार है
चलते रह उस राह पर
मंजिल दूर भले ही होगी तेरी
पर तू अपनी डगर पार कर
बढ़ते जा तू अपने लक्ष्य की ओर
तोड़ते जा अपने रास्तों के काँटों
को और बिछा दे बीज खुशियों के,
पीछे मुड़ के देख जरा
फूल उग गए चारो ओर
जीवन में मुसिबतें होंगी अनेक
पर तू डरना मत
तू खड़े रहना निडर
मत करना बिल्कुल भी फिक्र
तेरा मंज़र धुँधला हो सकता है
पर मंजिल नहीं
रात काली हो सकती है
पर तेरी जिंदगी नहीं
अब तेरी मंजिल आसमान में है
अब कर खुदको मज़बूत
खोल ले पर अपने
क्योंकि बारी तेरी उड़ान की है

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं से कहा है कि यह उम्र सीखने, खुद को गढ़ कर समाज में अपना और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने का समय है। सभी खूब मेहनत करें और असफलता से न घबराएं, क्योंकि लगातार मेहनत ही सफलता का मूलमंत्र है।

# कन्वर्जेंस फाउंडेशन और इंडिया इम्पैक्ट शेरपा ने सिस्टम परिवर्तन पर पहली रिपोर्ट जारी की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कन्वर्जेंस फाउंडेशन ने इंडिया इम्पैक्ट शेरपा के सहयोग से अपनी एक खास रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट का शीर्षक 'सिस्टेमेटिक इंपेक्ट एग्जेम्पलर्स यूनीक एप्रोचेज़ टुवर्ड सॉल्विंग इंडियाज़ डेवलपमेंट चैलेंज' है। इस रिपोर्ट को पेश करने का उद्देश्य उन संगठनों की पहचान करना और उनसे सीखना है जिन्होंने सिस्टम चेंज एप्रोच को अपनाकर महत्वपूर्ण बदलाव हासिल किए हैं। ये -सिस्टम सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन संगठन प्रभावी प्रयासों के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर सरकारों के साथ मिलकर काम करते हैं। सरकारों के साथ काम करने और बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुंचाने के लक्ष्य के अलावा, सिस्टम चेंज समस्या को लघु अवधि हल करने की बजाए उसके मूल कारण से हल करने का प्रयास करता है। भारत में केंद्र और राज्य सरकारें पहले से ही सामाजिक और आर्थिक विकास पर काफी बड़ी राशि खर्च करती हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में, केंद्र और राज्य सरकारों का कुल सामाजिक व्यय 21.03 लाख करोड़ रुपए रहा है। हालाँकि, भारत सरकार की ओर से भारी भरकम निवेश के बावजूद, भारत के विकास लक्ष्यों की प्राप्त की दिशा में प्रयासों में तेजी लाने की बड़ी संभावना है। बड़ी जनसंख्या को तकनीक और प्रोग्राम संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए जरूरी है कि ज्यादा संख्या में एसएसओ सरकारों के साथ काम करें।

# लोहाणा महिला मंडल रायपुर द्वारा आज रोज मंडी गेट हनुमान मंदिर के पास राहगीरों को गन्ना रस का वितरण



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री लोहाणा महिला मंडल रायपुर द्वारा आज रोज मंडी गेट, हनुमान मंदिर के पास राहगीरों को गन्ना रस का वितरण किया गया । श्री लोहाणा महिला मंडल की अध्यक्ष मीना बेन पुजारा ने बताया कि इस तपती गर्मी से राहत दिलाने सभी राहगीरों को निशुल्क ठंडा ठंडा गन्ना रस का वितरण किया गया । इस अवसर पर मीता चतवानी, जयश्री बेन पारेख , रमा बेन चतवानी , रश्मि बेन मिरानी , नेहा बेन मानिक,मोना बेन मीना बेन , वनिता बेन भारती बेन, वंदना बेन आशा बेन मधु बेन साथ में सभी बहने उपस्थित थीं।

# श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का हर्षोल्लास के साथ हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता कुम्हारी
www.dailypioneer.com

आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के जमाने में सभी पेरेंट्स अपने बच्चों को एक्स्ट्रा स्मार्ट बनाना चाहते हैं, तो ऐसे में गर्मियों की छुट्टियों को स्मार्ट तरीके से इस्तेमाल करने के लिए समर कैंप्स अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल कुम्हारी में शिक्षकों व सभी स्टाफ के सहयोग से समर कैंप का आयोजन किया गया । बता दें कि समर कैंप का आयोजन 8 मई से प्रारंभ होकर 17 मई तक चला । जिसकी शुरुवात मुख्य अतिथि के रूप में कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरनानी व स्कूल प्रिंसिपल धर्मेन्द्र नाथ राय की उपस्थिति में माँ सरस्वती व महाराज श्री के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया । जिसके साथ अलग -अलग दिनों में बच्चों के लिए बहुत सारी गतिविधियों के द्वारा सिखाया कि बच्चे आर्ट × क्राफ्ट, स्केटिंग जैसे इनडोर व आउटडोर खेलों को आयोजित किया गया । समर कैंप में कुल 50 बच्चों ने भाग लिया । सप्ताह भर करवाए गये इस कैंप में डांस, आर्ट × क्राफ्ट, स्केटिंग साथ ही आउटडोर खेलो में फुटबॉल व क्रिकेट, इंडोर गेम्स में चेस व कैरम, अबेकस जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया ।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चम्पीबाई पिता किर्तन निवासी ग्राम बोंदा तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माता कमला का मृत्यु दिनांक 12/08/2012 को ग्राम सानपंधी में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 18/05/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सरायपाली

# डिश टीवी द्वारा 'डिशटीवी स्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति, किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी एक साथ




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव 'डिश टीवी स्मार्ट'+ सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। डिश टीवीस्मार्ट+ सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष (टॉप) टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा। जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा। नए प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ, मनोज डोभाल ने कहा, अपनी स्थापना के बाद से, डिश टीवी ने मनोरंजन उपभोग परिदृश्य को बदल दिया है, लोगों को अपने पसंदीदा कॉन्टेंट का आनंद लेने के लिए कई नई चीजों को पेश किया गया। इस नए प्रस्ताव के साथ, हम व्यापक और सुलभ मनोरंजन अनुभवों के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए और भी बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज का लॉन्च सिर्फ एक प्रस्ताव से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है।

# मोटोरोला ने एज 50 फ्यूजन लॉन्च किया




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे तेजी से बढ़ते9 एंड्रॉइड ब्रांड मोटोरोला ने अपनी प्रीमियम एज फ्रेंचाइजी के नवीनतम संस्करण की शक्ल में मोटोरोला एज 50 फ्यूजन को लॉन्च कर दिया है। मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न ने अपने सेगमेंट की कई सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के साथ 25 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह अपने प्राइमरी कैमरे में इस सेगमेंट का सबसे उन्नत सोनी-एलवायटीआईए 700सी सेंसर, स्मार्ट वॉटर टच तकनीक के साथ सेगमेंट का एकमात्र आईपी68 अंडरवाटर प्रोटेक्शन और कॉर्निंग0 गोरिल्ला0 ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ सेगमेंट का सबसे चमकीला 144हट्र्ज़ 10-बिट पोलेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले पेश करता है। इसके अतिरिक्त, मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न में स्नैपड्रैगन0 7 एस जेन 2 प्रोसेसर, 12जीबी तक इन-बिल्ट रैम और 256जीबी स्टोरेज, इसकी विशाल 5000एमएएच बैटरी के लिए 68वॉट का तेज़तर्रार चार्जर और 4 साल के सुरक्षा अपडेट के साथ 3 ओएस अपग्रेड का आश्वासन दिया गया है। इसके साथ-साथ, टिकाऊ पैकेजिंग और उत्पाद डिजाइन की गुणवत्ता को आगे बढ़ाते हुए, यह स्मार्टफोन एक पर्यावरण-हितैषी पैकेजिंग में आता है, जो प्लास्टिक से मुक्त है तथा इसमें रिसाइकल की गई व रिसाइकल करने योग्य सामग्री का उपयोग किया जाता है। मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न, 50एमपी 2.0µm अल्ट्रा पिक्सेल वाले मेन ओआईएस कैमरा से लैस है, जिसमें अंधेरे माहौल में अल्ट्राफास्ट प्रदर्शन करने के लिए इस सेगमेंट का सबसे उन्नत सोनी एलवायटीआईए एलवायटी-700सी सेंसर लगा हुआ है।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कं. लिमि.**
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33 के.व्ही. बरपाली फीडर में प्री मानसून मेंटेनेंस कार्य हेतु दिनांक 18.05.2024 दिन शनिवार को 11 के.व्ही. गिधौरी, टुंडरी, पुरगांव, सिंघिटार, देवबधान, भरतपुर, गिरौदपुरी, अमोदी, मटिया, जैतखाम, नगदरा, भटगांव, दुमाहनी से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत संबंधित समस्त ग्रामों के विद्युत आपूर्ति प्रातः 09:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें।**

(आर.के.साहू 91543882)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.कसडोल

Aavas
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
| --- | --- | --- |
| संतोष कुमार, आशा यादव<br>खाता सं. LNRAI00721-220191783 | 16 मई 2024<br>₹ 1672511/-<br>14 मई 2024 | सम्पत्ति के.एच. नं. 125/3 का भाग (के.एच. नं. 125/1-125/2 का भाग), स्थित गांव-तुलसी, पीएच नं. 17, आरआईसी व तहसील-तिलड़ा, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़-394114 क्षेत्रफल 1950 वर्ग फीट |

स्थान : जयपुर दिनांक 18.05.2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# आवारा कुत्ते ने एक ही दिन में कइयों को काटा निगम के पास भी इन्हें पकड़ने का कोई इंतजाम नहीं

## शहर के ज्यादातर क्षेत्रों में आवारा कुत्तों से जनता परेशान

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

इंसानके सबसे वफादार साथी कहे जाने वाले आवारा कुत्तों से शहर की आधी आबादी परेशान है लेकिन उनसे निजात दिलाने का निगम सहित जिला प्रशासन के पास कोई व्यवस्था नहीं है। जिला अस्पताल , मेडिकल कालेज सहित निजी अस्पतालों में रोजाना कुत्ते के काटने के मरीज पहुँच रहे हैं लेकिन इनके पास रेबीज के इंजेक्शन की मात्रा सीमित होना भी चिंता का एक विषय है। शहर के मोतीपुर, बसंतपुर, सिविल लाइन, मठपारा, लखोली, चिखली, ममता नगर, तुलसीपुर, सृस्टि कालोनी सहित तमाम क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की वजह से लोगों का जीना मुहाल है इन क्षेत्रों के लोगों को सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने में डर, शाम को निकलने में परेशानी और रात को तो मुसीबत ही मुसीबत। कुत्ते, कार पर छलांग लगाने से नहीं डरते। बाइक सवार एक्सीडेंट का शिकार हो रहे हैं। रात को पैदल घर जाने वाले नौकरी पेशा लोगों की जान सांसत में रहती है।



### तुलसीपुर में एक ही दिन में कई लोगों को कुत्ते ने काटा

शहर के तुलसीपुर वार्ड नंबर 18 में बीते दिनों एक ही दिन में एक आवारा कुत्ते ने चार लोगों को काट लिया। इससे पहले भी तकरीबन एक माह पूर्व संगम चौक में ही एक कुत्ते ने कई लोगों को काटा था। बड़ी बात यह है कि नगर निगम के पास इन आवारा कुत्तों को पकड़ने का कोई इंतजाम नहीं है। नगर निगम कमिश्नर अभिषेक गुप्ता ने इस मामले पर पायनियर से कहा कि वो समय समय पर वेटनरी विभाग के सहयोग से कुत्तों का बधियाकरण करवाते हैं लेकिन इस तरह के आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए ननिगम में कोई व्यवस्था नहीं है।

### लोग इतने परेशान कि कलेक्टर से शिकायत की तैयारी

आवाराकुत्तों से निपटने के लिए नगर निगम को इंतजाम करना है। कुत्तों से शहरवासी परेशान हैं। कुत्ते काटने की कहीं कहीं से शिकायत आती रहती है। यहां तक की दिन में भी कुत्ते काटने को दौड़ते हैं। इन्हें शहर से बाहर छोड़ा जाना चाहिए। अब इस मामले में लोग इतने परेशान हैं कि जल्द ही वो कलेक्टर से शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं।

### रेबीज कितना खतरनाक

रेबीज संक्रमण रेबीज वायरस के कारण होता है। यह संक्रमित कुत्तों या पशुओं की लार से फैलता है। रेबीज से संक्रमित होने के एक सप्ताह के बाद या एक साल के बाद भी इसके लक्षण उभर सकते हैं। ज्यादातर लोगों में रेबीज के लक्षण एक से दो महीने में विकसित होने लगते हैं। रेबीज के प्रारंभिक लक्षणों में आमतौर पर पीड़ित व्यक्ति को उस जगह पर झुनझुनी होती है, जिस जगह जानवर ने उसे काटा हो या फिर घाव में चाटा होता है। बुखार, भूख का मरना एवं सिर दर्द जैसी शिकायत भी रहने लगती हैं। ऐसे व्यक्ति में बेचैनी, पानी से डर, भ्रम, अनिद्रा और निगलने में कठिनाई जैसे लक्षण भी दिख सकते हैं।

गली में रात को निकलना मुश्किल हो रहा है। शाम होते ही आवारा कुत्ते काटने को दौड़ते हैं। बच्चों के लिए और मुसीबत। पता नहीं नगर निगम को क्यों नहीं दिखती लोगों की परेशानी। कुत्तों को हटाने के लिए कुछ किया जाए।

**-दिनेश देवांगन,** ममता नगर

पांच दिन पहले ही कुते ने काट लिया। कुछ ऐसा किया जाए कि कुत्तों से डर खत्म हो। दिन को काम में जाते समय मुझे कुत्ते ने काटा। इलाज के पैसे अलग लगे और काम का नुकसान अलग हुआ। निगम को कुछ करना चाहिए।

**-किरण यादव**

मोटरसाइकिल पर डंडा लेकर तो निकलेंगे नहीं। यहां इतने कुत्ते रहते हैं कि मोटरसाइकिल पर भी जाना मुश्किल हो रहा है। छलांग लगाते रहते हैं। कई सौ मीटर तक पीछा करते हैं। नगर निगम इन कुत्तों से बचाने का इंतजाम करे।

**-मनोज वैष्णव,** कंचन बाग़

# शहर के युवा व्यवसायी अवि ने की आत्महत्या

## अधजली अवस्था में मिला शव

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के एक युवा उद्यमी की खुद को आग लगाकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। युवक की लाश स्थानीय रेल्वे स्टेशन टिकट घर के पीछे एक खाली जगह में अधजली हालत में गुरूवार रात को मिली। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने परिवार के सदस्यों के बयान के जरिये आत्महत्या करने की पुष्टि की है। मिली जानकारी के मुताबिक शहर के भगवती मेडिकल एवं उमा मेडिकल से संबद्ध अवि खंडेलवाल की लाश गुरुवार देर शाम को स्टेशन स्थित टिकट काउंटर के पीछे मिली। बुकिंग ऑफिस के पीछे खाली पड़े एक जगह में अधजली हालत में युवा उद्यमी की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की शिनाख्ती करते अवि खंडेलवाल की पहचान की। बताया जा रहा है कि 33 साल का युवा उद्यमी बांधाबाजार स्थित अन्नपूर्णा राईस मिल का संचालक था। वह रोजाना राजनांदगांव से बांधाबाजार राईस मिल की देखरेख के लिए आना-जाना करता था। गुरुवार शाम को लगभग 5 बजे के आसपास बांधाबाजार से लौटकर एक दोपहिया वाहन लेकर घर से निकला। बाद में उसके मोबाइल में परिवार के सदस्यों ने संपर्क किया, लेकिन उसकी खोज-खबर नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। रात लगभग 9 बजे स्टेशन के पास उसकी दोपहिया वाहन खड़ी मिली। आसपास जांच करने पर उसका शव पुलिस को मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक दो-तीन वर्षों से शारीरिक परेशानियों के चलते बुरे दौर से गुजर रहा था। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। वह अपने परिवार के साथ रामाधीन मार्ग स्थित निवास में रहता था। जबकि उसका बड़ा भाई और परिजन बसंतपुर में निवासरत थे। सूत्रों का कहना है कि मृतक ने स्वयं आग लगाकर खुदकुशी की है। पुलिस अलग-अलग स्तर पर जांच कर रही है।

# शहर में खुदकुशी और करंट से 2 मौतें

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के बसंतपुर और चिखली इलाके में खुदकुशी और करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। गुरुवार को बसंतपुर के क्लब चौक के रहने वाले महेन्द्र यादव ने सुलभ कॉम्प्लेक्स के पीछे चैनल गेट में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिवार और पुलिस ने आत्महत्या की वजह को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। बताया जा रहा है कि बीती रात को युवक ने गमछे को फंदा बनाकर अपनी जान दी। इधर शहर के चिखली में बुधवार दोपहर को एक निजी कंट्रक्शन साईट में काम कर रहे मजदूर की करंट लगने से जान चली गई। चिखली पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ रोड पर सड़क किनारे कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे 35 साल के जागेश्वर साहू पोल लेकर गाड़ने के लिए ले जा रहा था। उस दौरान पोल का ऊपरी हिस्सा निर्माणाधीन स्थल से गुजरी हाई वोल्टेज बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। जिससे पोल में करंट दौड़ गई और मौके पर ही मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मजदूर को बचाने के लिए एक महिला ने प्रयास किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाईन आवेदन/नामांकन वेबसाईट ऑनलाईन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर किया जा सकता है। उक्त पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2024 है। पुरस्कार से संबंधित विवरण भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं।

# सावधान... आप जागते रहिये, क्यूंकि पुलिस सो रही है...

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शीर्षक थोड़ा अजीब है लेकिन आज के हालात यही हैं। आम जनता को रतजगा करके खुद को सावधान रहने की जरुरत है क्यूंकि जिले भर की पुलिस चिर निद्रा में है और चोरों के हौसले बुलंद हैं। डोंगरगढ़ और राजनांदगांव शहर और देहात क्षेत्र में बीते दिनों आधा दर्जन चोरी के मामले सामने आए हैं। डोंगरगढ़ शहर में एक वायुसेना के अधिकारी और उनके दो पड़ोसियों के घर चोरों ने धावा बोल दिया, वहीं राजनांदगांव शहर के ब्राम्हणपारा और देहात क्षेत्र भानपुरी में भी चोरी की वारदात हुई है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ के रहने वाले हेमंत साहू भारतीय वायु सेना में सार्जेंट के पद पर नागपुर में पदस्थ हैं। वह 28 अप्रैल से परिवार को लेकर नागपुर गए हुए थे। 14 मई की शाम को उनके ससुर ने वायुसेना अफसर को घर में चोरी होने की जानकारी दी। अगले दिन अफसर ने घर के भीतर सामान को चेक किया, तब उन्हें पता चला कि 5 हजार नगद, 50 हजार रुपए कीमत के सोने और 2500 रुपए के चांदी के जेवरात चोर अपने साथ ले गए। इस तरह अफसर के घर से 57 हजार रुपए के नगदी और जेवरात की चोरी हुई।

वहीं चोरों ने उनके दो पड़ोसी शिवराम सिंह और नंदकुमार देवांगन के घर भी चोरी की। दोनों के घर से नगदी समेत 8 हजार और 70 हजार के सोने-चांदी के गहने की चोरी हुई।

इसी तरह राजनांदगांव शहर के सत्यम विहार कॉलोनी में भी एक युवक को निमार्णाधीन मकानों के साथ कॉलोनी के सुरक्षा में तैनात गार्ड ने रंगे हाथ पकड़ा। जिसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से हुई। कॉलोनी के एक मकान में प्रयुक्त होने वाले सामानों की चोरी के संबंध में पुलिस से शिकायत की गई है। कुल 85 हजार रुपए कीमत के सामान को लेकर आरोपी मनीष देवांगन कांकेतरा थैले में भरकर जा रहा था। उसी दौरान निजी गार्डो ने आरोपी को पकड़ लिया।

इधर, लालबाग थाना क्षेत्र के भानपुरी गांव के रहने वाले महेन्द्र साहू 14 मई को घर में ताला लगाकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बुआ घर के शादी समारोह में शामिल होने नया ढाबा गए थे। रात्रि वापस लौटने पर सामने का दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली। अंदर में जांच करने पर 30 हजार नगद समेत सोने-चांदी के गहने मिलाकर कुल 83 हजार की चोरी अज्ञात चोरों ने की। चोरी की वारदातों से संबंधित थाना प्रभारी द्वारा जांच की जा रही है।

कुछ दिनों पहले शहर के ही एक सीए के यहाँ भी चोरों ने धावा बोला था जो अब तक मपुलिसिया पकड़ से बाहर हैं।

### आउटर के क्षेत्रों में गस्ती शून्य, चौक चौराहों पर वसूली जारी

राजनांदगांव जिले के तकरीबन सभी थाना क्षेत्रों की गस्ती की बात की जाए तो वो शून्य ही है। आउटर के क्षेत्रों में रात को एक बार पुलिस की गाडी गुजर जाती है उसके बाद कोई देखने वाला नहीं होता। शहर की बात करें तो यातायात पुलिस चौक चौराहों पर लगातार ग्रामीणों से वसूली करते दिख जाती है लेकिन कानून व्यवस्था व् चोरी व् अन्य मामलों पर रोक लगाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# गोदाम में ईवीएम के साथ गरीबों का डेढ़ हजार क्विंटल चावल भी फंसा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




लोकसभा चुनाव की ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन द्वारा एक गोदाम को स्ट्रांग रूम बनाने गरीबों का राशन भी लॉक हो गया है। बसंतपुर स्थित न्यू कृषि मंडी के एक गोदाम को प्रशासन ने ईवीएम मशीनों के कारण स्ट्रांग रूम बना दिया। गोदाम में रखे डेढ़ हजार क्विंटल चावल का परिवहन पर रोक लग गया है। ऐसे में चावल वितरण की राह देख रहे गरीबों को इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं प्रशासन की सख्ती के कारण गोदाम के कई हमाल बिना काम के घर बैठ गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इस चावल को खाद्यान्न योजना के तहत हितग्राहियों को वितरित किया जाना था, लेकिन चावल स्ट्रांग रूम के कारण अंदर जाम पड़ा है। चावल की देखरेख नहीं होने से सड़न की भी स्थिति बन सकती है। बताया जाता है कि चावल को बचाने के लिए हर पखवाड़े दवा का छिड़काव किया जाता है, ताकि चावल की गुणवत्ता बरकरार रहे। स्ट्रांग रूम बन गए इस गोदाम के बाहर सुरक्षा पहरा काफी सख्त है। प्रशासन ने पूर्व में रखे चावल को बाहर निकालने की व्यवस्था नहीं की। जाहिर तौर पर प्रशासन की यह बड़ी चूक है। अब गरीबों के हक के इस अनाज के खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। गोदाम को चारों ओर से सील कर दिया गया है। सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। इसी परिसर में अलग-अलग गोदामों में 1500 क्विंटल से ज्यादा चावल रखा हुआ है।

उक्त चावल को मध्यान्ह भोजन और आंगनबाड़ी योजनाओं के लिए वितरित भी किया जाना था। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की पेंच में अब यह चावल फंस गया है। बताया जा रहा है कि 4 जून के चुनावी परिणाम के बाद ही गोदाम में स्टॉफ और हमालों को जाने की अनुमति मिलेगी, तब तक चावल के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा तीन लेयर में रखी गई है, ताकि चुनावी नतीजे आने तक किसी भी तरह का विवाद न हो। भाजपा और कांग्रेस की ओर से स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। चावलों के अंदर डंप होने से नुकसान के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की दिक्कतें बढ़ने लगी है। फिलहाल प्रशासन की ओर से गोदाम में रखे चावल को बाहर निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है।

# जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर संतोष शर्मा के निर्देश पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन एवं विधिक सह परिविक्षा अधिकारी किशोर न्याय बोर्ड शरदचंद निषाद की उपस्थिति में जिला जेल गरियाबंद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक हितेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे। साक्षरता शिविर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर ने बताया कि जिला जेल में निरूद्ध बंदियों को अपने प्रकरण के विचारण हेतु गरीबी स्थिति के कारण अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर पाने की स्थिति में विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उन्होंने जेल में निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में बताया। न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड/न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन प्रधान द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को समझाईश देते हुए अपराध की पुनरार्वृत्ति नहीं करने का संकल्प दिलाया एवं बंदियों को जेल नियमावली के अनुसार अनुशासन में रहने को कहा। शरदचंद निषाद द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत लिपकिय त्रुटी वश जो आरोपी 18 वर्ष से कम उम्र के हैं और उन्हें जेल में निरूद्ध किया गया है, ऐसे आरोपी अगर जेल में निरुद्ध हैं, तो जेल अधीक्षक/संबंधित न्यायालय/जेल निरीक्षण समिति जो प्रत्येक त्रैमास में जेल का निरीक्षण करती है उन्हे अवगत करा सकते हैं ताकि उन्हें जेल में न रखकर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेजा जा सके की जानकारी दी गई।

## जलस्तर में वृद्धि के लिए जीआईएस पद्धति से स्थल चिन्हांकन

# कलेक्टर व जिपं सीईओ द्वारा भू-जल संरक्षण व संवर्धन कार्यों का निरीक्षण

- बड़गांव चारभाठा व कलडबरी पहुंचे कलेक्टर व जिपं सीईओ

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव चारभाठा व छुरिया ब्लॉक के कलडबरी में भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जल रक्षा 2.0 के अंतर्गत भू-जल संवर्धन कार्य अधिक से अधिक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव चारभाठा में चल रहे जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों के निरीक्षण दौरान कार्यरत श्रमिकों से बातचीत की। उन्होंने श्रमिकों से मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा जीविका उपार्जन के अन्य माध्यमों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जल रक्षा 2.0 अंतर्गत किये जा रहे भू-जल संरक्षण के तहत किये गये स्ट्रेगर ट्रेन्च एवं मिनी परकोलेशन टैंक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। छुरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत कलडबरी में वृक्षारोपण, तालाब गहरीकरण, मिनी परकोलेशन टैंक, स्ट्रेगर ट्रेन्च के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जल स्तर में वृद्धि के लिए जीआईएस पद्धति से स्थल चिन्हांकित कर कार्य किया जा रहा है, जिसमें निर्मित टैंक की क्षमता, किये गये कार्यों अंतर्गत भविष्य में होने वाले लाभ के संबंध में चर्चा की गई तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नवीन कुमार मसियारे, छुरिया जनपद पंचायत सीईओ नारायण बंजारे के अलावा डोंगरगांव व छुरिया जनपद पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक सहित श्रमिक उपस्थित थे।

# बांस शिल्प एवं गोदना कला के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को दिलाये प्रशिक्षण : कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लघु उद्योग, स्वरोजगार एवं कौशल उन्नयन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में उद्योग, अंत्यावसायी, खादी ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, एनआरएलएम एवं एनयूएलएम विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर अग्रवाल ने हस्तशिल्प विभाग के माध्यम से जिले में निवासरत अधिक से अधिक जनजाति सदस्यों को बांसशिल्प एवं गोदना कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि कमार जनजाति सदस्यों को बांस से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण की विस्तृत प्रशिक्षण दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण पश्चात बांस से निर्मित कलात्मक उत्पादों की बिक्री एवं विपणन भी सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्टर ने शिल्पकारों के पंजीयन एवं उन्हें आवश्यक उपकरण, औजार के वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने उद्योग विभाग अंतर्गत चल रहे योजनाओं एवं औद्योगिक नीति के तहत हितग्राहियों को दिये जा रहे सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बैठक में उद्योग, अंत्यावसायी, खादी ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, हथकरघा, एनआरएलएम एवं एनयूएलएम विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने खादी ग्रामोद्योग के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत पंजीकृत एवं लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर अग्रवाल ने हथकरघा विभाग के तहत बुनकरों को स्वरोजगार के लिए दिये जा रहे बुनकर प्रशिक्षण एवं उनकी स्वरोजगार स्थापना के कार्य योजना के बारे में भी जानकारी ली। हथकरघा विभाग के अधिकारी ने बताया कि फिंगेश्वर में नवीन बुनाई इकाई के तहत ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने किया प्रयास विद्यालय का निरीक्षण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को दिए सफलता के टिप्स

■ कहा - एकलव्य की तरह ध्यान केन्द्रित कर साधें जीवन का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज बिलासपुर के रमतला में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने 12 वीं उत्तीर्ण होने के बाद विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। बोरा ने इन बच्चों को एकलव्य की तरह ध्यान केन्द्रित कर संपूर्ण ताकत के साथ अपने लक्ष्य पर निशाना साधने के लिए प्रेरित किया। उनकी दिक्कते और जरूरतों के बारे में भी जानकारी लेकर उन्हें पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। प्रमुख सचिव ने शहर के चांटीडीह में संचालित शासकीय पोस्ट मेट्रिक कर्मचारी पुत्री छात्रावास एवं वृहस्पति बाजार में संचालित आदर्श पीजी एससी कन्या छात्रावास का भी दौरा कर उपलब्ध सुविधाओं का मुआयना किया। पढ़ाई कर रहे बच्चों की मांग पर आचार संहिता के बाद झण्डा फहराने के लिए चबूतरा, सायकिल स्टेण्ड एवं एक बड़ा फ्रीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि प्रयास आवासीय विद्यालय में इस साल 439 बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित जिलों के गरीब बच्चों को रखकर यहां पढ़ाई एवं खाने -पीने की निःशुल्क सुविधा मुहैया कराई जाती है। फिलहाल कला एवं वाणिज्य संकाय में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक पठन-पाठन की सुविधा है। उन्हें क्लेट, सीए, सीमेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है। श्री बोरा ने प्रयास विद्यालय में कीचन, लाईब्रेरी, कम्पयूटर लैब, टॉयलेट आदि का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई घर की डिजाइन में कुछ सुधारकर रिबिल्डिंग करने के निर्देश दिए। आर्किटेक्ट की सलाह लेकर बच्चों के कमरों को वास्तु के अनुरूप कुछ बदलाव करने को भी कहा है। बालक प्रखंड में साफ -सफाई एवं अव्यवस्था को लेकर प्राचार्य के प्रति नाराजगी प्रकट की और नियमित रूप से सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रयास प्रबंधन से यहां की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लिखित में कुछ सुझाव भी मांगे। प्रमुख सचिव बोरा ने बच्चों से चर्चा करते हुए उनका कैरियर मार्गदर्शन भी किया। नौकरी और कारोबार के विभिन्न उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि यदि आप तरक्की कर समाज में स्थापित हो जाएं तो समाज के वंचित लोगों का भी मदद करें। पढ़ाई के दौरान हमेशा अपने माता-पिता के सपनों को ध्यान में रखकर उसे प्राप्त करने का संपूर्ण प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों का व्यक्तित्व विकास भी जरूरी है। शहर के नामी गिरामी लोगों को विद्यालय में बुलाकर उनका व्याख्यान कराएं ताकि बच्चे उनके अनुभव और देश-दुनिया के बारे में जान सके। उन्होंने प्रयास विद्यालय में बरसात के मौसम में पौधे लगाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण उपरांत संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर कई दिशा-निर्देशभी दिए। डिप्टी कमिश्नर आदिवासी विकास सीएल जायसवाल, ईई पीडब्ल्यूडी सीके पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सरिया और सामान को आम रास्ता में फैलाकर रखने वाले मामले को लेकर सख्त हुए एसपी मोहन

■ भ्रमण के दौरान मौके पर जाकर रोड में रखे सामान को तत्काल हटवाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा भ्रमण के दौरान तपकरा पहुंचे, वहां के एक व्यवसायी को स्टेट हाईवे से लगे आम रास्ता में सारिया एवं अन्य सामान को रखे हुये पाये जाने पर मौके पर जाकर उसे दुर्घटना होने की संभावना के बारे में फ्टकार लगाया गया, जैसे ही फटकार लगी व्यवसायी ने तत्काल रोड को साफकराया, और रोड क्लियर हो गया।

आमजनता, राहगीर को कोई परेशानी न हो एवं आवागमन सुचारू रूप से चल सके। तत्पश्चात् पुलिस अधीक्षक द्वारा तपकरा बस स्टैंड से घनष्याम नगर तक पैदल मार्च कर व्यवस्था को देखा गया तथा दुकानदारों को जरूरी निर्देश दिया गया। मार्ग व्यवस्था बाधित करने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 283 भा.द.सं. के तहत् कार्यवाही की जायेगी। कुछ दिनों पूर्व गंझियाडीह के एक व्यवसायी ने भी रोड किनारे सरिया एवं अन्य सामान को रखकर यातायात व्यवस्था बाधित कर रहा था, जिसे समझाईस देकर तत्काल सरिया इत्यादि को मार्ग से हटवाया गया। यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक काफी गंभीर हैं, पत्थलगांव, तुमला, गंझियाडीह, सरईटोला इत्यादि में यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले व्यवसायी को मौके पर जाकर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त कराया गया है। पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा लगातार जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है एवं संबंधितों को निर्देशित किया जा रहा है। विगत दिवस पत्थलगांव के व्यापारियों एवं आमजनों की मीटिंग लेकर मार्ग व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु सहमति बनी है।

**पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि:-** यातायात संबंधी नियमों का पालन करें, यातायात समस्या के निराकरण में प्रशासन का साथ देवें, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया रिमांड पर, आरोपी गया जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी खरसिया को थाना बालको जिला कोरबा से बिना नंबरी अपराध डायरी अग्रिम विवेचना कार्यवाही के लिए प्राप्त हुआ। चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग द्वारा मामले के आरोपित कान्हू उर्फ कन्हैया दास महंत निवासी जूटमिल रायगढ़ पर असल अपराध धारा 376 आईपीसी 6 पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर तत्काल अपने स्टाफके साथ आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये रायगढ़ में दबिश दिये और आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पीड़ित बालिका की ओर से उसकी मां द्वारा थाना बालकों में 14 मई को अपराध दर्ज कराया गया कि वह अपने मायके बालको में रह रही है। उसके बच्चे उसके दादा-दादी के पास खरसिया में रहते हैं। बीते मार्च महीने उसकी बड़ी लड़की को अपने पास बालको लेकर आई थी। महिला ने उसकी लड़की को कान्हू महंत जूटमिल से मोबाइल पर बात करते देखी और मना की जिस पर लड़की वापस अपने दादा-दादी के पास जाने की जिद करने लगी और बिना बताए 12 मई अकेले खरसिया चली गई। 14 मई को महिला अपनी लड़की के पास खरसिया आई और उससे पूछताछ की तो लड़की ने कान्हू उर्फ कन्हैया दास महंत द्वारा पिछले 1 साल से बहला फुसलाकर शारीरिक शोषण करने की बात बताई। महिला द्वारा थाना बालको में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। चौकी खरसिया पुलिस को अपराध डायरी प्राप्त होने पर चैकी प्रभारी द्वारा महिला संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कान्हू उर्फ कन्हैया दास महंत 29 साल निवासी निवासी जूटमिल रायगढ़ को गिरफ्तार कर आज दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के अपराध में न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है।

# एसडीएम ने पत्थलगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एसडीएम पत्थलगांव आकांक्षा त्रिपाठी ने विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान बीएमओ पत्थलगांव एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजी, सामान्य वार्ड, आईसीयू और भण्डार कक्ष का अवलोकन किया। असपताल में अस्पताल में 29 मरीज सामान्य वार्ड और 1 मरीज आईसीयू में भर्ती थे। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन के 12 मरीज और एन आर सी में 18 बच्चे सकुशल पाए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चादर, भोजन और कूलर इत्यादि की अच्छी व्यवस्था थी। एसडीएम ने सभी कर्मचारियों के अवकाश पंजी को पुनः परीक्षण कर कर्मचारियों के उपस्थित पर विशेष ध्यान देने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया गया।

# कयाघाट में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर जूटमिल पुलिस की कार्रवाई



■ शराब बेचते दो आरोपियों से 81 पाव देशी प्लेन शराब और 11 नग बीयर जप्त, आरोपियों पर आबकारी एक्ट की अलग-अलग कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अवैध शराब पर कार्रवाई के क्रम में कल रात्रि थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में वार्ड क्र. 29 कयाघाट में जूटमिल पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर शराब रेड कार्रवाई किया गया। थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कयाघाट का विजय टण्डन और उसका भाई रवि टण्डन अपने घर दुकान में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहे हैं। शराब रेड की अलग-अलग कार्रवाई में संदेही विजय टण्डन के कब्जे से पुलिस द्वारा 30 पाव देशी मशाला शराब, 32 पाव देशी प्लेन शराब, 11 नग फाइव थाऊजेंड बीयर और संदेही रवि टण्डन के कब्जे से 10 पाव मशाला देशी शराब एवं 09 पाव देशी प्लेन शराब जप्त किया गया है। दोनों रेड कार्रवाई में आरोपियों से कुल 81 पाव देशी प्लेनध्मशाला शराब और 11 नग बीयर कुल कीमती 8,370 रूपये का जप्त किया गया है। थाना जूटमिल में आरोपी विजय टण्डन पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट तथा आरोपी रवि टण्डन पर धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया है।

# एसीबी की टीम ने तहसील दफ्तर के राजस्व निरीक्षक को एक लाख रिश्वत लेते पकड़ा




पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एसीबी की टीम ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय में पदस्थ रिश्वतखोर राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बिलासपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ राजस्व निरीक्षक संतोष देवांगन को पीड़ित किसान की शिकायत पर एक लाख रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। एक पीड़ित ने एसीबी की टीम से आरआई संतोष देवांगन की शिकायत की थी। पीड़ित ने बताया कि जमीन से संबंधित काम कराने के एवज में आरआई ने एक लाख की मांग की। आरआरई ने पैसे लेकर आज शुक्रवार को बुलाया था। आज 1 लाख रूपए नगदी लेकर पीड़ित तहसील कार्यालय पहुंचा था। जैसे ही पीड़ित ने आरआई संतोष को एक लाख दिये वैसे ही एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम को देखकर आरआई हैरान रह गया और माफ करने की गुहार एसीबी की टीम से करता रहा। फिलहाल, रिश्वतखोर आरआई को एसीबी गिरफ्तार कर उसके खिलाफआगे की कार्रवाई कर रही है।

# 'मोर छंइहा भुईया 2' फिल्म प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में 24 को एक साथ होगी प्रदर्शित

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक सतीश जैन ने मोर छंइहा भुईया, झन भुलावा मां बाप ल, मया, हंस झन पगली फंस जाबे और ले शुरू होंगे मया के कहानी जैसी सुपरहिट फिल्मों की अपार सफलता से ये साबित कर दिया हैं, कि प्रादेशिक फिल्में बनाने में उनका कोई जोड़ नहीं है। निर्माता-निर्देशक सतीश जैन 24 साल बाद फिर से नये अंदाज़ में धमाकेदार फिल्म "मोर छंईहा भुईया 2" लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म भी सिनेमाघरों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी ऐसा दावा किया जा रहा है। शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंची फिल्म यूनिट के कलाकार मन कुरैशी,दीपक साहू, हीरोइन ऐल्सा घोष व दीक्षा जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ी इंडस्ट्री में जब-जब नाजुक दौर आया है। तब-तब सतीश जैन ने छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग में उम्मीद की किरण जगाई है। 24 साल बाद "मोर छंइहा भुईया 2" के रूप में सतीश जैन फिर से एक नया धमाका करने जा रहे हैं। तकनीकी रूप से यह फिल्म अब तक की सर्वश्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी फिल्म है। निर्देशक-सतीश जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपराओं को गुथकर गांव व शहर के रहन- सहन तथा पुराने और नये जनरेशन की भावनाओं को दिल की गहराइयों में पिरो कर सजाया गया है। "मोर छंइहा भुईया 2" एक अद्भुत फिल्म है जो मनोरंजन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान व आयाम गढ़ेगी। इस फिल्म में कुल 8 गाने हैं, जो छत्तीसगढ़ी संगीत से लबालब है।यह फिल्म प्रदेश भर के सभी सिनेमाघरों में 24 मई से प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिल्म में मुख्य नायक की भूमिका में मन और दीपक साहू (मोहिनी फेम) ने निभाया है और हीरोइन ऐल्सा घोष व दीक्षा जायसवाल है। पुष्पेंद्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित और धर्मेंद्र चौबे ने खलनायक की भूमिका निभाई है। अन्य कलाकारो में- अनिल शर्मा, प्रीति राजवैद्य, सुरेश गोडाले, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहु, मनोज वर्मा, प्रदीप शर्मा, शीतल शर्मा, रजनीश झांझी, छोटे लाल साहू, डॉ. अजय सहाय, आलोक मिश्रा, शुभम यादव, जॉनसन अरूण, सलीम खान, सुमित दुआ, सचिन शर्मा, जयराम भगवानी, राजेन्द्र कपूर, नकूल महलवार। इस फिल्म के निर्माता निर्देशक सतीश जैन, सह-निर्माता-ललित सिन्हा, सौरभ अग्रवाल, शैलेन्द्र सिन्हा, छायांकन सिद्धार्थ सिंह संगीत सुनील सोनी, बाबला बागची. कार्यकारी निर्माता आलेख चौधरी, गीत- स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया, सतीश जैन, गिरवर दास मानिकपुरी, एसोसिएट डायरेक्टर - सलीम अंसारी, मुख्य सह-निर्देशक- भूपेन्द्र चंदनिया, लाईन प्रोडयूसर सुनील साहू, प्रो. कन्ट्रोलर- हेमंत चंदनिया, खिलेश्वर साहू, संपादन-तुलेन्द्र पटेल, कोरियोग्रॉफर चन्दन दीप, दीपक साहू, ऑडियोग्रॉफी- प्रबोध रंजन साहु, मेकअप गोरा, ग्राफिक्स प्रवीर दास, एक्शन-कुन्द्राथुर एस. बाबू, ड्रेस अशोक गौर, कॉस्टयूम डिजाईन - सरिता जैन, रुनझुन जैन, रिकॉर्डिस्ट नूतन सिन्हा. स्वर-सुनील सोनी, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, श्रद्धा मंडल, कहानी पटकथा संवाद सतीश जैन, म्यूजिक अरेन्जर- प्रफुल्ल बहेरा हैं।

# दुकान में सामान ले रहा था शख्स तभी अज्ञात चोर ले उडा मोटर सायकल

## जिले में लगातार बढ़ रही बाईक चोरी की घटनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में इन दिनों बाईक चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। आये दिन कहीं न कहीं बाईक चोरी की घटनाएं निकलकर सामने आ रही है। इसी क्रम में घरघोड़ा बस स्टैण्ड से एक मोटर सायकल चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम राबो निवासी इंदल राठिया ने बताया कि वह खेती किसानी रोजी मजदूरी का काम करता है। 24 मार्च को वह अपने बजाज प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक 13 एडब्ल्यू 6759 से सामान खरीदने घरघोड़ा गया था। इस दौरान शाम करीब 5 बजे वह बस स्टैण्ड रेस्ट हाउस के पास अपनी मोटर सायकल खडा करके सामान लेने के लिये दुकान तरफ चला गया। जब वह सामान लेकर वापस आया तो उक्त स्थान से उसकी मोटर सायकल गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद मोटर सायकल का कुछ पता नही चल सका। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी मोटर सायकल चोरी कर ली गई। बहरहाल पीड़ित इंदल राठिया ने कल घरघोड़ा थाना पहुंचकर बाईक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 379 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। विदित रहे कि पिछले सप्ताह भर से रायगढ़ जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार बाईक चोरी की घटनाओं को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि जिले में इन दिनों कोई बाईक चोर गिरोह सक्रिय होकर बाईक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।

# 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से

**सक्ती।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार व कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हो सकते है। उपरोक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में सिर्फ सक्ती जिले के बालक व बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, उक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है। इस प्रशिक्षण शिविर में निम्नांकित खेल विधा बैडमिंटन, बालीबाल, फुटबाल, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स तथा ओलंपिक में शामिल खेलों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 20 मई 2024 से 09 जून 2024 तक सुबह 5 बजे से 7 बजे तक और शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक नंदेली मैदान सक्ती में आयोजित किया जाएगा।

## एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा क्राईम मीटिंग लेकर विभिन्न निर्देश दिया गया

# झगड़ेलु ग्रामों में पुलिस की लगेगी चौपाल, विजीबल पुलिसिंग एवं प्रोएक्टिव पुलिसिंग पर जोर दिया गया

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा कार्यालय में क्राईम मीटिंग का आयोजन किया गया, उक्त मीटिंग में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण, रक्षित निरीक्षक एवं थाना/चौकी प्रभारी शामिल हुये। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित अपराध, चालान, मर्ग, राहत प्रकरण, शिकायत, गुम इंसान की थाना/चौकीवार बारीकी से समीक्षा कर थाना प्रभारी एवं संबंधित एस.डी.ओ.पी. को शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही लंबित शिकायत/लंबित विभागीय जॉच/प्रारंभिक जॉच में लगातार कार्यवाही कर समयसीमा के भीतर जॉच कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। लंबित वारंट की तामीली अधिक से अधिक करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिये गये। क्षेत्र में अवैध गतिविधियों होने की सूचना पर कार्यवाही नहीं होने की दशा में जिम्मेदारी तयकर संबंधित थाना/चौकी प्रभारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रकरणों में लंबित राहत प्रकरणों की समीक्षा कर अविलंब निराकरण हेतु आवष्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थाना/चौकी की साफ-सफाई एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की लगातार समीक्षा कर समयसीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना/चौकी के विभिन्न दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में थाना प्रभारी अपने एस.डी.ओ.पी. के साथ मिलकर नियमित विजिट करें एवं दुर्घटना में कमी लाने हेतु आवष्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया।

**लंबित प्रकरण पर नजर**-लंबित पासपार्ट सत्यापन, चरित्र सत्यापन, सिक/अवकाश गैरहाजिर प्रकरण, पीड़ित क्षतिपूर्ती प्रकरण, बंदी छुट्टी प्रकरण, सायबर टीप लाईन, सायबर पोर्टल प्रकरण एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त षिकायतों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने वाले जवाबदावा प्रकरण का समय पर प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देषित किया गया। मीटिंग के दौरान जिला पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा के शाखा प्रभारी उपस्थित रहे, उन्हें भी अपने अपने शाखा के कार्यों को पेंडिंग नहीं रखकर त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना/चौकी में काफी दिनों से पड़े लावारिस वाहन एवं सामान के संबंध में जानकारी लेकर उक्त वाहन एवं सामान को सुरक्षित रक्षित केन्द्र जशपुर में रखवाने हेतु कहा गया। शराब नष्टीकरण के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर नष्टीकरण करने हेतु कहा गया। नये कानून भारतीय न्याय संहिता का ज्ञान होना पुलिसकर्मियों के लिये अति आवश्यक है इस पर विस्तृत चर्चा की गई एवं थाना/चैकीवार विवेचकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कहा गया।

**गांजा तस्करों पर नजर**- पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में गांजा तस्करों, कफसिरप तस्करों एवं अन्य तस्करी के विरूद्ध थाना/चौकी प्रभारी को प्रभावी कार्यवाही कर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु निर्देशित किया गया। दिगर राज्य/जिला से मादक पदार्थ की तस्करी न हो पाये इस हेतु मुखबीर तंत्र को एक्टिव कर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये गये।

**साप्ताहिक चौपाल** - थाना/चौकी क्षेत्र में अनेकों झगड़ेलू ग्राम हैं, इन ग्रामों में प्रति सप्ताह पुलिस की चैपाल लगाकर आमजनों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने हेतु कहा गया है, संबंधित एसडीओपी एवं थाना/चौकी प्रभारी लगातार उन ग्रामों का विजीट करने हेतु कहा गया है। आम जनता से मधुर संबंध बनाये रखें एवं उनका विष्वास जीतें ताकि विषम परिस्थिति में सहयोग प्राप्त हो।

**विजिबल पुलिसिंग पर फोकस**- विजीबल पुलिसिंग एवं प्रोएक्टिव पुलिसिंग पर विशेष फोकस करते हुये कहा गया कि पुलिस के नियमित भ्रमण से असामाजिक तत्वों में भय होता है एवं घटना घटित होने पर धर पकड़ में आमजन से सहयोग भी प्राप्त होता है। नियमित रूप से सराफा बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों में पुलिस द्वारा भ्रमण कर संदिग्धों की चेकिंग करने हेतु कहा गया। क्षेत्र के बैंक में नियमित रूप से जाकर बैंक के अधिकारियों से मिलकर सुरक्षा संबंधी आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**रात्रि गस्त पर फोकस**- रात्रि गश्त को प्रभावी बनावें जिससे की चोरी एवं अन्य घटनाओं में कमी आये। थाना/चौकी क्षेत्र में गश्त, पेट्रोलिंग के लिये फिक्स पाईंट निर्धारित कर कर्मचारियों को ब्रीफकरने के उपरांत वायरलेस सेट एवं गष्त रजिस्टर देकर जवाबदारी तय कर कार्य लें। थाना/चौकी में कर्मचारियों का रोटेशन अनुसार ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कर्मचारियों में सामंजस्य बना रहे।

**गुम इंसान को लेकर गंभीर** -विगत दिवस गुम इंसानों की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया गया था, जिले में सर्वाधिक गुम इंसान थाना पत्थलगांव द्वारा कुल 38 गुम इंसान बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा गया। इस हेतु एसडीओपी पत्थलगांव ध्रवेष कुमार जायसवाल एवं प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी पत्थलगांव भानूप्रताप चंद्राकर को पुलिस अधीक्षक द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बरामदगी में दूसरे स्थान पर रहने वाले थाना प्रभारी बगीचा एवं तीसरे स्थान पर थाना प्रभारी जशपुर को प्रशस्ति पत्र एवं नगद ईनाम देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहें उपस्थित** - बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल कुमार सोनी, एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी, एस.डी.ओ.पी. बगीचा निमिषा पाण्डेय, एस.डी.ओ.पी. पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, भावेष समरथ उप पुलिस अधीक्षक (अ.जा.क./क्राईम), उप पुलिस अधीक्षक (नक्स.आप.) ऐष्वर्य चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक सुरक्षा जशपुर विजय सिंह राजपूत, प्रषिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानूप्रताप चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# दवाओं के सैंपल के साथ रायपुर में होती थी ड्रग की सप्लाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की सेल ने तीन दिन पूर्व नौ लाख रुपये से ज्यादा कीमत के सिंथेटिक ड्रग के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ और मोबाइल की जांच में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। ड्रग तस्कर और पैडलरों से जो जानकारी मिली है, पुलिस उसकी जांच करने की बात कह रही है। ड्रग तस्करी के इस पूरे खेल में आयुश अग्रवाल और महेश सिंह खडगा मास्टर माइंड हैं। पुलिस के अनुसार दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से जो ड्रग्स आता था। आयुश उसे मंगाने के लिए रैपिडो बाइक कुरियर की मदद लेता था। इसके लिए कुरियर के पैकेट में मेडिकल उपयोग की दवा का रैपर लगा दिया जाता था। इस तरह से ड्रग का पार्सल आसानी से आयुश तक पहुंच जाता था। इसके लिए उसे लोकल स्तर पर लड़के रखने की जरूरत नहीं पड़ती थी। पुलिस के अनुसार दिल्ली से ड्रग का पार्सल लाने वाला लड़का एसी सेकंड क्लास में सफर कर रायपुर पहुंचता था। पार्सल लाने वाला लड़का एमआर बनकर दवाओं के सैंपल के साथ ड्रग लेकर रायपुर स्टेशन में पहुंचता था। स्टेशन में पहुंचने के बाद वह ड्रग का पार्सल रैपिडो बाइक कुरियर के हवाले कर देता था।

### जांच के दायरे में फार्म हाउस, होटल

पुलिस अफसर के मुताबिक आयुश जिन होटल और फार्म हाउस में अब तक रुका है, उसकी सूची तैयार कर जांच करेगी। साथ ही पुलिस अफसर ने ड्रग रैकेट में धोतरे मैरिज गार्डन, होटल, पब, कैफे तथा क्लब की संलिप्तता की जांच करने की बात कही। धोतरे मैरिज गार्डन के नाम से है। वहां आनलाइन के जरिए रूम की बुकिंग भी होती थी।

### कैटरर से बना ड्रग पैडलर

पुलिस के अनुसार महेश पूर्व में रायपुर में रहकर लंबे अरसे से पार्टियों में कैटरिंग का ठेका लेने का काम करता था। इसी दौरान महेश, आयुश के संपर्क में आया। महेश का कैटरिंग से मन ऊब गया तो वह रायपुर से दिल्ली चला गया। महेश दिल्ली में किराए पर होटल लेकर संचालित करने लगा। वह मूलतः नेपाल का रहने वाला है। दिल्ली में महेश, नाइजीरियन के संपर्क में आया और उनके माध्यम से आयुश के साथ मिलकर ड्रग तस्करी के धंधे में लिप्त हो गया।

### सीसीटीवी फुटेज की जांच

पुलिस अफसर के मुताबिक आयुश राजधानी के किन होटलों में रुकता था, इसकी डिटेल निकाली जा रही है। इसके साथ ही आयुश होटल में रुकने के लिए किन लोगों के पहचान का उपयोग करता था। पुलिस अफसर ने इस बात की भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है। आयुश का होटलों में चेक इनसे लेकर चेक आउट करने का पुलिस ने होटल संचालकों से सीसीटीवी फुटेज की मांग की है। इससे यह पता चल जाएगा कि आयुश होटल में रुकने के दौरान किन-किन लोगों से मिला है।

# सरकार द्वारा वसूली के लिए व्यवसायियों को धमकाया जा रहा है : दीपक बैज

## जमीनों के व्यापार में 'विष्णु भोग' के लिये बुलडोजर चल रहे छापे मारे जा रहे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पांच माह की भाजपा सरकार वसूली के लिये व्यापारियों को धमका रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा राज के पांच माह में ही अवैध वसूली से व्यापार और उद्योग जगत के लोग परेशान हो गये है। बिल्डर, जमीन व्यापारी, राईस मिलर, छोटे-बड़े व्यवसायी सभी भाजपा सरकार की भयादोहन वाली नीति से परेशान हो गये है। कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला ''रियल स्टेट सेक्टर' भाजपा सरकार की वूसली वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ में बर्बाद होना शुरू हो गया है। छोटे-छोटे जमीन कारोबारियों को धमका कर वसूली किया जा रहा है, जो व्यापारी चढ़ावा देने में असमर्थ है उसके जमीनो का खसरा लॉक करवाया जा रहा है ताकि खरीदी-बिक्री रोक दिया जाये। वर्षो पहले जो लोग प्लाट खरीद चुके है उनके डीपीसी को वाऊन्ड्री वॉल को तोड़ने बुलडोजर भेजा जा रहा है। ऐसा इसलिये किया जा रहा ताकि भयादोहन किया जा सके और भाजपा से जुड़े लोग ही भूमि का व्यापार अनाप-शनाप भाव में कर सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पांच महीने में व्यापारियों को धमकाने, जीएसटी के छापे मरवाये जा रहे उनसे सेटलमेंट के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। छोटे-छोटे व्यापारियों तक के यहां जीएसटी के छापे मार कर परेशान किया जा रहा है। राज्य का व्यापारिक माहौल खराब हो चुका है। प्रदेश में व्यापारी व्यवसाय करने निवेश करने में डर रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राईस मिलरो को प्रोत्साहन राशि देनेके पूर्ववर्ती सरकार के निर्णय पर सवाल खड़ा करने वाली भाजपा के राज में मिलरों से प्रोत्साहन राशि के बदले 30 रू. प्रति टन की वसूली हो रही है। जानकार और भुक्तभोगी यह बताते है कि नान में चावल नहीं जमा करने पर प्रति क्विंटल 2700 रू. लेकर जमा की रसीद दे दी जाती है। संगठित रूप से वसूली का पूरा गिरोह सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। इस मामले की जांच में ईडी और ईओडब्ल्यू क्यों नहीं करती है? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की वसूली वाली नीति के कारण राज्य में पांच महीने में रेत के दाम तीन गुना तक बढ़ गये है। 7000 रू प्रति हाईवा आने वाली रेत 21000 से 24000 रू. हाईवा आ रही है। सीमेंट के दाम भी विष्णु भोग के कारण 30 से 50 रू. बढ़ गये है। पांच महीने में ही सरकार का भ्रष्टाचार सड़कों पर दिखने लगा है। ट्रक वाले ट्रांसपोर्टर वसूली से परेशान है। दूसरे राज्यों से आने वाली माल वाहन छत्तीसगढ़ समान लाने का अतिरिक्त भाड़ा इसलिये ज्यादा मांगती है क्योंकि छत्तीसगढ़ में आरटीओ का खर्चा बहुत ज्यादा है। राज्य में सरकार नहीं वसूली का पूरा गिरोह चल रहा है।

# सीएसआर फंड पर उद्योग प्रभावित जनता का अधिकार उनके विकास पर हो खर्च : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार सीएसआर फंड में गड़बड़ियां करने के लिए उसे अपने प्रभाव में खर्च करने की बात कर रही है सीएसआर फंड में पहला अधिकार जहां पर उद्योग लगा है वही की जनता का है। यह फंड उनके बेहतरी के लिए खर्च होना चाहिए। प्रभावित क्षेत्र के विकास, शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार, पर्यावरण और उद्योग से हो रहे प्रदूषण के बचाव की दिशा में खर्च करने का नियम है उद्योग वहां पर लोगो की बेहतरी के लिये काम कर रहे है या नही यह देखने का उसको सुनिश्चित करने का काम राज्य सरकार का है। यदि सीएसआर फंड का उपयोग का अधिकार राज्य सरकार के हाथ मे चला गया तो सत्ता रूढ़ दल के प्रभावशाली नेता अपने क्षेत्र में उसका उपयोग करेंगे उद्योग के क्षेत्र की जनता के अधिकारों का हनन होगा। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन को पहले अपने केंद्र सरकार से पीएम केयर फंड में राज्य से जमा की गई सीएसआर फंड का हिसाब किताब मांगना चाहिए। पीएम केयर फंड में जमा सीएसआर फंड को किस मद में खर्च किया गया है? पीएम केयर फंड से राज्य को कितना मदद मिला? प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जब केंद्र की भाजपा सरकार मनमानी तरीके से सीएसआर फंड को पीएम केयर फंड में जमा करवा रही थी।

# अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ तीसरे दिन भी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में अवैध प्लाटिंग पर निगम के जेसीबी तीसरे दिन भी चले। जोन 10 के तहत बोरियाखुर्द में कांदुल रोड के पास लगभग 10 एकड़ निजी भूमि में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाया। संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव के काला मैदान में लगभग 2 एकड़ एवं बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। निगम की टीमों ने अवैध प्लाटिंगकर्ताओं ने अवैध मुरूम रोड बना रखा था जिसे थ्रीडी से काटा गया । और सभी प्लाटों की डीपीसी, नींव को थ्रीडी से तोड़ा गया । वहां पहुंचने का मार्ग बाधित किया गया । वहां स्थित निर्माणाधीन भवनों के जारी कार्य को स्थल पर रोकने की कडी कार्यवाही की गई। जोन कमिश्नरों ने बताया कि रायपुर कलेक्टर, निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निवेष विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के स्वामियों की जानकारी मांगी है, और फिर अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध पुलिस में नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

### संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे का निधन, सीएम साय ने जताया शोक

**रायपुर** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे का गुरुवार रात निधन हो गया। उन्होंने 93 साल के उम्र में राजधानी के निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी शोक संवेदना प्रकट की। सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शोक संदेश में लिखा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे के निधन का दुःखद समाचार मिला।

### एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत

**खैरागढ़।** जिले में आज सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। बहन की शादी के बाद दोनों भाई चौथिया रायपुर जाने के लिए सड़क किनारे अपने चाचा का इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को रौंद डाला। यह घटना जालबांधा थाना क्षेत्र के ग्राम बाज़ार अतरिया की है। इस घटना में घोटवानी निवासी लेखू वर्मा के 17वर्षीय पुत्र मयंक वर्मा और उसके मामा राजेश वर्मा के 14 वर्षीय पुत्र सुमित वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक बच्चे का शव ट्रक के नीचे फंस गया था, जिसे पुलिस ने क्रेन की सहायता से बाहर निकाला।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में स्ट्राइव योजनांतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए इंटर्नशिप अवेयरनेस प्रोग्राम 02 दिवस एवं इंटर्नशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 15 दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम एवं उद्यमिता विकास योजना का शुभारंभ 15 मई 2024 से किया गया है। जिसका उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में 2 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला किया जायेगा इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता की बुनियादी अवधारणाओं-सफल उद्यमियों की प्रेरणा दायक कहानियों और व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी दी जावेगी।15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय योजना बनाने, वित्तपोषण प्राप्त करने, मार्केटिंग रणनीति विकसित करने और अपने व्यवसायों का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करेगा। आत्मनिर्भरता यह योजना प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीविका कमाने के लिए प्रेरित करेगी। प्रशिक्षित युवा अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करके दूसरे के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते है 7 आर्थिक विकास यह योजना क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान करेगी। यह योजना आई.टी.आई. बेरला के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को पूरा करने और देश के विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

# एंटी करप्शन ब्यूरो ने छापेमारी कर जल संसाधन के कार्यपालन अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिला मुख्यालय कोण्डागांव में जल संसाधन विभाग कोण्डागांव में पदस्थ कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम के सरकारी निवास में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दबिश देकर छापेमार कार्रवाई की है। कार्यपालन अभियंता पर ठेकेदार से रिश्वत लेने का आरोप है। ठेकेदार द्वारा की गई शिकायत के बाद ये कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम से की है। अधिकारी पर एक्सटेंशन के काम को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 7 लाख रुपए राशि मांगने का आरोप है अधिकारी से बातचीत को ठेकेदार ने टेप कर लिया और मामले की शिकायत की, अधिकारी को ठेकेदार द्वारा 17 मई को पहली किस्त के रूप में 50 हजार की राशि दी गई, इसी समय एसीबी टीम ने छापेमारी की कार्रवाई कर अधिकारी के निवास पर दोपहर तक एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम बंद कमरे में दस्तावेज खंगालती रही,

ज्ञात हो कि इनके पूर्व में भी इसी विभाग के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आर.बी.सिंह, सहायक अभियन्ता चौरसिया व उपअभियंता को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था जिन्हें 2 माह तक जेल की हवा खाना पड़ा था, जिनका मामला कोण्डागांव न्यायालय में विचाराधीन है। जलसंसाधन विभाग संभाग कोण्डागांव में वर्षो से भ्रष्टाचार का खेल खुलेआम चल रहा है,कई अधिकारियों को विभागीय स्तर पर सस्पेंड किया गया था, इसी कड़ी में तुलसीराम मेश्राम को भी रिश्वत मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है।एसीबी अधिकारियों ने गिरफ्तार कर कोण्डागांव न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर जगदलपुर जेल भेज दिया गया है।

18 May 2024 Pride Of Raipur

CITY SAH Yatri
छत्तीसगढ़ में पहली बार
0/- रूपयें में ई-रिक्शा घर ले जाये
ये स्कीम सीमित समय के लिये कहीं मौका हाथ से निकल ना जाये...
आज ही बुक कराये, पहले आए पहले पाएं
आसान फायनेंस सुविधा, एक दिन में गाड़ी लेकर जाये
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स
मो.: 9826777050, 9584500013
• स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर
• हिल्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर

भामरा गार्डन
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
■ KITTY PARTY ■ ANNIVERSARY ■ BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
50% Discount
Special Discount on ADMISSION FEES
Highlight
● Spoken English & Personality Development Classes
● Transport & Surveillance Facility ● Monthly Seminar & Discussion ● Personal attention on each students
● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact:- 07771-4000123

KSR SYMBOL OF TRUST
KisaN The Mark of Excellence
Parryware always in fashion
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000
86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

■ नया बोरवेल्स 4" 5" 6" 8"
■ नया पंप हमेशा उपलब्ध
■ घरेलू पंप रिपेयरिंग का काम किया जाता है।
■ सफाई भी किया जाता है।
पटेल बोरवेल्स
4 1/2" 6 1/2" Contractors
रिंग रोड नं.1, संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड, रायपुर (छ.ग.)
• 9977270388 • 9200003357 • 7999898750

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403